धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

**कात्यायनी**



चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्यादेवी दानव घातिनी॥

नवरात्र के छठे दिन मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा और अर्चना की जाती है। देवताओं का कार्य सिद्ध करने के लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम पर प्रकट हुईं और महर्षि ने अपनी कन्या माना। इसलिए मां अपने इस रूप में कात्यायनी नाम से प्रसिद्ध हुईं। मां कात्यायनी फलदायिनी हैं। भगवान कृष्ण को पति रूप में प्राप्त करने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा कालिंदी यमुना के तटपर की थी। ये ब्रज मंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। इनका स्वरूप अत्यंत भव्य और दिव्य है। इनका वर्ण स्वर्ण के समान चमकीला और भास्वर है। इनकी चार भुजाएं हैं। मां का दाहिनी ओर का ऊपर वाला हाथ अभय मुद्रा में है और नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में है। बायीं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार और नीचे वाले हाथ में कमल पुष्प सुशोभित है। मां कात्यायनी को शहद अर्पित करने पर ये सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं।




गुरुवार को पंचमी के दिन पंचमंदिर हरमू में मातारानी के पंडाल का उद्घाटन करने के बाद जयकारा लगाते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन व अन्य। फोटो समीर




## न्यूज डायरी

### डायन बताकर मां को मौत के घाट उतारा

**दुमका।** रानीश्वर थाना क्षेत्र के बोराबथान में एक कलियुगी पुत्र कांत हेंब्रम ने डायन बताकर अपनी मां की गला दबाकर हत्या कर दी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### रैपिड रेल का नया नाम नमो भारत, आज उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** 20 अक्टूबर को दिल्ली-मेरठ के बीच शुरू होने वाली रैपिड रेल को अब नमो भारत के नाम से जाना जायेगा। आधिकारिक सूत्रों ने कहा है कि पीएम मोदी द्वारा शुक्रवार को उद्घाटन की जाने वाली आरआरटीएस की ट्रेनों को 'नमो भारत' के नाम से जाना जायेगा।

### तस्करी की शिकार 16 लड़कियां हुईं मुक्त

**लातेहार।** मानव तस्करी की शिकार हुईं 16 लड़कियों को लातेहार पुलिस ने मुक्त करा लिया है। पुलिस ने इस दौरान एक लड़के को भी मुक्त कराया है। बरामद लड़कियों में से 12 लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र की हैं।

### अवैध खनन : पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को अवैध खनन मामले के आरोपित पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी है। इससे पूर्व 13 को मामले में सुनवाई हुई थी। इससे पहले भी पंकज मिश्रा इसी केस में रांची ईडी कोर्ट से जमानत के लिए याचिका दायर कर चुके हैं,

### राजा पीटर की जमानत याचिका खारिज

रांची। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने गुरुवार को पूर्व मंत्री रमेश मुंडा हत्याकांड के आरोपित राजा पीटर की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

**तीसरी आंख**




# शराब घोटाले में इडी ने किया योगेंद्र तिवारी को गिरफ्तार

- 40 करोड़ के घोटाले में इडी ने की लंबी पूछताछ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में शराब घोटाले के जरिये मनी लाउंड्रिंग के केस में इडी ने शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को गुरुवार की देर शाम गिरफ्तार कर लिया। इडी ने इसी वर्ष 23 अगस्त को योगेंद्र तिवारी और उनके सहयोगियों के 32 ठिकानों पर छापेमारी की थी। राज्य में साल 2021 में लागू हुई थोक शराब नीति के मामले में दर्ज इसीआइआर में ईडी ने पहली गिरफ्तारी की है।

रांची इडी ऑफिस में तिवारी ब्रदर्स डेढ़ घंटे लेट पहुंचे। दोनों भाईयों के खिलाफ शराब घोटाले के साथ साथ देवघर में राय बंगला की जमीन खरीद में गड़बड़ी और बालू के कारोबार के निवेश की भी जांच ईडी ने की है। ईडी ने जांच में पाया है कि बालू, जमीन, कोयला तस्करी से अर्जित अवैध कमाई का निवेश भी शराब कारोबार में किया गया था। ईडी ने योगेंद्र तिवारी को गिरफ्तार करने के पहले गुरुवार को पूरे दिन पूछताछ की थी। इससे पहले बुधवार को भी एजेंसी के रांची जोनल कार्यालय में इडी ने योगेंद्र तिवारी से पूछताछ की थी। ये शराब घोटाला करीब 40 करोड़ का है। योगेंद्र तिवारी पिछले दिनों पूछताछ के दौरान इडी के सवालों से बचने की कोशिश करते रहे। शराब के व्यापार से जुड़े मामलों में उन्होंने सही-सही जानकारी नहीं दी थी। हालांकि, उन्होंने यह स्वीकार किया था कि वर्ष 2021-22 में उन्हें शराब के थोक व्यापार का ठेका मिला था। 19 जिलों के थोक व्यापारियों के लिए एक जिले के एक ही बैंक से डिमांड ड्राफ्ट बनाये जाने से जुड़े सवाल पर उन्होंने सिर्फ अपनी कंपनी के नाम से बने ड्राफ्ट की जानकारी दी थी।

**पिछले दिनों इडी ऑफिस पहुंचे थे तिवारी :** प्रेम प्रकाश की भूमिका के जुड़े सवालों को भी योगेंद्र तिवारी ने टालने की कोशिश की थी। पिछले दिनों पूछताछ के दौरान योगेंद्र तिवारी ईडी ऑफिस दस्तावेज लेकर आये थे, लेकिन उनमें से अधिकतर दस्तावेज इडी की मांग के अनुरूप नहीं थे।

### इडी की जासूसी का आरोप

सूत्रों के अनुसार योगेंद्र तिवारी इडी के अधिकारियों का जासूसी करवाता था। करीब एक महीने तक ईडी को इसकी भनक नही लगी। जब इस बात की जानकारी ईडी को मिली तो हैरान हो गयी। जामताड़ा के अलग-अलग थानों में इसके खिलाफ कुल 14 प्राथमिकी दर्ज है। सूत्रों के मुताबिक इन्हीं प्राथमिकियों में से दो प्राथमिकी ऐसी हैं, जिनमें उत्पाद अधिनियम की धाराएं लगी हैं। योगेंद्र तिवारी ने अकूत संपत्ति अर्जित की है।

## राज्य स्थापना दिवस पर अपोलो अस्पताल का होगा भूमि पूजन

# राज्य की स्वास्थ्य सेवा मजबूत बना रही सरकार : हेमंत सोरेन

- सरकार गठन के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में लगातार काम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है, ताकि आम जनता को बेहतर और आधुनिक चिकित्सीय सुविधाएं मिल सके। राज्य की जनता को बेहतर और आधुनिक चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इसी कड़ी में गुरुवार को सीएम की उपस्थिति में रांची स्मार्ट सिटी के एरिया बेस्ड डेवलपमेंट क्षेत्र में अपोलो मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निर्माण के लिए रांची नगर निगम और अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड, चेन्नई के बीच सब लीज डीड पर हस्ताक्षर किया गया। अस्पताल का भूमि पूजन राज्य स्थापना दिवस के मौके पर 15 नवंबर को होगा।

सीएम ने इस मौके पर कहा कि झारखंड में पहले स्वास्थ्य व्यवस्था बहुत बेहतर नहीं रही है। 2019 में सरकार के गठन के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में लगातार काम हो रहा है। इस कड़ी में सरकारी अस्पतालों को मजबूत किया जा रहा है। जांच और इलाज की आधुनिक सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही हैं। चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्तियां हो रही है। सीएम ने उम्मीद जतायी कि अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड के साथ यह समझौता विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा। इससे यहां रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे। स्मार्ट सिटी क्षेत्र की लगभग 2.75 एकड़ भूमि पर अपोलो अस्पताल का निर्माण कराया जायेगा। सब लीज 45 वर्षों के लिए किया गया है।



### 15 को अस्पताल का भूमि पूजन

सीएम ने अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड, चेन्नई प्रबंधन से कहा कि वह इस अपोलो मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल को जल्द से जल्द शुरू करें। उन्होंने अस्पताल का भूमि पूजन 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के मौके पर करने का निर्देश दिया। वहीं, अस्पताल प्रबंधन ने सीएम को बताया कि जल्द ही 250 बेड के अस्पताल निर्माण का कार्य शुरू हो जायेगा। पहले चरण में यहां ओपीडी की शुरुआत होगी। अस्पताल में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। सामान्य चिकित्सक और पारा मेडिकलकर्मी झारखंड के होंगे। विभिन्न विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की जायेगी।

# शादी सजा बन जाये, पति पर इतना बोझ डालना गलत

**हाइकोर्ट की अहम टिप्पणी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने गुरुवार को एक पारिवारिक विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए अहम व मार्मिक बात कही। अदालत ने कहा कि पत्नी का भरण-पोषण करना पति का नैतिक दायित्व है, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए कि वैवाहिक जीवनशैली बनी रहे, इसके लिए पति पर इस हद तक बोझ डालना उचित नहीं कि शादी भी उसके लिए सजा बन जाये।

### क्या है मामला

दरअसल, धनबाद फैमिली कोर्ट के एक आदेश के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। जिसपर गुरुवार को हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुभाष चांद की कोर्ट में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि वर्ष 2018 में उसकी शादी हुई। शादी के कुछ दिनों बाद ही उसकी पत्नी ने दहेज और घरेलू हिंसा का आरोप लगाया और वैवाहिक घर छोड़कर अपने माता पिता के साथ रहने लगी।

# अपराधियों ने तीन को मारी गोली, गंभीर

## इटकी में गड़गांव के रंजीत होटल में दिया घटना को अंजाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची, इटकी।** दुर्गा पूजा की सुरक्षा को धत्ता बताते हुए इटकी इलाके में बाइक सवार अपराधियों ने गुरुवार की शाम तीन लोगों को गोली मार कर घायल कर दिया। गोलीबारी कर अपराधी उसी बाइक से फरार हो गये। इटकी थाना क्षेत्र के गड़गांव में रंजीत होटल में उसी गांव के दीपक सिंह व घुमा सिंह तथा भंडरा निवासी नरेश साहू पर अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। तीनों होटल में बैठे थे। नरेश के सिर में जबकि दीपक और घुमा को पैर में गोली लगी है। तीनों शिवसेना से जुड़े बताये जा रहे हैं। तीनों को लोगों ने आनन-फानन में पिस्का मोड स्थित जसलोक हॉस्पिटल में भर्ती कराया। नरेश साहू की स्थिति नाजुक बतायी जा रही है। बताया जा रहा है कि तीनों जमीन कारोबार से भी जुड़े हैं।

### जांच पड़ताल में जुटी इटकी पुलिस

**क्या कहते हैं प्रत्यक्षदर्शी :** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हमलावरों की संख्या छह थी। वे दो मोटर साइकिल पर सवार होकर आये थे। सभी हेलमेट पहने हुये थे। घटना को अंजाम देने के बाद सभी बेड़ो की ओर भाग निकले। लोगों ने अपराधियों को कुछ देर दौड़ाया लेकिन वे फरार होने में कामयाब हो गये। पुलिस संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। सूचना मिलते ही कई वरीय पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच तफ्तीश में जुट गये हैं।

# भाग्यशाली हूं, प्रभु जगन्नाथ की सेवा का अवसर मिलेगा

- केंद्र राज्य संबंध मजबूत बनाने का काम करूंगा
- पार्टी तय करेगी जमशेदपुर में मेरा उत्तराधिकारी
- पार्टी ने बहुत कुछ दिया, आभारी रहूंगा
- यह नया अनुभव है, विधि के अनुसार चलूंगा

**रघुवर दास से खास बातचीत**



**सत्येन्द्र कुमार**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के रोलिंग मिल के एक मजदूर से लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री तक का दायित्व निभा चुके, अपनी स्पष्टवादी राजनीति के लिए पहचाने वाले रघुवर दास को ओड़िशा के राज्यपाल बनाये गये हैं। दुर्गापूजा के बाद श्री दास भुवनेश्वर में राज्यपाल पद की शपथ लेंगे। उन्हें शुभकामनाए देने जमशेदपुर स्थित उनके आवास पर पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं की भीड़ लगी रहती है। इसी दौरान खबर मन्त्र ने उनसे संक्षिप्त बातचीत की।

**सवाल :** राजनीति में संवैधानिक पद आमतौर से रिटायरमेंट के तौर पर देखा जाता है। ऐसे में राज्यपाल पद को लेकर आपकी क्या मान्यता है?

**जवाब :** मैं भाजपा का अनुशासित कार्यकर्ता रहा हूं। पार्टी जो भी काम देती है, उसका मैंने पूरी ताकत से निर्वहन किया है। मैं एक मजदूर था, पार्टी के आशीर्वाद से विधायक बना, मंत्री बना और सीएम के रूप में झारखंड की सेवा का मौका दिया। नये दायित्व मिलने से मैं निजी तौर पर बहुत खुश हूं। इसके लिए पीएम, पार्टी अध्यक्ष, गृहमंत्री सभी का आभारी हूं। भाजपा सिर्फ सत्ता की राजनीति नहीं करती है। जनता की सेवा, सत्ता एक साधन है, साध्य नहीं है। साध्य है जन कल्याण।

**सवाल :** आप हमेशा सक्रिय राजनीति में रहे हैं। आपकी पहचान एक प्रशासनिक मुख्यमंत्री की रही है। अब राज्यपाल के रूप में आप अपनी भूमिका कैसे देखते हैं?

**जवाब :** मैं बहुत ही सौभाग्यशाली हूं कि भगवान जगन्नाथ के क्षेत्र की सेवा का मौका मिला है। एक मजदूर को पार्टी ने जन प्रतिनिधि के रूप में राज्य के विभिन्न विभागों का मंत्रित्व के साथ-साथ 2014-19 तक पांच वर्ष तक सीएम के रूप में झारखंड की सेवा करने का मौका मिला। (शेष पेज 11 पर)

# अपार शांति और अद्भुत शक्ति की अनुभूति का दरबार है मां भद्रकाली

## एक ही शिला पर विराजमान हैं महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती

**पंकज सिंह**

**चतरा।** शारदीय नवरात्र के पवित्र दिनों में हर मंदिर और घरों में श्रद्धालू देवी अराधना में लीन हैं। ऐसा ही देवी दरबार जिले के इटखोरी में मां भद्रकाली है, जहां से लोगों की असीम आस्था जुड़ी है। यहां मां के दर पर मांगी गयी मुराद जरूर पूरी होती है। भद्रकाली मंदिर में श्रद्धालुओं को अपार शांति और अदभुत शक्ति की अनुभूति होती है। लोग दूर-दूर से माता भद्रकाली के दरबार में अपनी मन्नत लेकर पहुंचते हैं। माता के दरबार में जो भी सच्चे मन से शीश झुकाकर मन्नत मांगता है, माता उसकी हर मनोकामना पूर्ण करती हैं। यह मंदिर सिद्ध पीठ में शुमार है। (शेष पेज 11 पर)



### जप, पाठ व पूजन से मिलता है मनोवांछित फल

मंदिर के पुजारियों का कहना है कि नवरात्र के दौरान मंदिर परिसर में जप, पाठ पूजन से मनोवांछित फल मिलता है। यहां साल भर भक्तों की भीड़ रहती है। नवरात्र को लेकर विशेष पूजा पद्धति के लिए मंदिर प्रसिद्ध माना जाता है। यह मंदिर सिद्ध पीठ में शुमार है। पुजारी नागेश्वर तिवारी का कहना है कि माता भद्रकाली की पूजा आदिकाल से होती आ रही है। मान्यता है कि नवरात्र के 9 दिन जो भी भक्त देश की किसी भी कोने से से आकर यहां जो मन्नत मांगते हैं सभी की मन्नत पूरी होती आयी है। शारदीय नवरात्र में यहां पर कलश स्थापना के बाद प्रत्येक दिन पंडितों के द्वारा सप्तशती का पाठ किया जाता है। नवरात्र में मनोकामना कलश रखने का सिलसिला एक कलश से शुरू हुआ था जो साल दर साल बढ़ते चला गया। इस वर्ष पांच दर्जन से अधिक मनोकामना कलश की स्थापना की गयी है।

स्पीड न्यूज

### श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य और अच्छाई पर सेमिनार समपन्न



जमशेदपुर। आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में इंटरेक्ट क्लब जमशेदपुर द्वारा स्वास्थ्य और अच्छाई पर सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार का संचालन स्टील सिटी नर्सिंग होम की डॉक्टर मीनल सुगन्धिं के द्वारा की गई। इस अवसर पर जमशेदपुरलॉटरीक्लब की अध्यक्ष तजिंदर कौर एवं सचिव सीमा भी उपस्थित हुई। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉक्टर साहिबा ने कहा की स्वास्थ्य और स्वच्छता का घनिष्ठ संबंध है आप पढ़े हैं स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है स्वस्थ रहने के लिए हमें प्रतिदिन योगा, ध्यान एवं व्यायाम करना होगा। साथ ही खान-पान,प्रातः उठाना एवं समय पर सोना, अध्यापक, मित्र शिक्षक या अभिभावकों के बातो को लेकर किसी तरह की तनाव की स्थिति से उबरने के लिए आप कुछ समय एकांत में ध्यान कीजिए योगा कीजिए। अपने अभिभावकों, मित्रों और शिक्षकों के साथ तनाव के कारणको साझा करें और जल्दबाजी में किसी फैसले पर न जाएं। वही रोटरी क्लब की अध्यक्ष महोदया ने कहा कि आपका जीवन अनमोल है जीवन को सुंदर ढंग से जीने के लिए आपके विचार अच्छे होने चाहिए अच्छे विचार की उत्पत्ति स्वस्थ मस्तिष्क से उत्पन्न होती हैं और स्वस्थ रहने के लिए आपको अपने नित्य कार्यक्रम में स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देना होगा। विद्यालय की सीनियर कोऑर्डिनेटर रश्मि कुमारी ने कहा की अध्ययन में आने वाले परिस्थितियों के कारण किसी तरह का तनावनले, तनाव मुक्त रहने के लिए खुलकर समस्या को अभिभावक और शिक्षकों के साथ शेयर कीजिए इस तरह तनाव से मुक्त हो सकते हैं शरीर को क्षति पहुंचाने वाला कोई भी कम आपको तनाव से निजात नहीं दिला सकता आज के इस स्वास्थ्य और अच्छाई सेमिनार का उद्देश भी यही है कि आप सजग और सचेत रहें अपने अध्ययन के साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान दीजिए।

### विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल में मना नवरात्र



जमशेदपुर। गुरुवार को विवेकानन्द इंटरनेशनल स्कूल में शारदीय नवरात्र के अवसर पर नारी शक्ति पर आधारित कार्यक्रम, 'शक्ति.. द स्ट्रेंथ विदिन ' का आयोजन किया गया। इसमें सभी शिक्षिकाओं के साथ हाई स्कूल की लड़कियों ने भाग लिया। स्कूल की प्रिंसिपल डॉ निधि श्रीवास्तव ने नारी सशक्तिकरण एवं स्वतंत्रता के सही अर्थ को समझाया। साथ ही उन्होंने नारी शिक्षा को अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि यह बड़े गर्व और संतोष की बात है कि आज की तारीख में स्कूल की कुल संख्या में लगभग पचपन प्रतिशत लड़कियों की हिस्सेदारी है जबकि स्कूल के शुरुआती दिनों में लड़कियां स्कूल ही नहीं आती थीं। स्कूल की छात्राओं, शाइस्ता, राबिया, तुबा, आशना तथा आलिया ने अगमनी गान, सुमैया, जोया, शिप्पी, फरहा, लाइबा, शिफा, अकिफा, तहसीन तथा सोफिया ने प्रभावशाली नाटिका, सानिया और अफसरा ने नृत्य तथा उम्मा एवं सुमैया ने स्पीच प्रस्तुत किये। शिक्षिकाओं में नजर, सुमैया तथा नाजिया ने अपने वक्तव्य दिये। स्वागत तथा संचालन तलहा तथा लतिका टीचर ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन नाजिया टीचर द्वारा किया गया।

### विधायक ने मृतक एवं घायलों के परिजनों को बांटे मुआवजा राशि



चांडिल। गुरुवार को चांडिल वन क्षेत्र कार्यालय में ईचागढ के विधायक सविता महतो ने हाथी द्वारा मृतक एवं घायलों के परिजनों के बीच मुआवजा राशि का वितरण किया। इसमें लापाई बेड़ा के घायल संकरी पहाड़िया को 25 हजार का चेक, पिलिद में जंगली हाथियों के द्वारा मारे गए बंगाल के मुर्शिदाबाद निवासी मृत असरफुल हक के पत्नी जहानारा बिबी को 4 लाख का चेक, जंगली हाथी द्वारा मारे गए बैल के मालिक बानसा के खुचिडीह निवासी लालदेव महतो को 15 हजार का चेक सविता महतो ने दिया। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु माहतो, रेंजर मेनेजर मृधा, राधा रमण ठाकुर, मंत्री महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### ईचागढ में 19 सड़कों को मिला स्वीकृति

चांडिल। ईचागढ़ विधायक सविता महतो के प्रयास से ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के 19 सड़कों के निर्माण का प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। जिसमें नीमडीह प्रखंड में सात, कुकडू प्रखंड में पांच, ईचागढ़ प्रखंड में सात ईचागढ़ के जनता ने सड़कों को स्वीकृति मिलने से सीएम हेमंत सोरेन व विधायक सविता महतो का आभार जताया है। काबलु महतो ने ये जानकारी दी।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा प्रदान कराना प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी

**डीसी व एसएसपी ने दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण को लेकर दिए दिशा-निर्देश**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस लाइन, गोलमुरी में जोनल दण्डाधिकारी, दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बलों की ब्रीफिंग उपायुक्त (डीसी) मंजूनाथ भजन्त्री एवं वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) किशोर कौशल द्वारा की गई।

ब्रीफिंग में बताया गया कि दुर्गा पूजा में पूर्ण प्रशासनिक सतर्कता रखी जानी है। कई पूजा पंडालों में पंचमी से ही पट खुल गए हैं ऐसे में श्रद्धालुओं की भीड़ भी पंडालों में आने लगे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। डीसी ने अपने संबोधन में सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं पुलिस बल को निदेशित किया कि नगर निकाय, अग्निशामक, जिला कंट्रोल रूम, प्रशासन व पुलिस के वरीय पदाधिकारी का फोन नंबर सभी प्रतिनियुक्त बल अपने पास रखेंगे। विसर्जन रूट में कोई अवरोध नहीं हो जैसे कंस्ट्रक्शन मेटेरियल, बिजली के झूलते तार, जर्जर पोल आदि की भी जांच पूर्व से कर लें। शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में पूजा संपन्न हो इसके लिए आवश्यक है कि प्रतिनियुक्ति स्थल पर ससमय योगदान दें, अपने वरीय के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करें तथा अनुशासन के साथ कर्त्वयों का निर्वहन करें। उन्होने पूजा समितियों से समन्वय स्थापित करने पर भी बल देते हुए कहा कि सभी पूजा समिति से वॉलंटियर की सूची लेते हुए उनकी पहचान कर लें।

पंडाल के आसपास अतिरिक्त ड्रॉप गेट की आवश्यकता हो या नागरिक सुविधा में किसी प्रकार से वृद्धि की आवश्यकता महसूस होती हो तो समन्वय बनाकर कार्य करें, सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी की जांच कर लें कि वे कार्यरत हैं या नहीं। पूजा समितियों को प्रदान किए गए अग्निशामक एवं बिजली विभाग का अनापत्ति पत्र भी जांच लें, कोई कमियां हो तो तत्काल दुरुस्त करायें। उन्होने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति में अपने वरीय को तुरंत सूचना दें, सूचनाओं का संप्रेषण त्वरित गति से होनी चाहिए।



बैठक को संबोधित करते सीनियर एसपी किशोर कौशल। मंचस्थ हैं डीसी व अन्य।

### श्रद्धालुओं के साथ उच्च कोटि का व्यवहार रखें जिम्मेदारी से कर्तव्य निर्वह्न करें : एसएसपी

एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि सभी पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल उचित यूनिफॉर्म में ससमय अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर योगदान देंगे। श्रद्धालु उल्लास में पूजा पंडाल घूमने आते हैं, उनके साथ सहयोगात्मक व्यावहार करें, अपने आचरण को उच्च कोटि का रखें जिससे लोगों के बीच प्रशासन के प्रति सकारात्मक संदेश जाए। आपके व्यवहार व आचरण में किसी प्रकार की कोई गलती नहीं होनी चाहिए, मदद करने के लिए हमेशा आगे रहें। मेला में घूमते हुए बच्चे, महिलायें गुम हों तो उन्हें मंच तक पहुंचायें, माइकिंग सिस्टम दुरुस्त रहे। ड्यूटी के दौरान अनावश्यक रूप से फोन नहीं चलायें, सोशल मीडिया का प्रयोग नहीं करें। श्रद्धालुओं को कतारबद्ध होकर दर्शन करायें जिससे भीड़ को व्यवस्थित रखा जा सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम पीयूष सिन्हा, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर दीपू कुमार, सभी बीडीओ, सीओ, डीएसपी व थाना प्रभारी उपस्थित थे।

# टाटा स्टील ने टाटा पावर की कंपनी में हासिल किये 26 फीसदी स्टेक

### कंपनी ने टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लि. से मिलाया हाथ

**स्टील प्लांटों के लिए 379 मेगावाट हाईब्रिड इनर्जी का उत्पादन का लक्ष्य**

खबरमन्त्र ब्यूरो

**मुंबई/जमशेदपुर।** टाटा स्टील लिमिटेड (टीएसएल) ने आज घोषणा की कि उसने टीपीवीएसएल में 26% हिस्सेदारी हासिल करने के लिए टीपीआरईएल और टीपी वर्धमान सूर्या लिमिटेड (टीपीवीएसएल) के साथ निश्चित समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए बातचीत पूरी कर ली है, जो वर्तमान में टीपीआरईएल की स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। टीएसएल 379 मेगावाट कैप्टिव नवीकरणीय ऊर्जा हासिल करने के लिए टीपीवीएसएल के साथ एक फिक्स्ड-टैरिफ दीर्घकालिक समझौते को भी निष्पादित करेगी, जिससे 25 वर्षों की अनुबंध अवधि में 50 मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन की कमी होगी। टीपीवीएसएल 966 मेगावाट सोलर-विंड हाइब्रिड रिन्यूएबल एनर्जी फैसिलिटी स्थापित करेगा जो इसे देश में ग्रुप कैप्टिव सेगमेंट के तहत सबसे बड़ी औद्योगिक बिजली परियोजनाओं में से एक बना देगा। यह व्यवस्था टाटा स्टील जमशेदपुर में मौजूदा कोयला आधारित बिजली उत्पादन के एक हिस्से की जगह ले लेगी और टाटा स्टील कलिंगानगर और लुधियाना, पंजाब में इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस परियोजना की आवश्यकताओं को पूरा करेगी। टी वी नरेंद्रन, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर और प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील ने कहा कि टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी के साथ हमारी साझेदारी 2045 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने की दिशा में टाटा स्टील की सस्टेनेबिलिटी यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम अपने पर्यावरण फुटप्रिंट को कम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और स्वच्छ, हरित ऊर्जा समाधानों की ओर बढ़ रहे हैं, ताकि एक बेहतर कल का निर्माण किया जा सके। डॉ प्रवीर सिन्हा, सीईओ और एमडी, टाटा पावर ने कहा कि टाटा पावर को टाटा स्टील के लिए चौबीसों घंटे चलने वाले हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र को विकसित करने पर खुशी है। यह देश के सबसे बड़े औद्योगिक समूह कैप्टिव संयंत्रों में से एक है और कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी लाकर उनके स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करने में योगदान देगा।



एमओयू के बाद टाटा स्टील के एमडी एंड सीइओ टीवी नरेंद्रन (दायें) से हाथ मिलाते टाटा पावर के सीइओ प्रवीर सिन्हा।

## उत्कल दुर्गापूजा कमेटी के पंडाल का बन्ना गुप्ता और शेखर दा ने किया उद्घाटन





**जमशेदपुर।** कदमा गणेश पूजा मैदान में श्रीश्री उत्कल सार्वजनिन दुर्गापूजा कमेटी के भव्य पंडाल का उद्घाटन गुरुवार की शाम झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता संग श्रीलेदर्स के निदेशक शेखर डे ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर अतिथिद्वय ने पंडाल की कारीगरी को सराहा और नगरवासियों को दुर्गापूजा की बधाई दी।

## अरका जैन यूनिवर्सिटी में दुर्गोत्सव पर आयोजित नवोत्सव का रंगारंग समापन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** अरका जैन यूनिवर्सिटी में दुर्गोत्सव के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय बहुरंगी कार्यक्रम नवोत्सव का रंगारंग व पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के निदेशक सह कुलसचिव अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मां दुर्गा शक्तिस्वरूपा हैं। जगतजननी मां दुर्गा की पूजा शक्ति की आराधना है और दशहरा असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छी की विजय का प्रतीक हैं। यह उत्सव हमें सामूहिकता का सन्देश देता है। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के परिसर निदेशक डॉ अंगद तिवारी एवं वित्त पदाधिकारी ऋचा गर्ग ने भी अपने विचार रखे और छात्र-छात्राओं को दुर्गोत्सव की महत्ता बताते हुए इससे सीख लेने की आवश्यकता बतायी। इससे पूर्व छात्र-छात्राओं ने कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इसमें डांडिया, फैशन शो, नृत्य, गायन, फेस पेंटिंग आदि शामिल था। डांडिया की प्रस्तुति कर छात्र-छात्राओं ने गुजरात की माटी की सुगंध बिखेर दी। फैशन शो में राहुल धल विजेता और संस्कार पांडेय उप विजेता रहे। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## जमशेदपुर वीमेन्स यूनीवर्सिटी में लोकतंत्र विषय पर जागरुकता कार्यक्रम



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कुलपति प्रो डॉ अंजिला गुप्ता के मार्गदर्शन में चुनावी साक्षरता क्लब ने 'लोकतंत्र' विषय पर चुनाव जागरुकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कुलपति ने छात्राओं को चुनावी साक्षरता मतदान के अधिकारों के प्रति जागरूक करते लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में मतदान के महत्व को उजागर किया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ किश्वर आरा द्वारा स्वागत संबोधन किया गया। उप निर्वाचन अधिकारी प्रियंका सिंह ने अपने वक्तव्य में मतदान के दौरान जिन तकनीकी समस्याओं का सामना मतदाता को करना पड़ता है जब मतदाता अपना पता बदलना चाहता है तो किस प्रकार के कदम उठाए जाने चाहिए। नए मतदाता किस प्रकार वोटर कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं?

## गोपाल मैदान में आदि महोत्सव का समापन आज, राजजामा की हल्दी की मांग

आज रात्रि 8 बजे तक शहरीवासी कर सकेंगे खरीददारी

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** गोपाल मैदान में चल रहे आदि महोत्सव मेला सा प्रदर्शनी का समापन शुक्रवार को रात्रि 8:00 बजे हो जाएगा। इस मेले का उद्घाटन 7 अक्टूबर को भारत सरकार के जनजाति मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया था। मेले में अब तक 50 लाख रुपये के उत्पाद बेचे जा चुके हैं। इस मेले में देशभर से आदिवासी हस्तकरघा एवं हास्य शिल्पकारों एवं वनों उत्पाद पर आधारित उत्पादों के स्टाल लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उसे विचार पर आधारित यह मिला है जिसके अनुसार आदिवासी जन समुदाय को उद्यमिता की ओर प्रोत्साहित करना है और उनके उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित एवं मार्केटिंग की सुविधा प्रदान करनी है। यह मेला जनजातीय मंत्रालय से जुड़े ट्राइफेड द्वारा प्रायोजित है। ट्राइफेड के झारखंड बिहार क्षेत्रीय प्रबंधक शैलेंद्र कुमार सिंह राजू ने बताया कि शुक्रवार की रात 8 बजे तक जमशेदपुरवासी मेले में आकर अपने पसंद के उत्पादों की खरीदारी कर सकते हैं। मेले में पहली बार पशमीना के ओरिजिनल शॉल को प्रदर्शित किया गया है जो एक अंगूठी के भीतर से गुजारा जा सकता ह।ै इसी तरह स्टॉल में आकर सरायकेला खरसावां के रायजमा पंचायत क्षेत्र की हल्दी का स्टॉल आकर्षण का केंद्र है। राय जमा की हल्दी देश-विदेश में मशहूर हो चुकी है क्योंकि यह बेहद ऊंचा स्तरीय हल्दी है जिसे क्षेत्र की महिला समूहों के द्वारा उत्पादित एवं प्रसंस्कृत एवं पैकेजिंग कर देशभर में सप्लाई किया जा रहा है। खरसावां प्रखंड के रायजमा क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों के 1250 मुंडा आदिवासी परिवार हल्दी उत्पादन प्रोसेसिंग और पैकेजिंग से जुड़े हुए हैं। केंद्रीय जन जातीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पहल पर ट्राइफेड ने रायजमा के किसानों और महिलाओं को हल्दी की प्रोसेसिंग के लिए तकनीकी सहायता एवं पैकेजिंग मशीनों की आपूर्ति की है राय जमा की हल्दी को ट्राइफैड का नेशनल स्तर पर झारखंड को बेस्ट इनोवेटिव आइडिया का पुरस्कार मिल चुका है। विगत 24 अप्रैल 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी मन की बात में रायजमा के हल्दी और यहां के महिला संगठनों के उत्पादन, प्रोसेसिंग और पैकेजिंग की प्रशंसा कर चुके हैं।

ट्राइफेड के क्षेत्रीय प्रबंधक शैलेंद्र कुमार सिंह राजू बताते हैं की रायजमा क्षेत्र में पहले से ही हल्दी का उत्पादन होते रहा है और यहां की मिट्टी हल्दी उत्पादन के लिए काफी मुफीद है किंतु जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पहल पर और उनके मार्गदर्शन में ट्राइफेड ने यहां के किसानों और उनके घर की महिलाओं को हल्दी की प्रोसेसिंग और पैकेजिंग की क्षमता से लैस किया जिससे उनका आमदनी कई गुना बढ़ गया है।

## खबर एक नजर में

### नीरज सिंह समेत कई ने दी रघुवर को बधाई



भाजपा व्यवसाय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह रघुवर दास को राज्यपाल बनने पर बधाई देते हुए।

### कोल्हान विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ शुक्ला महंती ने किया अभिनंदन



पूर्व कुलपति प्रो डॉ शुक्ला महंती रघुवर दास को बधाई देती हुईं।

### प्रमोद मिश्रा व डॉ अजय चौबे ने किया रघुवर दास का अभिनंदन



सूर्य मंदिर कमेटी के प्रमोद मिश्रा व डॉ अजय ने रघुवर को दी बधाई।

### उत्कल एसो. ने रघुवर दास का किया अभिनंदन



ओडिसा के नये राज्यपाल को बधाई देते उत्कल एसो. साकची के अध्यक्ष डॉ श्रीधर प्रधान, उपाध्यक्ष डॉ संजय पात्र, बादल भुइयां, महासचिव तरुण महंती, सह सचिव विभूति महंती और कोषाध्यक्ष मनीष दास।

### केंद्रीय मुखी समाज मूलनिवासी ने रघुवर दास का किया अभिनंदन



अध्यक्ष हरि मुखी के नेतृत्व में रघुवर को बधाई देते मुखी समाज के लोग।

### मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया पूजा पंडाल का उद्घाटन



जमशेदपुर। बागबेड़ा कॉलोनी, रोड नं० 04 श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के भव्य दुर्गा पूजा पंडाल का स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने फीता काट कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने पूजा अर्चना कर माता रानी से प्रदेशवासियों के जीवन में सफलता, सुख, समृद्धि और शांति प्रदान करने की प्रार्थना किया..।

### खादी को बढ़ावा देने हेतु लोगों को किया जागरूक



खादी आयोग के परिवार जन।

जमशेदपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में पूरे अक्टूबर माह को 'खादी महोत्सव' के रूप में मनाया जा रहा है। इस क्रम में आज झारखंड राज्य खादी व ग्रामोद्योग भवन (बिस्टुपुर केंद्र) के प्रबंधक विभूति कुमार राय के नेतृत्व में उक्त आयोजन हुआ। इस अवसर पर अतिथि के रूप में खादी एंड विलेज इंडस्ट्रीज कमीशन (केवीआईसी) के रांची प्रभारी अशोक कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, रविन्द्र ठाकुर, अशोक वर्मा, आशीष वर्मा, सलिल लकड़ा, मनोज राय, राकेश कुमार बिट्टू, विद्यानंद राय, संतोष वर्मा आदि मौजूद थे। इस दौरान केंद्र के राकेश गुप्ता, सुमन पिंगुआ, संगीता, रूबी, रितिका, कंचन, अनीता हांसदा, सुकुमारी, लीना हेम्ब्रम, पिंकी, देवी, माया प्रधान आदि मौजूद थीं।

# समलैंगिक विवाह नहीं

सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की पीठ ने मंगलवार को सर्वसम्मति से ऐतिहासिक फैसला देते हुए समलैंगिक विवाह को विशेष विवाह कानून के तहत कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा कि इस बारे में कानून बनाने का काम संसद का है। न्यायालय ने हालांकि, समलैंगिक लोगों के लिए समान अधिकारों और उनकी सुरक्षा को मान्यता दी और आम जनता को इस संबंध में संवेदनशील होने का आह्वान किया ताकि उन्हें भेदभाव का सामना न करना पड़े। समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दिए जाने का अनुरोध करने संबंधी 21 याचिकाओं पर प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने सुनवाई की। पीठ ने केंद्र के इस रुख की आलोचना की कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की याचिका शहरी अभिजात्य अवधारणा को प्रदर्शित करती है। पीठ ने कहा कि यह सोचना कि समलैंगिकता केवल शहरी इलाकों में मौजूद है, उन्हें मिटाने जैसा होगा तथा किसी भी जाति या वर्ग का व्यक्ति समलैंगिक हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि विवाह एक स्थिर और अपरिवर्तनीय संस्था है। पीठ मुख्य मुद्दे पर एकमत थी कि अदालत विशेष विवाह कानून के तहत समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता नहीं दे सकती। पीठ ने कहा कि यह कार्य संसद को करना है। भारतीय समाज दुनिया के उन दर्जनों देशों की तरह जिन्होंने समलैंगिता को मान्यता दे दी है वैसा नहीं कर सकता है। समाज आज भी इसे एक मनोविकार मानता है। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने यह तय करने का अधिकार सरकार को दे दिया है जिसमें वर्तमान सरकार इस विषय को अनुमति देने को तैयार नहीं है। भारतीय समाज की जटिलता और ऐसे कानूनों की मान्यता के बीच अभी एक लंबा फासला तय करना है।

# ओलंपिक की मेजबानी

मुंबई में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति यानी आईओसी के 141वें सत्र के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इच्छा व्यक्त की कि भारत वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी करना चाहता है। निस्संदेह, खेलों में देश की बढ़ती भागीदारी व अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों के सफलतापूर्वक निर्वाह ने हमारी साख बढ़ाई है। उसके लिये भारी-भरकम खर्च हेतु भी तैयार रहना पड़ता है। निस्संदेह, भारत दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। आईओसी प्रमुख ने कहा भी है कि भारत ने न केवल आर्थिक क्षेत्र में उपलब्धि हासिल की है बल्कि खेलों के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। लेकिन भारत के लिये इतने बड़े आयोजन का सफलतापूर्वक निभा पाना इतना आसान भी नहीं होगा। इस मार्ग में तमाम तरह की चुनौतियां भी हैं। खासकर यह एक बेहद खर्चीला आयोजन है और संरचनात्मक ढांचे के निर्माण में बड़ा निवेश मांगता है। हम यह न भूलें कि देश में आर्थिक विषमता निरंतर बढ़ी है। समतामूलक समाज के लक्ष्य भी हासिल किये जाने चाहिए। वैसे इन खेलों के आयोजन के इतिहास पर नजर डालें तो दुनिया के कई छोटे देशों की आर्थिकी पर इस महा आयोजन के बाद नकारात्मक असर भी पड़ा है। ओलंपिक आयोजन से जुड़ी कई शंकाओं के चलते कई जानकार इसे घाटे का सौदा भी कहते रहे हैं। यद्यपि टीवी व अन्य प्रसारणों के अधिकार से आयोजक देशों की आय में आशातीत वृद्धि भी हुई है। निस्संदेह, ओलंपिक आयोजन की दावेदारी के लिये हमें कई मानकों-कसौटियों पर खरा उतरना होगा। वैसे 2036 तक देश के विकास की गति और संभावनाओं को दर किनार नहीं किया जा सकता है। भारत की खेलों के आधारभूत संरचना के विकास में बड़ी प्रगति की है। लेकिन वर्तमान सरकार की इच्छा शक्ति आने वाले दिनों में रहे तब यह संभव है।

# पूंजीपतियों को वैश्विक होने से देश को लाभ



ऐंबिट कैपिटल की सलाहकार, अर्थशास्त्री ऋतिका मांकड़ मुखर्जी ने एक दिलचस्प रिपोर्ट लिखी है जिसका शीर्षक है-स्काउटिंग फॉर जाइंट्स। रिपोर्ट भारतीय कंपनियों में परिमाण की कमी से संबंधित है। उन्होंने अलग-अलग दौर और देशों की कंपनियों के आंकड़ों का राजस्व के आधार पर अध्ययन किया और पाया कि भारतीय कंपनियां अन्य देशों की कंपनियों की तुलना में छोटी हैं। देश में छोटी कंपनियां बहुत हैं जबकि वैश्विक आकार की कम।

उनके विश्लेषण में बहुत विस्तृत ब्योरे और कुछ दिलचस्प आंकड़े हैं। उनकी रिपोर्ट के मुताबिक ज्यादा भारतीय कंपनियां अपना आकार बढ़ाने में सक्षम नहीं हैं। 7 फीसदी की वास्तविक (और 13 फीसदी की नॉमिनल) जीडीपी और 2.8 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था के बावजूद हमारी कंपनियां उभरते बाजारों की तुलना में भी बहुत छोटी हैं।

उन्होंने बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा कंपनियों (बीएफएसआई) को छोड़कर 2,865 सूचीबद्ध कंपनियों का अध्ययन किया और पाया कि करीब 40 प्रतिशत कंपनियों का राजस्व एक अरब रुपये से कम है। अर्थव्यवस्था के विकास के बावजूद बीते दशक में यह अनुपात नहीं बदला और न ही छोटी कंपनियों की हिस्सेदारी घटी।

देश की सूचीबद्ध कंपनियों में से 55 प्रतिशत का राजस्व एक अरब से 100 अरब रुपये के बीच है। जबकि 5 प्रतिशत से भी कम कंपनियों का राजस्व 100 अरब रुपये से अधिक है। केवल 12 कंपनियों का राजस्व एक लाख करोड़ रुपये से अधिक है। बीएफएसआई में भी ऐसा ही है। गैर सूचीबद्ध कंपनियों में भी औसत आकार छोटा है।

भारत की तुलना अन्य उभरते बाजारों से की जाए तो अंतर और स्पष्ट है। एक ओर जहां देश की 40 फीसदी कंपनियों का राजस्व एक अरब रुपये से कम है, वहीं उभरते बाजारों में यह 12 फीसदी है। हमारी 55 फीसदी कंपनियों का राजस्व एक से 100 अरब रुपये के बीच है लेकिन उभरते बाजारों में ऐसी कंपनियां 64 फीसदी हैं। हमारी 4 फीसदी कंपनियों का राजस्व 100 अरब रुपये से अधिक है जबकि उभरते बाजारों में यह 15 प्रतिशत है।

छोटी कंपनियां बड़ी क्यों नहीं हो पा रहीं? क्या इसका कोई अर्थ है? इस पर ध्यान क्यों दें? हमारी नीति ऐतिहासिक रूप से आकार और परिमाण के खिलाफ रही है। 1991 से पहले देश में एकाधिकार एवं प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार आयोग (एमआरटीपीसी) के रूप में नियामकीय ढांचा था। हम आर्थिक शक्ति के चुनिंदा हाथों में सिमटने को लेकर चिंतित रहते थे। इसके बाद श्रम कानून, लघु उद्योगों को संरक्षण या अप्रत्यक्ष कराधान आदि के रूप में कानून ने हमेशा छोटी कंपनियों को प्रोत्साहित किया और बड़ी कंपनियों को हतोत्साहित। नियामकीय जटिलताओं के कारण कंपनियों का आकार बढ़ाना कठिन बना रहा। न्यायिक और नियामकीय माहौल भी स्थिर नहीं रहा है। ऐसे में बड़ी कंपनियों में निवेश को प्रोत्साहन नहीं मिला। चुनिंदा क्षेत्रों को छोड़कर हमारा घरेलू बाजार आज इतना बड़ा नहीं है कि वैश्विक परिमाण का समर्थन कर सके। एक लाख करोड़ रुपये से अधिक राजस्व वाली 12 कंपनियों पर नजर डालें तो ये सभी कंपनियां या तो ऊर्जा क्षेत्र की सरकारी कंपनियां हैं, टाटा स्टील और टाटा मोटर्स जैसी कंपनियां या फिर रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और महिंद्रा समूह जैसे बड़े कारोबारी समूह। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज इकलौता अपवाद है जो अपने क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर शीर्ष पर है। कुछ ही ऐसी कंपनियां हैं जिनका आकार भी बढ़ा है और जो घरेलू तौर पर एक उद्योग पर केंद्रित हैं।

हमारी कंपनियां शोध एवं विकास पर भी अधिक व्यय नहीं करतीं। इस विषय पर पहले भी बात हो चुकी है। कंपनियों का आकार छोटा होने के कारण वे शोध एवं विकास पर अधिक खर्च नहीं कर पातीं लेकिन यह कमी नवाचार को प्रभावित करती है। हम वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं का हिस्सा भी नहीं बन सके। यदि हम स्मार्टफोन के मामले में वैश्विक आपूर्ति शृंखला का हिस्सा होते तो कई कंपनियों का स्वरूप बदल सकता था। ताइवान का इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र इसका उदाहरण है जो ऐपल कंपनी की आपूर्ति शृंखला पर आधारित है। प्रतिस्पर्धा और निर्यात को लेकर हमारे झुकाव की कमी जाहिर करता है।


उत्पादकता और परिमाण में सीधा संबंध है। बड़ी फर्म के पास निवेश के लिए संसाधन होता है और वे आधुनिक तकनीक और प्रबंधन अपना सकती हैं। यदि हमारा कारोबारी क्षेत्र छोटा बना रहा तो प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएगा। तकनीक जिस तरह उद्योगों को बदल रही है उसे देखते हुए निवेश ओर आधुनिकीकरण की कमी तथा नए व्यवहार से दूर रहना हमें गैर प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

दो ऐसे रुझान हैं जो इसे बदल सकते हैं। पहला तो यही कि स्टार्टअप का परिदृश्य बहुत अच्छा है। अमेरिका और चीन के बाद भारत सबसे बड़ा स्टार्टअप वाला देश है। सरकार ने इस क्षेत्र में मदद का वास्तविक प्रयास किया है।

देश में करीब 30 यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर का कारोबार) और 2-3 डेकाकॉर्न (10 अरब डॉलर का कारोबार) कंपनियां हैं। इनमें से अधिकांश अगले दो वर्ष तक अपनी जगह बनी रहेंगी। इनमें से ज्यादातर का कारोबारी मॉडल तकनीक आधारित है। तकनीक की मदद से कारोबार का परिमाण तेजी से बढ़ाया जा सकता है। वैश्विक कारोबारी मॉडल वाली अन्य कंपनियां या तो एनालिटिक्स में हैं या सॉफ्टवेयर सेवा क्षेत्र में। इनका विकास तेजी से हो सकता है क्योंकि ये डिजिटल हैं और इनकी भौतिक जरूरतें उतनी नहीं हैं।

जीएसटी और नोटबंदी के साथ अर्थव्यवस्था तेजी से औपचारिक हुई है। ऐसे में आशा यही करनी चाहिए कि बड़ी भारतीय कंपनियां तेजी से स्वरूप विस्तार करेंगी। जोखिम से बचने की प्रवृत्ति आम है और पूंजी केवल बड़े और सुरक्षित कर्जदारों के पास जा रही है।

तमाम क्षेत्रों में हमें यही देखने को मिल रहा है कि बड़े कारोबारी मजबूत हो रहे हैं और सुदृढ़ीकरण कर रहे हैं। इससे जहां उनका आकार तेजी से बढ़ेगा और आर्थिक प्रतिफल तथा मुनाफा बढ़ेगा।



-मनोज शर्मा

> 1991 से पहले देश में एकाधिकार एवं प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार आयोग (एमआरटीपीसी) के रूप में नियामकीय ढांचा था। हम आर्थिक शक्ति के चुनिंदा हाथों में सिमटने को लेकर चिंतित रहते थे। इसके बाद श्रम कानून, लघु उद्योगों को संरक्षण या अप्रत्यक्ष कराधान आदि के रूप में कानून ने हमेशा छोटी कंपनियों को प्रोत्साहित किया और बड़ी कंपनियों को हतोत्साहित। नियामकीय जटिलताओं के कारण कंपनियों का आकार बढ़ाना कठिन बना रहा।

## खास बात

### पूर्वी राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यक

**सुधांशु कुमार**

इन दोनों याचिकाओं में टीएमए पाई और अन्य बनाम कर्नाटक सरकार के मामले में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले का हवाला देते हुए कहा गया है कि नागालैंड, मिजोरम और मेघालय ईसाई-बहुल राज्य हैं।

बाकी राज्यों में भी असम को छोड़ कर ईसाईयों की तादाद ही ज्यादा है। वहां हिंदु अल्पसंख्यक हैं। लेकिन उनको यह दर्जा नहीं मिला है। इन याचिकाओं में सुप्रीम कोर्ट के जिस फैसले का हवाला दिया गया है उसमें शीर्ष अदालत ने कहा था कि राज्यों में आबादी के आधार पर ही भाषाई अल्पसंख्यकों के बारे में फैसला किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि किसी इलाके में जो लोग संख्या में कम हैं उन्हें संविधान के अनुच्छेद 30 (1) के तहत अपने धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए स्कूल और कॉलेज खोलने का अधिकार है। याचिकाओं में कहा गया है कि धार्मिक आधार पर भी अल्पसंख्यकों के बारे में फैसला राज्यों की आबादी के आधार पर ही किया जाना चाहिए, आबादी के राष्ट्रीय औसत के आधार पर नहीं।

इन याचिकाओं में 23 अक्तूबर, 1993 को केंद्र की ओर से जारी उस अधिसूचना को चुनौती दी गई है जिसमें मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, पारसी और जैन तबके के लोगों को अल्पसंख्यक का दर्जा दिया गया था। याचिकाकताओं ने कहा है कि पूर्वोत्तर भारत की बहुसंख्यक आबादी अल्पसंख्यक के दर्जे की वजह से तमाम सरकारी लाभ ले रही है। यह सार्वजनिक धन की बबार्दी की मिसाल है। इलाके के ज्यादातर राज्यों में हिंदू समुदाय अल्पसंख्यक है. लेकिन वह अल्पसंख्यकों को मिलने वाले फायदों से वंचित है। डेलिना खांग्डुप ने मेघालय हाईकोर्ट में दायर अपनी याचिका में वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों के हवाले से बताया है कि राज्य (मेघालय) में ईसाइयों की आबादी 74.59 प्रतिशत है जबकि हिंदुओं की 11.53 प्रतिशत। इसके अलावा आबादी में 4.4 प्रतिशत मुस्लिम, 0.33 प्रतिशत बौद्ध, 0.02 प्रतिशत जैन और 8.71 प्रतिशत दूसरे धर्मों के लोग शामिल हैं। इस कारण उन्हें कठिनाई हो रही है।

## रोचक ट्वीट


केंद्रीय विद्यालय गिरिडीह के नवनिर्मित भवन का उदघाटन किया।मुझे विश्वास है कि केंद्रीय विद्यालय गिरिडीह उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का एक आदर्श मानक स्थापित करेगा यह विद्यालय ठद्गढ के अनुरूप आधुनिक और आत्मनिर्भर बनानेवाली शिक्षा उपलब्ध कराने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

**दोनो** बेटियों ज्योति एवं मधु की हर सम्भव सहायता करें एवं ज़िला खेल पदाधिकारी को निर्देशित करें कि उनकी प्रतिभा को निखारने हेतु हर जरूरी कदम उठाते हुए उनका मार्गदर्शन करें।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**पुरुषार्थी–** संकल्पसिद्ध साधक के लिए जगत में कुछ भी दुर्लक्ष्य नही है मनुष्य मन अनंत ऊर्जा -असीमित शक्तियों का स्त्रोत है। एकाग्रतापूर्वक यौगिक क्रियाओं के अनुवर्तन और ईश अनुग्रह से यथार्थ-बोध संभव है

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

# मृग मरीचिका

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**सीता** बोली मुझे सुनहले चमड़ों वाला मृग ला दें तो मैं आपके बैठने के लिए मृगचर्म बनाऊं। राम ने कहा मैं अभी जाता हूं। लक्ष्मण बैठे देख रहे थे। उन्होंने सोचा मृग को मारने के लिये भगवान खुद चल दिये। मुझे आदेश देते तो मैं मारकर ला देगा। क्या बात है ये खुद चल दिये। वे कुछ समझ पाते इसके पहले राम मृग के पीछे दौड़ रहे थे। आश्चर्य की बात यह कि राम के बार-बार बाण मारने के बाद बाण उसे लग नहीं रहा था। ज्योंही मृग कुछ दूर गया राम ने बाण मार दिया और मृग रूपी मारीच मरने के पहले हाय लक्ष्मण कहा। रामजी समझ गये निश्चिय ही यह छल करने वाला कोई राक्षस है। यहां सीता तैयार बैठी थी। उसने कहा लक्ष्मण तुम्हारे भाई पर कोई संकट आया है। तुम जल्दी जाओ। लक्ष्मण ने कहा कोई संकट नहीं है। सीता बोली तुमने आवाज नहीं सुनी? वे तुम्हें पुकार रहे हैं। लक्ष्मण ने कहा- यह आवाज उनकी नहीं है। मैं बचपन से उनकी आवाज सुना हूं, जानता हूं, यह किसी बनावटी राक्षस की आवाज है। यहां सीता तो नाटक के लिये पहले से ही तैयार थी। लक्ष्मण तुम्हारे अंदर कलुष भावना है। तुम सेवा का नाटक किये हो। तुम मेरे साथ आये हो राम का सेवक बनकर लेकिन तेरे अंदर तो यही भावना है कि राम मर जाएं और तुम्हारी शादी सीता से हो। तेरे अंदर ये भावना है। सुनकर लक्ष्मण कांप गये। मैं क्या कह सकता हूं। फिर भी आप कह रही हैं तो मैं जा रहा हूं लेकिन आप मेरी एक बात मान लिजिएगा। मैं एक रेखा खींच देता हूं। **(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

## कॉर्टून वर्ल्ड

युद्ध और कूटनीति ...



साभारः कॉर्टनमूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### तेल की बढ़ती कीमत

**कच्चे** तेल की कीमतों में गिरावट आई। माना जाता है कि तेल की कीमतों में कमी होने से वस्तुओं की माल ढुलाई का खर्च कम होता है और इससे कीमतें गिरती हैं। विडंबना यह है कि हमारे यहां अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव का हवाला देकर तेल की कीमतों में बढ़ोतरी तो कर दी जाती है, लेकिन उसमें गिरावट के मुताबिक कमी नहीं की जाती।

**– भवेश, गढ़वा**

### गरीबों की सरकार?

**आम** जनता के लिए सस्ते अनाज की सप्लाई के लिए किसानों को जो समर्थन मूल्य सरकार देती थी वह गुजरे जमाने की बात हो जाएगी। कृषि सेक्टर पूरी तरह से मुनाफे से संचालित कार्पोरेट सेक्टर के नियंत्रण में आ जाएगा। आखिर कार्पोरेट के अच्छे दिनों के लिए तो मोदीजी सत्ता में आए हैं। अब जनता ठगी महसूस कर रही है विशेषकर मजदूर और किसान।

**– प्रदीप सिन्हा, हजारीबाग**

# संकट के मित्र इजरायल का साथ देने का वक्त

## सामयिक

**नागेन्द्र सिंह**

**चरमपंथी** संगठन हमास ने इजरायल पर अचानक हमला करके जिस तरह का नृशंस भीषण कत्लेआम किया, उसकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से की गई त्वरित निंदा से यह साफ हो गया है कि भारत अब इजरायल से किसी प्रकार की दूरी बनाने के लिए तैयार नहीं है। हां, भारत की यह दिली चाहत है कि फिलिस्तीनी संकट का कोई स्थायी समाधान निकले। भारत भी इजरायल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। इजरायल भारत के सच्चे मित्र के रूप में संकट के समय लगातार सामने आता रहा है। यह बात अलग है कि फिलिस्तीन मसले पर इंदिरा गांधी के समय आजतक भारत आंखें मूंद कर अरब संसार के साथ खड़ा रहा। कश्मीर के सवाल पर अरब देशों ने सदैव पाकिस्तान का ही साथ दिया। लेकिन, इजरायल ने संकट के समय तो हमेशा भारत की हर तरह से मदद की। हमारे यहां के कुछ तत्व हमेशा इजरायल का खुलकर विरोध ही करते रहते हैं। उनमें वामपंथी मित्र सबसे आगे ही रहते हैं। वे भूल जाते हैं कि इजरायल हमारा संकट का मित्र है। वे युद्ध काल में भी हर पल हमारे साथ रहा है। इन सब तथ्यों की अनदेखी करते हुए हाल ही में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के छात्रों द्वारा फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन किया गया। वर्तमान परिस्थितियों में यह भारत के राष्ट्रहित के खिलाफ ही कार्रवाई मानी जायेगी । इन छात्रों ने फिलिस्तीन के समर्थन में विरोध मार्च भी निकाला। एएमयू के छात्रों का कहना है कि जिस तरह इजरायल द्वारा फिलिस्तीन पर जुल्म किया जा रहा है, वह सही नहीं है।

लेकिन, वास्तव में अभी तो कार्रवाई बिना वजह फिलिस्तीनी आतंकी गुट हमास द्वारा इजरायल के खिलाफ हो रही है । इन छात्रों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से बिना अनुमति लिए ही प्रदर्शन किया। ये भी अस्वीकार्य है। उन्होंने प्रदर्शन के दौरान आतंकी संगठन हमास के कत्लेआम की कोई निंदा नहीं की। ये शर्मनाक भी है। इसे कहते हैं, ह्लउल्टे चोर कोतवाल को डांटे ह्व बहरहाल, अगर हम भारत- इजरायल संबंधों के इतिहास को देखें तो पता चलता है कि भारत ने 17 सितम्बर 1950 को इजरायल को ही आधिकारिक तौर पर मान्यता प्रदान कर दी थी। वह सरदार पटेल का जमाना था । उसके बाद इजरायल के साथ भारत के 1992 में राजनयिक सम्बन्ध स्थापित हुए। वह भी तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने इजरायल के साथ कूटनीतिक सम्बन्ध शुरू करने को मंजूरी दी। इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उसके बाद नई दिल्ली और तेल अवीव में दोनों देशों की एंबेसी भी स्थापित हुईं। इजरायल ने शुरू में राजधानी के बाराखंभा रोड पर स्थित गोपालदास टावर्स में अपनी एंबेसी स्थापित की थी। हालांकि कुछ सालों के बाद इजरायल ने लुटियंस दिल्ली के पृथ्वीराज रोड पर अपनी एंबेसी स्थापित कर ली। अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्रित्वकाल में इजरायल के साथ सम्बन्धों को नए आयाम तक पहुंचाने की ठोस कोशिशें भी की गईं।

इजरायल तब भी भारत के साथ खड़ा था, जब उसे मदद की सर्वाधिक आवश्यकता थी। इजरायल ने 1965 और 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाइयों के दौरान भी भारत को मदद दी। उसने 1965 और 1971 में भारत को गुप्त जानकारियां देकर मदद की थी। 1999 के करगिल युद्ध में इजरायल मदद के बाद भारत और इजरायल खासतौर पर करीब आए। तब इजरायल ने भारत को एरियल ड्रोन, लेसर गाइडेड बम, गोला बारूद और अन्य हथियारों की मदद दी, जबकि इसके लिये भारत को अमेरिका से भी मदद नहीं मिली थी । बेशक, पाकिस्तान के परमाणु बम ने दोनों देशों को नजदीक लाने में मदद की। इजरायल को यह

# समुद्री तट पर सैकड़ों व्हेलों की मौत

## पर्यावरण

**अभय कुमार सिंह**

**ऑस्ट्रेलिया** के वेस्ट कोस्ट तस्मानिया में मार्की हार्बर पर फंसी करीब 460 पायलट व्हेलों के पॉड में से ज्यादातर की मौत हो गई। छिछले तटों की ओर आकर फंसी केवल 50 व्हेलों की जान बचाई जा सकी।

दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया में मार्की हार्बर के पास के छिछले पानी में करीब 460 पायलट व्हेलों का समूह आ फंसा था। तमाम प्रयासों के बावजूद उनमें से केवल 50 व्हेलों को बचाया जा सका. इस पॉड यानि पायलट व्हेलों के समूह के ज्यादातर सदस्य हार्बर के छिछले पानी में थीं जबकि कुछ गहरे पानी की ओर बढ़ने में कामयाब हो गई थीं। पायलट व्हेलें महासागरीय डॉल्फिन की एक किस्म होती हैं, जिसके सदस्य 7 मीटर (23 फीट) तक लंबे और 3 टन तक भारी हो सकते हैं।

कम गहरे पानी में जाकर फंस गई व्हेलों को बचाने के लिए बड़े स्तर पर बचाव अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके लिए व्हेलों के पास भारी मात्रा में ठंडा पानी ले जाकर उन्हें एक झूले जैसी चीज पर टांगने की कोशिश की जाती है और इस तरह उन्हें धीरे धीरे गहरे पानी की ओर ले जाकर छोड़ दिया जाता है।

तस्मानिया के पार्क्स और वाल्डलाइफ सर्विस के क्षेत्रीय प्रबंधक निक डेका ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया, हमने एक ऐसा तरीका आजमाने पर सहमति बनाई, जिसमें पहले एक झूले जैसी चीज को व्हेल के नीचे से गुजारा जाता है जो नाव से जुड़ा होता है। इसके अलावा गहरे पानी में भी क्रू मौजूद होता है।

बचाव अभियान से जुड़े 60 से भी अधिक लोगों में स्थानीय मछुआरे, स्वयंसेवी और पेशेवर शामिल हैं। इस समय यहां पानी इतना ठंडा है कि खास वेटसूट पहन कर काम करने के बावजूद सभी बचावकर्मी छोटी शिफ्टों में काम कर रहे हैं ताकि ज्यादा ठंड लगने के कारण उन्हें हाइपोथर्मिया नाम की स्वास्थ्य परेशानी का सामना ना करना पड़े।

सरकारी संरक्षण एजेंसी में काम करने वाले वन्यजीव जीवविज्ञानी क्रिस कार्लयन ने बताया, हम बड़े और संकट में पड़े जानवरों से निपट रहे हैं। ना केवल इसमें कई कई दिन का समय लग जाता है बल्कि भावनात्मक रूप से भी यह काफी कठिन होता है। कार्लयन कहते हैं कि चूंकि यह एक प्राकृतिक घटना है इसलिए यह स्वीकार कर सकते हैं कि कुछ जानवरों की जान जा सकती है। वैज्ञानिकों को अब तक नहीं पता चला है कि हमेशा समूह में यात्रा करने वाली पायलट व्हेलें कभी कभी समुद्र तटों की ओर क्यों बढ़ जाती हैं. स्तनधारियों की यह प्रजाति आम तौर पर किसी नेता के नेतृत्व में चलती है और अपने पॉड में किसी के घायल हो जाने या परेशानी में पड़ने पर उसे अकेला नहीं छोड़तीं और उसके चारों ओर इकट्ठी हो जाती हैं।

इस इलाके में अकसर व्हेलों को समुद्री तटों पर देखा जाता रहा है। लेकिन इतनी बड़ी संख्या में इन्हें कभी नहीं देखा गया था। इसके पहले सन 2009 में तस्मानिया के पास करीब 200 भटकी हुई व्हेलें दिखी थीं। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के पास के इलाकों में कई किस्म की व्हेलें मिलती हैं।

हर साल ये व्हेलें छोटे समूहों से लेकर 1,000 जैसी बड़ी तादाद में पॉड बना कर दूर दूर के पानी में माइग्रेट करती हैं। 2018 में भी न्यूजीलैंड में इसी तरह फंसने से एक ही हफ्ते के भीतर 200 से अधिक पायलट व्हेलों की मौत हो गई थी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ में जाम से लोग परेशान



**रामगढ़।** दुर्गा पूजा के नजदीक आने के साथ ही शहर के विभिन्न मार्गों में जाम की स्थिति से लोग परेशान हैं। हालांकि उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर शहर के मेन रोड में प्रशासन की ओर से दुर्गा पूजा के दौरान जाम की संभावित स्थिति से निपटने के लिए बांस से बेरिकेडिंग की गई है। पर बावजूद इसके शहर में जाम की स्थिति में सुधार नही दिख रहा है। अचानक लगने वाले जाम से मार्केटिंग के लिए निकले लोगों को भारी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। लोग प्रशासन से जाम की स्थिति से निपटने के लिए और भी कदम उठाने की मांग कर रहे हैं । ताकि लोगों को पूजा के दौरान आने जाने में परेशानी का सामना नही करना पड़े।

### रजरप्पा में बच्चियां बनीं मां दुर्गा

फोटो 06 डीएवी स्कूल की बच्चीयां बनी माँ दुर्गा.

**रजरप्पा ।** शारदीय नवरात्र में इन दिनों रजरप्पा कोयलांचल की मासूम बच्चियां सोशल मीडिया पर मां दुर्गा के रूप में नजर आ रही है। डीएवी पब्लिक स्कूल (जूनियर विंग) रजरप्पा प्रोजेक्ट के बच्चों ने मां दुर्गा की झांकी सजाकर अपनी-अपनी प्रतिभा दिखाई। रजरप्पा की बच्चियां माँ दुर्गा के अलग अलग रूप को धारण कर उसका फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर रही हैं। तस्वीर में खुश नजर आ रहे बच्चे दुर्गा का प्रतीक बने हुए हैं। यह तस्वीर साक्षात नव दुर्गा पूजा के आयोजन को आभासी दुनिया में भी जीवंत करती नजर आ रही है।

### एसवीएम पब्लिक स्कूल में मना नवरात्र



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एसवीएम पब्लिक स्कूल सुंदरनगर भुरकुंडा में गुरूवार को धूमधाम व हर्षो उल्लास के साथ नवरात्र मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बासल थाना के सब इंस्पेक्टर नरेन्द्र प्रसाद ने किया। विद्यालय के निदेशक आरके शर्मा, सचिव इन्दु शर्मा और प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार पांडेय ने सब इंस्पेक्टर नरेंद्र प्रसाद को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मां दुर्गा की नव शक्तियों का स्वरूप धरकर अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। साथ ही अस्त्र-शस्त्र और श्रृंगार से सुसज्जित बच्चों के माता का स्वरूप ने लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस दौरान बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के गीत, नाटक मंचन और संगीत में जीवंत झांकी प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के सभी बच्चे पारंपरिक और सांस्कृतिक वेशभूषा में उपस्थित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के निदेशक आरके शर्मा, सचिव इंदु शर्मा, शिक्षक गुरेन्द्र बल्होत्रा, हेमंत कुमार वर्मा, सबाजिया परवीन, मधु सागर, संध्या कुमारी, लीला, नंदिनी वर्मा, अलीला देवी, आरती, मनीषा, वंशिका सहित विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा।

### सेवा समिति के अध्यक्ष का मना जन्मदिन

**रामगढ़।** झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा का जन्मदिन गुरुवार धूमधाम से मनाया गया। उनके जन्मदिन के मौके पर कई लोगो ने केक काटकर उनके दीर्घायु होने की कामना की। वहीं, शहर के डिवाइन ओंकार मिशन स्कूल में वहां बे बच्चों के बीच अमित कुमार सिन्हा के जन्मदिन के मौके पर कॉपी, कलम व मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर ज्ञान महिला समिति के अध्यक्ष विनोद जायसवाल और डिवाइन ओंकार मिशन स्कूल के सचिव राजेश नागी ने कहा कि हम सभी झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा के दीर्घायु होने की कामना करते हैं। कहा की वे समाज के जरूरतमंद लोगों की हमेशा बढ़ चढ़कर मदद करते हैं।

### पीवीयूएनएल ने बिरसा जैविक उद्यान के शेरों को फिर लिया गोद



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** वन्यजीव संरक्षण प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम में पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) ने रांची के भगवान बिरसा जैविक उद्यान में अपने अभिनव पर्यावरण कार्यक्रम के विस्तार की घोषणा की है। पीवीयूएनएल पतरातू ने 30 सितंबर 2024 तक शानदार एशियाई शेर के जोड़े जया और वीरू के लिए अपने गोद लेने के समझौते को नवीनीकृत किया है। यह निर्णय वन्य जीवन और पर्यावरण के संरक्षण के प्रति पीवीयूएनएल के अटूट समर्पण को प्रदर्शित करता है। बताया गया कि कंपनी लुप्तप्राय प्रजाति के दो उल्लेखनीय प्रतिनिधियों जया और वीरू के भोजन और देखभाल का खर्च वहन करना जारी रखेगी। उनकी भलाई और गोद लेने के समझौते का नवीनीकरण इन अविश्वसनीय प्राणियों और उनके आवास की सुरक्षा के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। वन्यजीव संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए पीवीयूएनएल ने जया और वीरू के परिसर के आसपास एक प्रमुख साइनबोर्ड भी लगाया है। इस साइनबोर्ड में पीवीयूएनएल कर्मचारियों, उनके जीवनसाथी, बच्चों और पतरातू के स्थानीय युवाओं द्वारा योगदान किए गए प्रेरक नारे हैं। यह संदेश हमारी प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करने के महत्व पर जोर देते हैं और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देते हैं। कंपनी के एचओएचआर श्री नीरज कुमार रॉय ने इस पहल के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड की प्रगति को ऊपर उठाना है। उन्होंने कहा कि जया और वीरू के संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करके हम जिम्मेदारी की एक बड़ी भावना को प्रेरित करने की उम्मीद करते हैं। साथ ही वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण प्रबंधन के संबंध में हमारे समुदाय के बीच जागरूकता बढ़ाना चाहते हैं। यह पहल भगवान बिरसा जैविक उद्यान के साथ सहयोग के एक और वर्ष का प्रतीक है। श्री रॉय ने कहा कि पर्यावरण और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने के उनके निरंतर प्रयास अत्यधिक प्रेरणादायक है।

# ताश के पत्तों से लग रही हार-जीत की बाजी

## जुआरियों पर नकेल कसने में नाकाम पुलिस

खबर मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले में ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगायी जा रही है। सूत्रों ने बताया कि शहर के कुछ होटलों व खुले क्षेत्रों में भी बड़े पैमाने पर जुआ खेलते जुआरियों को देखा जा सकता है। मटवारी, कोर्रा, ओकनी, लाखे, जबरा, पेलावल आप जिस क्षेत्र का नाम लीजिये शहर के हर इलाके में आपको शाम होते ही जुआरी पत्ते बांटते देखे जा सकते हैं। आम आवाम परेशान है। इन जुआरियों की रौब और हनक का आलम यह है कि किसी की हिम्मत कि इनके खिलाफ पुलिस के पास शिकायत कर सके। सूत्र बताते हैं कि पुलिस को भी इनकी जानकारी होती है लेकिन पुलिस इनपर कार्रवाई करने से गुरेज करती है। बताया जाता है कि कुछ पुलिस वाले को नजराना भी दिया जाता है। अब इस बात में कितनी सच्चाई है ये तो कहा नहीं जा सकता लेकिन कार्रवाई नहीं होने से सन्देह उत्पन्न होना लाजिमी है।

**केस न.1:** कोर्रा थाना क्षेत्र के मटवारी भुइयां टोली में स्थित क्लब के समीप हर रोज लाखों के दांव लग रहे हैं। शाम होते ही शहर व आस पास के जुआरियों का जमघट वहां लगता है। इसमें अधिकांश युवा शामिल होकर अपने भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं। घर की जमा पूंजी हारने के बाद उक्त युवक अपराध की तरफ अग्रसर हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने इस सम्बन्ध में कई बार जुआरियों को उक्त स्थान पर जुआ खेलने से रोकने का प्रयास किया लेकिन जुआरी मानने के बजाय विवाद करने पर आमादा हो जाते हैं।

**केस न. 2 :** जबरा से सटे श्मशान घाट के पीछे खेत में शहर व आस-पास के गांवो के बड़े जुआरी शाम होते ही अपने निजी वाहनों से वहां पहुंच रहे हैं। देर रात तक वहां लाखो के दांव लगते है। सूत्रों के अनुसार, उक्त स्थल पर देर शाम रविवार को दो गुटों में पैसो को लेकर जमकर मारपीट हुयी थी। जो बाद में सिंघानी हाईवे पर लड़ाई में तब्दील हो गयी थी। बाद में लोगो की मध्यस्थता के बाद लड़ाई झगड़ा बंद हुआ और सभी जुआरी राजी खुशी से फिर से अपना दांव लगा रहे हैं।

## रामगढ़ इनडोर स्टेडियम में महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का स्वागत

# हॉकी चैंपियनशिप का झारखंड में होना सम्मान की बात : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** रांची में 27 अक्टूबर से होने वाले महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी-2023 का गुरुवार को इंडोर स्टेडियम, रामगढ़ में स्वागत एवं अनावरण किया गया। डीसी चंदन कुमार, एसपी पीयूष पांडेय, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन सहित जिले के अन्य वरीय अधिकारियों एवं कर्मियों ने हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लेते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। साथ ही संयुक्त रूप से ट्रॉफी का अनावरण किया।

डीसी चंदन कुमार ने कहा कि महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप का झारखंड में होना सम्मान का विषय है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रत्येक पंचायत में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को खेल उपकरण भी उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे जिले के हर क्षेत्र से हर खेल में खिलाड़ी उभरें और विश्व पटल पर रामगढ़ का नाम रोशन करें।

एसपी पीयूष पांडे ने हॉकी खेल जगत में झारखंड की बेटियों की सराहना करते हुए कई खिलाड़ियों का उदाहरण प्रस्तुत किया। साथ ही उनसे प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से न केवल खिलाड़ियों का हौसला बढ़ता है, बल्कि खिलाड़ियों में राज्य व देश के लिए कुछ करने की इच्छा भी जागृत होती है। उन्होंने सभी से अपील किया कि खेल जगत में खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध प्लेटफार्म का लाभ अवश्य उठाएं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

इनमें जूडो से चांदनी कुमारी एवं पीयूष कुमार राणा, कराटे से चंद्र प्रकाश उपाध्याय एवं रक्ष रानी, वॉलीबाल से साजन करमाली एवं नैना कुमारी, बॉक्सिंग से तुषार कुमार, बैडमिंटन से विनीत कुमार, प्रियांशु कुमार एवं पवन गोपाल, फुटबॉल से प्रेम कुमार एवं मो. आतीफ, निशानेबाजी से सोनू प्रताप सिंह एवं मोहित कुमार को सम्मानित किया गया।

### वन विभाग ने आरा मशीन को उखाड़ा

**बड़कागांव।** सोनबरसा गांव में अवैध रूप से आरा मशीन संचालन को लेकर गुप्त सूचना पर बड़कागांव प्रभारी वनपाल संतु कुमार के नेतृत्व में वन विभाग के द्वारा औचक छापेमारी की गई। संतु कुमार ने बताया कि छापामारी में लगभग सवा लाख रुपया का आरा मशीन संचालित यंत्र के अलावा ?15000 का शीशम सखुआ व अन्य चिरान की गई लकड़ी बरामद किया गया है। छापेमारी में विनोद बेसरा, कृष्ण महतो, अजय यादव, अमर साहू, संजय यादव, जगन्नाथ रजवार, संतोष रजक, केशव महतो, नजीर हुसैन , मृणाल भास्कर शहीत अन्य शामिल थे।

### रंजीत चंद्रवंशी ने रघुवर दास को दी बधाई

**बरही।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओडिशा के राज्यपाल बनाए जाने पर भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चन्द्रवंशी ने दी बधाई। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है, जिसका मंडल अध्यक्ष भी राज्यपाल जैसे गरिमामयी पद पर आसीन हो सकता है। उन्होंने कहा कि रघुवर दास जी के नेतृत्व में झारखंड विकास के दौड़ में तेज गति से आगे बढ़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विचार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास को रघुवर जी ने आगे बढ़ाने का कार्य किया था। उन्होंने कहा कि रघुवर के कार्यकाल में झारखंड के सभी प्रमंडलों में अप्रत्याशितरूप से विकास किया था। दलित, आदिवासी व पिछड़ा से लेकर महिलाओं तक के लिए विशेष रूप से योजनाएँ लागू की गई थी।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्रों ने आठ गोल्ड व सात सिल्वर मेडल जीता

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित 34 वां क्षेत्रीय खेलकूद(एथलेटिक्स )समारोह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रजरप्पा में संपन्न हुआ। समारोह में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,कुम्हारटोली, हजारीबाग के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न इवेंट में 8 गोल्ड मेडल 7 सिल्वर मेडल एवं 1 ब्रॉन्ज मेडल जीत कर विद्यालय का नाम रोशन किया। बच्चों ने कुल 16 पुरस्कार जीते। प्रतियोगिता के बाल वर्ग में नैन्सी तिवारी लंबी कूद पहला स्थान 4.100= रिले रेश पहला स्थान, किशोर वर्ग में नूपुर कुमारी 800 मीटर पहला स्थान, शिल्पी रानी लंबी कूद दूसरा स्थान, नंदनी बाधा दौड़ 400 मीटर तीसरा स्थान, तरूण वर्ग में आशा कुमारी 100 मीटर पहला स्थान, डॉली कुमारी लंबी कूद दूसरा स्थान, डॉली कुमारी ऊंची कूद दूसरा स्थान ,डॉली कुमारी बाधा दौड़ 110 मीटर दूसरा स्थान ,काजल कुमारी भाला फेंक दूसरा स्थान ,साक्षी राज पांडे तार गोला फेंक दूसरा स्थान, नंदिनी कुमारी 1004 रिले पहला स्थान, 4. 400 रिले पहला स्थान, तरूण वर्ग में आशा कुमारी4.100 रिले पहला स्थान, तरूण वर्ग आशा कुमारी,डॉली कुमारी, एवं तरुण वर्ग में आशा कुमारी 400मीटर दूसरा पुरस्कार जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। क्षेत्रीय खेलकूद त्प्रतियोगिता में विद्यालय के बहनों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने से विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव संजय उपाध्याय एवं प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने विजेता बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### अपराधियों की बढ़ती गतिविधि से दहशत

**कटकमसांडी।** इन दिनों नक्सलियों का खौफ दिखाकर क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों द्वारा लगातार हत्या, लूट, आगजनी आदि वारदातों को अंजाम दिए जाने से दहशत का माहौल है। एक वर्ष पूर्व भी नक्सली पहचान दिखाकर कूद गांव के समीप सड़क निर्माण मे लगे वाहनों को आग के हवाले किया गया था। बाद में पुलिस द्वारा पकड़े गए युवकों से पूछताछ में इस बात का खुलासा किया था। ठीक उसी तर्ज पर एक दिन पूर्व रेलवे निर्माण कार्य में लगे वाहनों को भी आग के हवाले किया जाना अपराधियों का ही कुकृत्य माना जा रहा है। घटनास्थल पर छोड़े गए पर्चा से यह घटना नक्सलियों का नही, बल्कि अपराधियों का है। यह पर्चा नक्सल भय दिखाने के मकसद से अपराधियों द्वारा पुलिस प्रशासन को दिग्भ्रमित करने के लिए छोड़ा गया ।

# अनमोल बचपन स्कूल में मना नवरात्र



खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एसएससी कैंपस में अवस्थित अनमोल बचपन स्कूल स्कूल में गुरूवार को धूमधाम व हर्षो उल्लास के साथ नवरात्रि उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां दुर्गा की पूजा-अर्चना सहित कन्याओं एवं प्राथमिक विद्यालय को छात्राओं को भी देवी स्वरूप ही पूजन कर की गई। साथ ही अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई में अपना भरपूर सहयोग देने की बात कही गई। नवरात्रि उत्सव में कक्षा नर्सरी से 5वीं तक के विद्यार्थियों ने पारंपरिक पोशाक में उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान बच्चों ने राम-लक्ष्मण, सीता, हनुमान के वेशभूषा में आकर्षक झांकी प्रस्तुत की, जो आकर्षण का केंद्र रहा। मौके पर संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति की विश्व में विशिष्ट पहचान है। श्रद्धालु भक्ति भाव से मां दुर्गा की पूजा करते हैं। माता दुर्गा बुराई पर अच्छाई की जीत एवं नारी शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सत्य को कितनी भी कठिनाई आए या दुख सहना पड़े लेकिन अंत में उसी की जीत होती है। निदेशक श्री सिंह ने नवरात्रा की बधाई देते हुए बच्चों को सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सबों को आपसी भाईचारगी व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा मनाने की अपील की। विद्यार्थियों ने मां दुर्गा, मां सरस्वती, माता लक्ष्मी, भगवान गणेश, भगवान कार्तिकेय, महिषासुर आदि का वेशभूषा धारण कर पारंपरिक परिधान में मां दुर्गा के गीत पर आकर्षक एवं मनमोहक डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## एक नजर में

### एथलेटिक्स में दीपक ने जीता सिल्वर मेडल



**विष्णुगढ़।** भेलवारा पंचायत अंतर्गत सियारी निवासी दीपक कुमार महतो पिता भेखलाल महतो ने एथलेटिक्स इंटर स्टेट चैंपियन में अपना परचम लहरया है। इस क्षेत्र में दीपक महतो जिला से लेकर राज्य स्तरीय चैंपियन में भाग ले कर अपने नाम कई मेडल कर चुकें है। अब कोलकाता में चल रहे ईस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स में तीन हजार मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान में अपना जगह बना चुके दीपक महतो को सिल्वर मेडल मिला है। अब नेशनल जूनियर एथलेटिक्स में अपना लोहा मनाने की तैयारी में दिन रात पसीना बहा रहें है। बतातें चले की अगले माह नवम्बर में तमिलनाडु में आयोजित रास्ट्रीय स्तर के एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दीपक खेलेंगे दीपक कुमार के कार्यो की चर्चा पूरा पंचायत में है। मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो समेत गांव के लोगों ने कहा की जीस तरह दीपक नाम है उस तरह से गांव और पंचायत को दीपक के प्रकाश से रौशन हुआ है। लोगों ने दीपक के उज्जवल भविष्य की कामनायें की हैं।

### पदमा एकल विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता



**पदमा।** एकल विद्यालय अभ्युदय युथ क्लब के बैनर तले पदमा प्रखंड में संचालित एकल विद्यालय में शिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से परतन शिव मंदिर मैदान में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । एकल संच प्रमुख सरिता देवी एवं एकल संच अध्यक्ष सुबोध कुमार शर्मा ने बच्चों के घर घर जाकर शिक्षा के साथ खेलकूद की अनिवार्यता को बताते हुए बच्चों को खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये प्रेरित किया जिसका प्रतिफल सौ प्रतिशत रहा एकल विद्यालय के 210 बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। एकल विधालय परिवार को प्रोत्साहित करने के लिये ग्राम स्वराज संघ के नरेस पासवान समाजसेविका साबी देवी एवं तैलिक समाज के राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति सह टी एस एस संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू उपस्थित रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में एकल विद्यालय के आचार्या बहने, प्रखंड सचिव मनोज गुप्ता, ग्राम स्वराज मंच के प्रखंड अध्यक्ष सकेंदर मेहता प्रखंड विहिप अध्यक्ष राजेश मेहता, बजरंग दल प्रखंड संयोजक पंकज मेहता, उदय मेहता, समाजसेवी गोविंद मेहता, सुरजपुर मुखिया सीताराम मेहता पसंस कुलदीप रविदास , राजेश पासवान , सुरेंद्र सहित कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

### जिप सदस्य ने किया दवा दुकान का उद्घाटन



**बड़कागांव।** डेली मार्केट बसरिया रोड स्थित पूर्व सरपंच रुद्र नारायण महतो के आवास में अंग्रेजी दवा के थोक विक्रेता आर एन एम डिस्ट्रीब्यूटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिप सदस्य सुनीता देवी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुनीता देवी ने कहा कि इस थोक अंग्रेजी दवा का दुकान खुलने से बड़कागांव की जनता को थोक भाव से दवा का लाभ मिलेगी। इस अवसर पर उपप्रमुख वचनदेव कुमार,मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया मोहम्मद तकरीमुला खान,जीप प्रतिनिधि मो इब्राहिम,पूर्व सरपंच रुद्र नारायण महतो,दुकान संचालक प्रेम कुमार,रंजीत कुमार, गोपाल महतो,राजू कुमार सिंहा,मुकेश कुमार, कामेश्वर महतो, गणपति महतो, बालेश्वर महतो सहित अन्य गण्य मान्य लोग उपस्थित थे।

### टाटीझरिया में कांग्रेस ओबीसी की बैठक संपन्न

टाटीझरिया। बाबा बालकनाथ मंदिर परिसर में चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी के हाथों को मजबूत बनाए जाने के संदर्भ में पार्टी के टाटीझरिया ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष रामशरण प्रसाद के अध्यक्षता में बुधवार को बैठक की गई । टाटीझरिया ओबिसी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष भराजो पंचायत के अमनारी गांव निवासी रामशरण प्रसाद ने पार्टी को मजबूत बनाने का आश्वासन दिया । बैठक का संचालन किशोरी यादव ने किया ।


**कार्यालयः- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा**

पत्रांक................(DHS) कोडरमा, दिनांक......... / 10 / 2023

**Expression of Interest (EOI)**

**आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य** योजना अंतर्गत कोडरमा जिले के सदर अस्पताल कोडरमा के लिए बाह्य स्रोत से जनरल सर्जरी और स्त्री रोग सर्जरी हेतु निजी अस्पताल/डॉक्टर **को सूचीबद्ध किया जाना है**। उक्त के दर निर्धारण हेतु इच्छुक अस्पताल/विशेषज्ञ चिकित्सक से मुहरबंद EOI दिनांक 31.10.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक जिला आयुष्मान केंद्र, सदर अस्पताल कोडरमा, पिन- 825410 के पते पर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा सीधे कार्यालय में EOI आमंत्रित की जाती है। प्राप्त EOI दिनांक 02.11.2023 को अपराह्न 4:00 बजे EOI निस्तारण समिति के समक्ष खोला जायेगा। EOI खोलने के समय EOI दाता स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि को रहना अनिवार्य है। EOI के नियम एवं शर्ते www.koderma.nic.in के वेबसाईट से डाउनलोड की जा सकती है।

सिविल सर्जन-सह-सचिव
जिला स्वा0 समिति, कोडरमा

PR 309634 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)#D



**उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यलय, गुमला**
**(जिला बाल संरक्षण ईकाई)**

**: आवश्यक सूचना :**

महिला, बाल विकास एवं सामजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड राज्य बाल संरक्षण संस्था, झारखण्ड, रॉंची के निदेशानुसार आने वाले दिनों में विभिन्न त्योहारों के दौरान बच्चों का मेला, पंडाल, भीड़ होने की संभावना है, जिसमें बच्चों के गुम होने, परिवार से बिछड़ने/भटकने की सूचना विभिन्न स्त्रोंतो से प्राप्त होती रहती है। इससे निपटने हेतु जिले में आवश्यक तैयारी यथाः खोया-पाया की सूचना नीचे दिये गये नम्बर पर किया जा सकता है।

1. चाईल्ड हेल्प लाईन कंट्रोल रूम, गुमला के टोल फ्री नम्बर- 1098 / 112
2. बाल कल्याण समिति, गुमला मो0नं0 - 7991146920 / 8210007989
3. जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, गुमला मो0नं0 - 8210499054

प्रभारी जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी,
गुमला

PR 309600 Women, Child Development & Social Security (23-24)_D



**झारखण्ड सरकार**
**(उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग)**
**राजकीय पोलिटेकनिक, कोडरमा-825410**
दूरभाष नं0 9934519595 • Email - gmti.koderma@rediffmail.com

निविदा सं0 613 दिनांक 16.10.2023

**अल्पकालीन निविदा**

राजकीय पोलिटेकनिक, कोडरमा में संचालित अभियंत्रण शाखाओं (खनन अभियंत्रण, कम्प्यूटर अभियंत्रण एवं इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन अभि0) एवं सामान्य विषयों यथा गणित, विज्ञान, मैनेजमेंट एवं लैंग्वेज से संबंधित डिप्लोमा स्तरीय पुस्तकें जो झारखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, रांची द्वारा निर्धारित पाठयक्रम के आलोक में प्रचलित है के लिए इच्छुक प्रतिष्ठानों/ अधिकृत विक्रेता /प्रकाशक / वितरक से पुस्तकों की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा संस्थान में दिनांक 25.10.2023 से 06.11.2023 तक कार्यालय अवधि में जमा किया जा सकता है।

विलम्ब से प्राप्त किसी निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा। पुस्तके नये एडिसन की होनी चाहिए एवं स्टीकर लगा मूल्य संबंधी पुस्तकें मान्य नहीं होगी। पुस्तकों की बाईडिंग मजबुत एवं स्पष्ट होनी चाहिए।

निविदा में पुस्तकों के क्रय हेतु राज्य सरकार (झारखण्ड) में देय अधिकतम छूट की दरें अंकित करनी आवश्यक है।

निविदा दिनांक 07.11.2023 को दोपहर 12:00 बजे प्राचार्य कक्ष राजकीय पोलिटेकनिक, कोडरमा में खोली जायगी।

पुस्तकों की आपूर्ति रा0पो0, कोडरमा में की जानी है। इसके लिए अलग से कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

PR 309523 (Higher Education,Technical Education and Skill Development Department) 23-24 (D)

प्राचार्य,
राजकीय पोलिटेकनिक, कोडरमा


## स्पीड न्यूज

### मांझा पहाड़ से महिला का शव बरामद



**रायडीह।** प्रखंड के सुरसांग थाना क्षेत्र के जरजट्टा मांझापहाड़ से सुरसांग पुलिस ने महुआटोली निवासी 56 वर्षीय जमानी तिग्गा का शव बरामद किया है। मृतका के गले में काले रंग का दाग दिखलाई पड़ रहा है। जिसे लोग उसकी हत्या की आशंका जता रहे हैं। जमानी तिग्गा प्रतिदिन की तरह अपनी बकरियों को चराने के लिए बुधवार को जंगल गयी थी और वापस नहीं लौटी। जबकि बकरियां स्वयं घर वापस पहुंच गयी। जमनी के नहीं लौटने पर पति बेंजामिन तिग्गा जमानी को खोजने निकले पर उसका पता नहीं चला और अधिक अंधेरा हो जाने के कारण वे घर लौट आये। सुबह फिर जमानी तिग्गा की खोज में परिजन निकले और खोजते खोजते मांझापहाड़ के एक किलोमीटर अंदर जाने पर जमानी तिग्गा का शव दिखा। जिसकी सूचना सुरसांग पुलिस को दी गयी।

### मां दुर्गा ने असुरों का संहार किया आप अपने दुर्गुणों को नष्ट करें : रमाकांत



**गुमला।** नवरात्र के महत्व तथा इसके संदेश से विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए गुरूवार को डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में एक कार्यक्रम किया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। मनोहर महतो, रिषभ कुमार गुप्ता, नमन कुमार, अचिंत्य कुमार झा, तन्मय पांडेय, अंश कुमार विनायक द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों की सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की तथा तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। मां दुर्गा ने महिषासुर मर्दन पर आधारित एकांकी भी प्रस्तुत की। प्राचार्य डॉ रमाकांत साहू ने कहा कि जिस प्रकार मां दुर्गा ने असुरों का संहार किया। उसी प्रकार हम अपने दुर्गुणों को नष्ट करें। कार्यक्रम में सुपरवाइजरी हेड पी के मोहंती, जीवन पाण्डेय, संयुक्ता खटुआ, अभिजीत झा, रोहित कुमार सुतार, एसके आचार्य, मिथलेश दुबे आदि थे।

### स्वस्थ तन के लिए स्वस्थ मन का होना अति आवश्यक : नंदलाल साहू



**घाघरा।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर बेथेसदा महिला इंटरमीडिएट महाविद्यालय गोस्नर कंपाउंड रांची ने जवाहर नवोदय विद्यालय मसरिया में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान बुधवार को किया। मुख्य वक्ता प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता एवं मार्गदर्शक नंदलाल साहू ने कहा कि स्वस्थ तन के लिए स्वस्थ मन का होना अति आवश्यक है। शहरीकरण और भागम भाग के दौर में लोगों के बीच मानसिक समस्याएं विकृत रूप धारण करते जा रहा है। लोग कई तरह के मानसिक समस्याओं का अर्थात मानसिक रोगों का शिकार होते जा रहे हैं।

### शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय सह मॉनिटरिंग समिति की हुई बैठक




**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय-सह-मॉनिटरिंग समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के सफल संचालन, इस वर्ष माह जुलाई से सितंबर माह तक विद्यालयों में नामांकन की स्थिति, मध्याह्न भोजन से संबंधित खाद्यान्न उठाव व वितरण, अक्टूबर से दिसंबर तक खाद्यान्न के आवंटन की मांग, विद्यालयों द्वारा शत-प्रतिशत एसएमएस किये जाने, विद्यालयों के किचन-सह-स्टोर की मरम्मती, विद्यालयों में चलाये जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रम, विद्यालयों के बच्चों की उंचाई व वजन रिकॉर्डर मशीन का क्रय कर विद्यालयों में वितरण संबंधी, स्कूल स्टेप डिलीवरी के तहत चावल की आपूर्ति, सेंट्रलाइज्ड किचन से संबंधित अद्यतन स्थिति समेत अन्य बिंदुओं व विस्तृत चर्चा की गई व निर्देश जिला शिक्षा अधीक्षक को दिये गये। बैठक में डीडीसी जय ज्योति सामंता, जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा समेत सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उपस्थित थे।

### टाटी में किसान गोष्ठी का आयोजन



**कैरो।** प्रखंड के टाटी में गुरुवार को किसान गोष्ठी की गयी। जिसमें उपस्थित किसानों को आत्मा के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ज्ञान साहू ने रबी फसल के बारे में जानकारी देते हुए आने वाले समय में प्रत्यक्षण के लिए मिलने वाली चना, सरसों, मक्का बीज वितरण के बारे में कहा कि अपने गांव के कृषक मित्र के माध्यम से सभी किसानों का पंजीयन करवाना आवश्यक है जिसके बाद जब बीज वितरण के समय मोबाईल में ओटीपी से वितरण किया जायेगा। गोष्ठी में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ज्ञान साहू, सहायक तकनीकी प्रबंधक सुमन तिग्गा, कृषक मित्र विजय उरांव, मथुरा सिंह, सुजीत सिंह, जलन सिंह, अनिल हजाम, कंदरा उरांव, अमित उरांव, अंतु शुक्ला, कमलेश सुक्ला, बैजू उरांव सहित दर्जनों किसान मौजूद थे।

### बनारी लैंपस में इफको की किसान सभा



**गुमला।** बनारी लैम्पस के प्रांगण में एक बृहत किसान सभा इफको ने की। जिसमें वर्तमान रबी फसलों जैसे आलू, सब्जी मटर, गेहूं, चना और सरसों की खेती पर चर्चा हुई। कृषि विज्ञान केंद्र के सदस्य विषयविद् डा नीरज वैश्य ने किसानों को पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में कहा कि आज की आधुनिक खेती में जहां आप उन्नत एवं संकर प्रभेद के बीजों से खेती करते हैं। ऐसे में फसलों को विभिन्न तरह के खाना की जरूरत होती है। केवल यूरिया और डीएपी के प्रयोग से आप इन बीजों से वांछित उपज प्राप्त नहीं कर सकते हैं। फसलों को लंबे समय तक और उचित मात्रा में खाना मिलता रहे।

# 1921 में बंगाली समुदाय ने दुर्गा बाड़ी में गुमला से शुरू की थी पूजा

- शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का इतिहास गुमला में 105 वर्ष पुराना
- गुमला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में 100 से अधिक स्थानों में होती है मां दुर्गा की पूजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बंगाली क्लब में इसी स्वरूप में होती हैं मां दुर्गा विराजमान।

**गुमला।** नागवंशी राजाओं की धरती व जनजातीय बाहुल्य गुमला जिला में शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का इतिहास 105 वर्ष पुराना है। सबसे पहले गुमला में बंगाली समुदाय द्वारा वर्ष 1921 में दुर्गा पूजा आरंभ किया गया था। श्री सनातन दुर्गा पूजा कमेटी के नाम से दुर्गा बाड़ी में आरंभ मां दुर्गा की पूजा अब भी यहां बंगला पद्धति से होता है। अविभाजित रांची जिला में आर्थिक रूप से पिछड़ा इस क्षेत्र में दस वर्षों के बाद शहरी क्षेत्र के लोगों में आध्यात्मिक चेतना आयी और वर्ष 1931 में श्री बड़ा दुर्गा मंदिर की स्थापना हुई और स्थानीय लोगों के सहयोग से दो स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा आरंभ की गई। महिषासुर का वध करते शेर में सवार मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ माता लक्ष्मी व सरस्वती, भगवान गणेश व कार्तिकेय की पूजा में भक्तों की आस्था विश्वास और पारम्पंरिक वाद्य यंत्र आकर्षण का केंद्र होता था। मां दुर्गा के प्रति श्रद्धालुओं में आस्था और विश्वास अब भी बरकरार है। दुर्गा बाड़ी में अब भी पारम्परिक वाद्य यंत्र का उपयोग पूजा के दौरान होता है।

### इतने दिनों में भी नहीं बदला मां का स्वरूप

साथ ही मां की प्रतिमा का स्वरूप भी उसी तरह बनायी जाती है जो आरंभ काल में बनायी गयी थी। लेकिन अन्य नये पूजा पंडालों में बदलते समय के अनुरूप साज सजावट और आकर्षण को लेकर पूजा समिति में प्रतिस्पर्द्धा होती है। वर्तमान में देखा जाए तो जिला मुख्यालय में 14 स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर सामूहिक रूप से पूजा होती है। जबकि पूरे जिले में एक सौ से अधिक स्थानों में सामूहिक दुर्गा पूजा होता है। गुमला के ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा पूजा का इतिहास सौ वर्षों से भी पुराना है। जबकि जिला मुख्यालय के शहरी क्षेत्र में दुर्गा बाड़ी और श्री बड़ा दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा पूजा के बाद शहर और आस पास के क्षेत्रों में अध्यात्मिक चेतना का संचार हुआ और करौंदी के मालवीय नगर, ज्योति संघ, पालकोट रोड में शक्ति मंदिर, सिसई रोड में अरुणोदय संघ, दुन्दुरिया में विश्व भारती संघ, अरमई उर्मी डुमरडीह पूजा समिति, श्री राम नगर में आदिशक्ति संघ, लोहरदगा रोड में मां भवानी संघ, महावीर चौक में भारतीय नवयुवक संघ आदि स्थानों पर मां दुर्गा की पूजा धूम-धाम से मनाया जाता है। महावीर चौक स्थित भारतीय नवयुवक संघ द्वारा निर्मित पूजा पंडाल और प्रतिमा का आकर्षण आधुनिकता से लैस होता है। अरुणोदय संघ, मां भवानी संघ, उर्मी अरमई डुमरडीह में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने के लिए पंडाल का निर्माण कराया जाता है।

#### सादर प्रखंड में मांदर वितरण कार्यक्रम आयोजन, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव बोले

# लोहरदगा मॉडल को आधार बना राज्य में अखड़ा बनायेगी सरकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मांदर वितरण करते मंत्री रामेश्वर उरांव।

**लोहरदगा।** स्थानीय विधायक सह वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा लोहरदगा ब्लॉक परिसर के समीप नगर भवन में मांदर (वाद्ययंत्र) का वितरण किया गया। मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि संस्कृति और धरोहर को बचाने और बढ़ावा देने के लिए लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में मांदर एवं नगाड़े का वितरण किया जा रहा है, ताकि अपने परंपरा, रीति रिवाज को चलन में लाया जाए मांदर हमारे पूर्वजों की देन है जिसका उपयोग विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, जतरा, आदि में किया जाता है, इससे लोकगीत, लोकनृत्य, त्योहारों और आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है। हमारे जिले में अखड़ा की काफी कमी थी जिसे देखते हुए हमने प्राथमिकता के आधार पर सभी ग्रामों में अखड़ा का निर्माण करवाया। अब सभी अखड़ा में सोलर लाइट भी लगाया जायेगा यह काम प्रगति पर है, और जिले में सांस्कृतिक कला केंद्र, धुमकुड़िया भवन, पड़हा भवन, का निर्माण कराया जा रहा है। हमारे जिले में अखड़ा निर्माण एवं मांदर वितरण लोहरदगा मॉडल को आधार बनाकर झारखंड सरकार ने कैबिनेट मीटिंग में यह तय किया है कि पूरे झारखंड में आदिवासियों के संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अखाड़ा का निर्माण एवं मंदार वाद्य यंत्र का वितरण किया जाएगा साथ ही जनाजा सेड निर्माण एवं कब्रिस्तान घेराव में जिले की ज्यादा भागीदारी रहेगी।

# गरीब लाभुकों के चार माह का राशन डकार गया डीलर

#### ग्रामीणों ने की उपायुक्त से शिकायत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने पहुंचे कार्डधारी।

**गुमला।** पालकोट प्रखंड के नाथपुर पंचायत के तिलैडीह के सैकड़ों कार्डधारी गुरूवार को उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर चार माह से राशन डीलर के द्वारा राशन नहीं दिये जाने की शिकायत की। ग्रामीणों ने कहा कि राशन डीलर इलियस टोप्पो के द्वारा कार्ड धारियों का मशीन में अंगुठा लेने के बाद राशन नहीं दिया। जिसको लेकर गांव के मुखिया व वार्ड सदस्य ने डीलर से उपभोक्ताओं को राशन देने की बात कही पर डीलर उनकी बातों को भी नहीं सुना। वहीं डीलर के द्वारा कार्ड धारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। डीलर का कहना है कि कार्डधारी उसके खिलाफ कहीं भी शिकायत कर सकते हैं उसका कुछ नहीं होगा और पिछले तीन से चार माह का राशन उन्हें नहीं दिया जाएगा। गुमला जिला में अनाज की कालाबजारी का मामला खुलकर सामने आया है। पूरे जिले में कमोबश यही स्थिति बनी हुई है। राशन कार्ड धारियों को कई-कई माह का राशन नहीं दिया जा रहा है और पूरा प्रशासन मुक दर्शक बना हुआ है। आखिर क्या माजरा है कि राशन की कालाबजारी इतने बड़े पैमाने पर हुआ और कहीं कार्रवाई के नाम पर एक पत्ता भी नहीं हिला। उपायुक्त से मिलने वालों में राजेंद्र सिंह, कुंवर पाईक, रंजीत पाईक, कुंवर नगेशिया, अन्नत देवी, बुधन उरांव, सुकरो उरांव, डुबू एक्का, मरियम खड़िया, सुरतमुनी देवी थे।

## नल जल योजना में मिली शिकायत पर प्रमुख व उप प्रमुख ने हुटार में किया योजना का निरीक्षण

- निरीक्षण के दौरान नल जल योजना में निम्न दर्जे के पाइप का उपयोग का मामले आया सामने, सभी घरों में नहीं दिया जा रहा है कनेक्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** प्रखंड के सेहल पंचायत के हुटार गांव में पेयजल स्वच्छता प्रमंडल गुमला से चल रहे नल जल योजना के कार्य में अनिमियतत्ता की शिकायत मिलने पर गुरुवार को प्रखंड प्रमुख सविता देवी व उप प्रमुख शिवा देवी गांव पहुंच योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्रमुख व उप प्रमुख ने भारी अनियमितता योजना को लेकर देखी। जलमिनार लगाने हेतु स्ट्रक्चर लगाने से पूर्व ढलाई किया गया है जो ऊंच-नीचा है। कभी भी पानी वजन होने पर गिर सकता है। साथ ही कई ग्रामीणों ने कहा कि घर-घर पानी का कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है। दिव्यांग सुनील उरांव ने कहा कि मेरे घर में कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है। इस बात को सुनते ही प्रमुख सविता देवी ने कार्य कर रहे मुंशी को कहा कि सबके घर कनेक्शन करे।

## ऊंची कूद में सुजल को स्वर्ण

- अल्पना, सुजल व रोहित राष्ट्रीय एथलेटिक्स के लिए चयनित
- बिहार-झारखंड क्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स रजरप्पा में संपन्न
- एमएल अग्रवाल एवीएम इंटर कॉलेज के 7 एथलीट्स ने जीते 2 स्वर्ण व 7 रजत पदक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** मां छिन्नमस्तिका शक्तिपीठ की पुण्य भूमि रजरप्पा में 17 से 19 अक्टूबर को संपन्न विद्या भारती बिहार झारखंड (उत्तर-पूर्व) क्षेत्र के क्षेत्रीय खेलकूद समारोह एथलेटिक्स में एमएल अग्रवाल एवीएम इंटर कॉलेज के 7 एथलीट्स ने कुल 9 पदक जीते। जिसमें 2 स्वर्ण और 7 रजत पदक शामिल है। विद्या विकास समिति झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए कॉलेज की ओर से तरुण वर्ग में सुजल बाखला ने ऊंची कूद में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अल्पना शैली उरांव ने भाला फेंक में स्वर्ण पदक लिया। इनके अलावा रजत पदक प्राप्त करने वालों में गोला फेक में आकांक्षा पांडे एवं नैतिक राज, त्रिकूद एवं 200 मीटर दौड़ में नीलिमा लकड़ा, 6 किलोमीटर क्रॉस कंट्री रेस एवं 3000 मीटर दौड़ में रोहित उरांव तथा 3000 मीटर तेज चाल में पूनम कुमारी शामिल हैं।

### दो दिन से लापता महिला का शव कुएं में मिला



**घाघरा।** थाना क्षेत्र के आरंगी बेल्हाटोली गांव के एक कुंआ से घाघरा पुलिस ने गुरुवार को महिला का शव बरामद किया। वहीं शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार आरंगी बेल्हाटोली निवासी सोनो उरांव महिला बीते मंगलवार को प्रातः 5 बजे शौच के लिए घर से निकली थी। जिसके बाद वह नहीं लौटी। काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। गुरुवार को सुबह में घर से कुछ दूरी पर स्थित एक कुआं में एक महिला का शव तैरते ग्रामीणों द्वारा देखा गया।

### दुर्गा पूजा समिति ने किया भक्ति जागरण कार्यक्रम



**घाघरा।** दुर्गा पूजा समिति आदर प्रांगण में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भक्ति जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता अशोक उराव और समिति के अध्यक्ष बादल राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वही गुमला से आए कलाकारों ने कई भक्ति गानों पर नृत्य गीत प्रस्तुत किये। जहां लोगों ने आनंद उठाया। मौके पर भाजपा नेता अशोक उरांव, समिति के सचिव पप्पू गुप्ता, गोपाल गोप, गोलू साहू, योगेंद्र महतो, बीरेंद्र सिंह, धर्मदेव सिंह, बिनय यादव, बासुदेव महतो थे।

### विजयादशमी का मेला इस बार बक्सीडीपा पतरा में लगेगा, समिति ने लिया तैयारियों का जायजा



**लोहरदगा।** केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति जिले में इस वर्ष दुर्गा पूजा धूमधाम से मानने को लेकर लगातार प्रयासरत है। इस क्रम में शारदीय नवरात्र के दशमी के अवसर पर बक्सीडीपी में लगने वाले मेले को लेकर 19 अक्टूबर को केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक और पदाधिकारी ने मेला स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान मेला स्थल में लोगों के पहुंचने, रावण दहन स्थल, मुख्य स्टेज, पार्किंग सहित अन्य कार्यक्रम को सफलता पूर्वक करने के लिए स्थल का निरीक्षण किया। वहीं बताया गया की इस वर्ष मेला पूर्व के वर्षों में लगने वाले स्थान से थोड़ी दूरी में दक्षिण पश्चिम दिशा बदला रोड कि ओर लगाई जाएगी। इस विषय पर जानकारी देते हुए केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष लकड़ा ने लोगों को दुर्गा पूजा की बधाई देते हुए कहा कि पूर्व में लगने वाला मेला स्थल के आस पास घर निर्माण हो रहा है। जिस कारण मेला आयोजन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

## डायन कुप्रथा के पीड़ितों के लिए जन सुनवाई कार्यक्रम

- जनसुनवाई कार्यक्रम से पीड़िता को मिलेगा उनका हक व अधिकार : प्रमुख

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में महिला विकास मंडल एवं जेसेएलपीएस के द्वारा गरिमा परियोजना के अंतर्गत डायन कुप्रथा के पीड़ितों को लेकर गुरुवार को जनसुनवाई की। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीडीओ दिनेश कुमार, जेसेएलपीएस डीपीएम शैलेंद्र जारिका, थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी, महिला विकास मंडल अध्यक्ष संतोषी देवी व प्रदान के जितेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक टीम ने पिछले 30 दिनों में कुल 15 पंचायत से डायन कुप्रथा से पीड़ित का चयन किया गया था।



### उपप्रमुख ने किया रूद्र इलेक्ट्रिक शॉप का उद्घाटन

**कैरो।** प्रखंड के उतका मेन रोड स्थित रुद्र इलेक्ट्रिकल्स का उद्घाटन उपप्रमुख मधुलिका रानी ने किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के बड़े दुकान खुलने से स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगीं। प्रोपराइटर रंजन कुमार ने बताया कि लोगों को उचित मूल्य पर इलेक्ट्रिक के बेहतर समान उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है।

## इमर्जिंग फ्यूचर संस्थान में सम्मान समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** शहर के बरवा टोली स्थित इमर्जिंग फ्यूचर संस्थान जहां प्रतियोगी परीक्षा की संपूर्ण तैयारी कराई जाती है इस वर्ष 2023 में भी संस्थान के लगभग 30 से 35 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में रिकॉर्ड सफलता प्राप्त किये। उनके इस सफलता एवं उनको शुभकामना देने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तीर्ण छात्रों द्वारा केक काटकर किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि महिला महाविद्यालय के प्रिंसिपल प्रो स्नेह कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को शील्ड देकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रो स्नेह कुमार के छात्रों को अपना आशीर्वचन दिया।

#### दुर्गा पूजा : खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने होटलों में मिठाई की जांच कर लिया सैंपल

# एक होटल पर पांच हजार रुपये का जुर्माना

- कोटपा के तहत कई दुकानों में तंबाकू बिक्री की भी हुई जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जांच के दौरान पूछताछ करते खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी।

**गुमला।** दुर्गा पूजा को देखते हुए मिठाई व अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच को लेकर उपायुक्त के निदेर्शानुसार अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार सिन्हा एवम खाद्य सुरक्षा अधिकारी लव कुमार गुप्ता के द्वारा गुमला जिला में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानो एवं होटलों की जांच करते हुए खाद्य पदार्थों का नमूना संग्रह किया गया। जांच के क्रम में उन्होंने प्रतिष्ठान में स्वच्छता और सफाई रखने का निर्देश दिया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने बताया की त्योहारों के दौरान बाजार में मिठाइयों की मांग बढ़ जाती है। जिससे बाजार में नकली एवं कम गुणवत्ता वाले भोज्य पदार्थों के बढ़ाने की संभावना अधिक रहती है। नकली मिलावट एवं रसायन युक्त खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा व्यापक अभियान चलाकर इस प्रकार के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों पर कार्रवाई की जाती है। टीम के द्वारा गुमला शहर जशपुर रोड स्थित रॉयल स्वीट्स, रूचि स्वीट्स, लाखो होटल, राज होटल, पलकोट रोड स्थित हिंदुस्तान होटल में जांच की गयी। जांच के क्रम में लाखो होटल में साफ साफई की घोर कमी पाई गयी। जिसके कारण संचालक पर 5000 फाइन किया गया और होटल से पेड़ा नमूना संग्रहण कर रांची लैब भेजा गया।

**खास बातें :** राज होटल में साफ सफाई की कमी एवं खाद्यान्नों का भंडारण उचित तरीके से नहीं करने के कारण स्पष्टीकरण किया गया। हिन्दुस्तान होटल में वेज नॉनवेज एक साथ रखा गया था। जिसके कारण स्पष्टीकरण किया गया। इसके साथ कोटपा अंतर्गत छापामारी की गयी और साथ ही लोगो को तम्बाकू प्रयोग से होने वाले नुकसानों के विषय में बताया गया और लगभग पांच दुकानों में जांच की गई और और एक पर चालान किया गया।

# जीवन अनमोल है, इसलिए सड़क पर सावधानी बरतें : पीडीजे राजेंद्र बहादुर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पुरस्कृत करते पीडीजे।

**लोहरदगा।** झालसा रांची के निर्देशानुसार चलाए जा रहे 100 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम सह आउटरीच कार्यक्रम के तहत गुरुवार को लिवेंस एकेडमी में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल भी उपस्थित रहे। इसके साथ-साथ डालसा सचिव राजेश कुमार पैनल अधिवक्ता इंद्राणी कुजूर, गौतम लेनिन भी उपस्थित रहे। विधिक जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए डालसा सचिव ने विधिक सेवा प्राधिकार के विभिन्न कार्यों से बच्चों को अवगत कराया। अधिवक्ता इंद्राणी कुजूर ने पोक्सो एक्ट, बाल विवाह अधिनियम, दहेज प्रथा प्रतिषेध अधिनियम, साइबर क्राइम जैसे विषयों पर बच्चों को विधिक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों को बतलाते हुए सचेत किया कि जीवन अनमोल है इसकी हिफाजत करना आपके हाथ में है। बिना लाइसेंस के वाहन न चलाएं। सड़क पर हमेशा सावधानी बरतें क्योंकि एक दुर्घटना आपके साथ क्या कर सकती है।

## स्पीड न्यूज


### 60 पेटी नकली अंग्रेजी शराब और 200 लीटर स्प्रिट बरामद



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले में उत्पाद विभाग की टीम ने शराब माफियाओं के विरुद्ध दूसरी बड़ी कारवाई की है। मिली गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने झारखंड- बिहार की सीमा से सटे प्रतापपुर के टंडवा गांव में संचालित एक मिनी शराब फैक्ट्री का उदभेदन किया है। इस दौरान उत्पाद विभाग ने 60 पेटी अवैध नकली अंग्रेजी शराब के साथ साथ भारी शराब बनाने में प्रयुक्त किए जाने वाले 200 लीटर से अधिक स्प्रिंट भी जब्त किए हैं। बताते चलें कि उत्पाद विभाग को यह सफलता दुर्गा पूजा को लेकर उपायुक्त अबू इमरान के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के दौरान मिली है। हालांकि मौके पर से तस्कर भागने में सफल रहा है। उत्पाद विभाग के द्वारा की जा रही इस कारवाई से शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है। उत्पाद अधीक्षक शिव कुमार साहू ने बताया कि शराब की फैक्ट्री टंडवा गांव निवासी मनीष साव के मकान में संचालित थी। हालांकि मौके पर से तस्कर भागने में सफल रहा।

### श्रीराम कथा एवं मानस के पारायण पाठ का आयोजन



फोटो 4-पाठ करते लोग

**कांडी।** गाड़ा खुर्द गांव में दुर्गा पूजा समारोह के अवसर पर मानस मंडली के द्वारा प्रतिदिन मानस पाठ किया जाता है। जबकि वृंदावन से पधारे आचार्य पंडित पंकज कुंडल शास्त्री के द्वारा प्रतिदिन संध्या बेला में श्री राम कथा कही जाती है। गाड़ा खुर्द गांव में करीब 30 वर्षों से दुर्गा पूजा का सार्वजनिक आयोजन किया जाता है। कांडी प्रखंड क्षेत्र के पंचायत एवं गांव गाड़ा खुर्द में पिछले 30 वर्षों से माता महादुर्गा पूजा समारोह का सार्वजनिक आयोजन किया जाता है। इसकी जानकारी देते हुए विभूति नारायण द्विवेदी ने कहा कि प्रतिदिन मानस मंडली के द्वारा दो पालियों में श्री रामचरितमानस का पारायण पाठ किया जाता है। जिसमें सात व्यक्ति भाग लेते हैं। इनमें नंदलाल दुबे, मंगल किशोर दुबे, दयानंद द्विवेदी, योगेंद्र द्विवेदी, शशि नंद दुबे, जितेंद्र नाथ दुबे एवं प्रेमनाथ दुबे का नाम शामिल है। यद्यपि कि इस गांव में शिव मंदिर के निकट दुर्गा पूजा पंडाल में मानस का पारायण पाठ इस वर्ष से ही शुरू किया गया है। इसके तहत प्रतिदिन पूर्वाह्न एवं अपराह्न में श्री रामचरितमानस का पारायण पाठ किया जाता है। जबकि वृंदावन के आचार्य पंडित पंकज कुंडल शास्त्री के द्वारा प्रतिदिन संध्या बेला में श्री राम कथा प्रस्तुत की जाती है।

### दशहरा पर्व को लेकर प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



फ्लैग मार्च में पदाधिकारी

**भवनाथपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दशहरा पर्व में विधि व्यवस्था के लिए गुरुवार को भवनाथपुर प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार एवं थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय के नेतृत्व में निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना मोड़ से कर्पूरी चौक होते चपरी, बेलपहाड़ी, टाउनशीप, अरसली दक्षिणी, अरसली उत्तरी पंचायत, बनसानी पंचायत, मकरी पंचायत के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए थाना परिसर पहुंचा। यह फ्लैग मार्च पर्व के पूर्व विश्वास बहाली को लेकर निकाला गया ताकि पर्व शांति और सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके। जबकि पर्व पर स्थानीय प्रशासन भी चुस्त-दुरुस्त दिखाई दे रहा है। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि दशहरा के पर्व को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने और भाईचारे का परिचय दें। किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें, संदिग्ध व अराजक तत्वों की सूचना तुरंत पुलिस को दे। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। फ्लैग मार्च में एएसआई अभिमन्यु सिंह, रब्बुल अंसारी, विजय कुमार सिंह, मुनेश्वर राम विरोधी के साथ सशस्त्र बल शामिल थे।

### नवरात्रि में कलश स्थापना श्रद्धा का प्रतीकः बिरजू तिवारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** शारदीय नवरात्रि में जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शक्ति की आराधना हेतु बुधवार देर शाम इटखोरी स्थित प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर पहुंचे। पहले उन्होंने माता के दरबार में माथा टेकते हुए क्षेत्र वासियों के सुख शांति समृद्धि की कामना की। उन्होंने ने कहा प्रदेश में अनादि काल से ही देवी आराधना की परंपरा रही है। नवरात्रि में कलश स्थापना भी जनता के श्रद्धा का प्रतीक है। मनोकामना पूर्ण करने हेतु मंदिरो में ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाने की भी परंपरा है।

## मासूम का अपहरण कर, हत्या करने के मामले का पुलिस ने किया खुलासा

# सम्पत्ति विवाद को लेकर की गई थी मासूम की हत्या, तीन गिरफ्तार

### तीनों आरोपी आपस में पति, पत्नी व पुत्र



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत मूर्कमनायटांड में बीते 15 अक्टूबर को हुए 4 वर्षीय मासूम बच्चे की हत्या मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर हत्याकांड में शामिल तीन आरोपियों सुरेश नाथ गोस्वामी पिता हरखूनाथ गोस्वामी, रूमा देवी पति सुरेशनाथ गोस्वामी और दिलीप कुमार गोस्वामी पिता सुरेशनाथ गोस्वामी तीनों मूर्कमनायटांड़ निवासी शामिल हैं। उक्त जानकारी एसपी अनुदिप सिंह ने गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दिया। एसपी ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि मामले को लेकर मूर्कमनायटांड़ निवासी इंद्रदेव नाथ गोस्वामी पिता हरखूनाथ गोस्वामी के द्वारा मरकच्चो थाना में कांड संख्या 97/23 में अज्ञात के खिलाफ चार वर्षीय बच्चा का अपहरण कर हत्या करने का आरोप लगाया था। घटना के बाद मामले की जांच को लेकर डीएसपी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था, टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों ने अनुसंधान कर उपरोक्त आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों ने उक्त हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि इन्द्रदेव नाथ और उनके बीच संपति को लेकर पूर्व से विवाद चला आ रहा था। आपसी विवाद के कारण उक्त आरोपियों के द्वारा घटना का अंजाम दिया गया।

यहां यह भी गौरतलब हो कि इन्द्रदेव नाथ गोस्वामी और पकड़े गए आरोपी सुरेशनाथ गोस्वामी दो भाई है, जबकि महिला आरोपी रूमा देवी आरोपी की पत्नी और दिलीप कुमार गोस्वामी पुत्र है। एसपी ने बताया की आरोपियों के निशानदेही पर मृतक बच्चा का दूध से भरा बोतल और एक जोड़ा सैंडल बरामद किया गया। मौके पर पुलिस निरीक्षक सुजित कुमार, राम नारायण ठाकुर, थाना प्रभारी लव कुमार, उत्तम कुमार वैध मौजूद थे।

### आपसी जमीनी विवाद में दो गुटों में जमकर मारपीट, नौ घायल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बेकोबार डोंगोपहरी में आपसी जमीनी विवाद में दो गोतिया में जमकर मारपीट हुआ, जिसमें दोनों ओर से नौ लोग घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार डोंगोपहरी निवासी प्रयाग प्रसाद पिता स्व सुक्कर सुंडी का अपने गोतिया सुरेंद्र प्रसाद पिता स्व गुरुचरण प्रसाद के साथ कई वर्षों से जमीनी विवाद चल रहा है। जहां गुरुवार को कुछ बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद मारपटी शुरू हो गया। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

## डीसी ने की समीक्षा बैठक, दिये कई निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय स्टीरिंग समिति व पोषण समिति की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया की। जिसमें विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति शत् प्रतिशत उपस्थिति करने, बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने, मिड-डे मील को लेकर सही समय पर राशन उठाव करने के साथ साथ राशन के उचित रखरखाव करने का निर्देश दिया गया। वहीं उन्होंने कहा कि जिन जिन विद्यालयों में मध्याह्न भोजन संचालित हैं, उन सभी विद्यालयों में पोषण वाटिका बनायें और शिक्षक व बच्चों द्वारा संयुक्त रूप से पोषण वाटिका की देखरेख करेंगे। वहीं सभी पोषण वाटिका में सहजन का पौधा प्राथमिकता के आधार पर लगाने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने सभी रसोईया सह सहायिका का आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया। वहीं डीएसई नयन कुमार को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और बीपीओ द्वारा विद्यालय भ्रमण पर रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। वहीं उन्होंने झारखंड आवासीय विद्यालय, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में नामांकन से संबंधित जानकारी ली।

### दिव्यांग सुदर्शन ने भरी हौसलों की उड़ान, एसएससी की परीक्षा में लाया अच्छा रैंक

## सुदर्शन ने अपने लक्ष्य में अभाव का प्रभाव नहीं आने दिया : सांसद प्रतिनिधि



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** अगर जोश, जज्बा और जुनून हो तो दिव्यांगता व गरीबी अभिशाप नहीं बना सकती है। इसे पुनः साबित कर दिखाया टंडवा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम सिसई निवासी सुदर्शन पांडेय ने, जिन्होंने अपनी लगन, मेहनत और लक्ष्य पाने की जुनून से एसएससी की परीक्षा पास कर अच्छा रैंक लाया है। सुदर्शन ने देश स्तर पर 1264 वा रैंक प्राप्त किया। सुदर्शन की सफलता हरेक युवावों के लिए प्रेरणादाई है। बचपन में ही चौदह वर्ष की आयु में पिता के गुजर जाने के बाद सुदर्शन के साथ सबसे बड़ी ट्रेजडी तब हुई जब कोरोना काल मे उनकी माता का निधन हो गया।

सामान्य परिवार से होने के कारण सुदर्शन के जीवन में गरीबी का साया विचलित करने लगा। तभी मानवता की मिशाल के पर्याय बने टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने इनके मदद के लिए आगे आए और हर संभव मदद करते हुए हौसला अफजाई किया। इसके लिए माननीय सांसद सुनील कुमार सिंह एवम विधायक किशुन कुमार दास के संज्ञान में दिया गया, जहां से माननीय सांसद व विधायक के द्वारा सुदर्शन का उत्साहवर्धन किया गया।

आज सफल हुए सुदर्शन कहते हैं कि दिव्यांगता के अलावे माता पिता के गुजरने के बाद गरीबी का बोझ जब पड़ा तो विचलित हो गया परन्तु सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल भैया और प्रवेश भैया ने मेरे उपर अभाव का प्रभाव नहीं पड़ने दिया। सुदर्शन गांव के ही उच्च विद्यालय सिसई से दशवीं बोर्ड परीक्षा 2014 में पास की, फिर आगे इंटर की पढाई वनांचल कॉलेज टंडवा (चतरा) से पूरा किया।

बहरहाल सुदर्शन का एक भाई नेत्रहीन है वह भी पिछले वर्ष ही एसएससी में सफलता प्राप्त की थी, साथ में तैयारी कर रहे सुदर्शन ने इस बार सफलता हासिल कर यह मिशाल पेश किया कि दिव्यांगता को अभिशाप मानने वाले, शारीरिक कमजोरी को जो अभिशाप मानकर हार कर बैठ जाते हैं , अगर दिल में जोश, मन में जज्बा और लक्ष्य पाने का जूनून हो तो हर मुसीबत का सामना करते हुए इंसान जीवन में सफल हो सकता है।

टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने इनकी सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि सुदर्शन की सफलता पर हम सब को गर्व है, रिजल्ट प्रकाशित होने के बाद सिसई गांव का हर ग्रामवासी काफी खुश हैं। सुदर्शन और सोमेश की सफलता हर युवाओं के लिए प्रेरणादाई है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** माँ सुनैना देवी फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित गाडीलौंग दयानंद पब्लिक स्कूल के विद्यालय प्रांगण में गुरूवार दुर्गा पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के संस्थापक पवन कुमार चौरसिया एवं विशिष्ट अतिथि प्राचार्य रजनी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भक्ति गीत भाषण डांडिया नृत्य गरबा नृत्य तथा नाटक आदि कार्यक्रम हुआ। इस दौरान सभी छात्र- छात्रओं ने बड़े उत्साह और जोश के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। जिसमें अच्छे प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को हौसला अफजाई हेतु पुरुस्कृत किया गया। ततपश्चात प्राचार्य महोदय द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुवे बच्चों की उज्वल भविष्य की कामना की, एवं दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## सभी धर्मों के धार्मिक कार्यों के लिए पूरी तरह समर्पित हूं : मंत्री

### गढ़देवी मंदिर का बनेगा भव्य तोरण द्वार, शौचालय व स्नानागार की भी होगी व्यवस्था

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा स्थित मां गढ़देवी मंदिर का भव्य तोरण द्वार का पुनर्निर्माण किया जाएगा। साथ ही शौचालय और स्नानागार का भी निर्माण किया जाएगा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गुरूवार को विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। तत्पश्चात मंत्री श्री ठाकुर ने टंडवा में नवनिर्मित गोरेया स्थान मंदिर व आयोजित भंडारा का फीता काटकर व पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां गढ़देवी गढ़वा वासियों सहित संपूर्ण झारखंड वासियों को हमेशा खुशहाल रखें। आज मां गढ़देवी के आशीर्वाद से ही गढ़वा का नवनिर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोग आपसी भेदभाव भूलकर एकता के सूत्र में बांधे, तभी पूरे समाज का बेहतर तरीके से विकास होगा। यही नवरात्रि पर सच्ची भक्ति होगी। उन्होंने कहा कि मंदिर के लिए शौचालय एवं स्नानागार की काफी आवश्यकता थी। मां गढ़देवी की जिस तरह से भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है, उसी तरह वे भव्य तोरण द्वार का भी पुनर्निर्माण करायेंगे। दशहरा के बाद कार्य प्रारंभ हो जाएगा। दशहरा बुराई पर अच्छाई की, असत्य पर सत्य की जीत तथा आसुरी शक्तियों के नाश का प्रतीक त्यौहार है। हम सभी को मिलकर समाज से आसुरी शक्तियों को समाप्त करना होगा। उन्होंने कहा कि वे सभी धर्मों के धार्मिक कार्यों के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। हम सभी गढ़वा वासियों ने गढ़वा को बदलने का संकल्प लिया है।



पूजा अर्चना करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर

### गढ़वा के विकास में जुड़ा एक और नया आयाम : मिथिलेश

**गढ़वा।** गढ़वा-शाहपुर मार्ग पर शहर के टंडवा में जेपीएस बजाज शोरूम का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन गुरुवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने फीता काट कर किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में बजाज का शोरूम खुल जाने से गढ़वा के विकास में एक और आयाम जुड़ गया है। ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में भी गढ़वा विकास कर रहा है। यहां सभी कंपनियों के शोरूम खुल गए हैं।

### गढ़वा में जहां भी कदम रखेंगे विकास की नई किरण दिखेगी : मंत्री

**गढ़वा।** शहर के मझिआंव मोड़ स्थित सरस्वती नदी पर नवनिर्मित उच्च स्तरीय पुल का गुरूवार को उद्घाटन किया गया। दो करोड़ 70 लाख रूपये की लागत से निर्मित इस पुल का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इस पुल के निर्माण से गढ़वा शहर को जाम से काफी हद तक मुक्ति मिलेगी। किसी भी कार्य को करने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति की जरूरत होती है। सिर्फ झूठ और फरेब के बल पर जनता को ठगने से कोई काम नहीं होता है।

## एक नजर में

### जतरा मेला लगाने को लेकर आदिवासी समाज की बैठक सम्पन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** आगामी 23 अक्टूबर दिन सोमवार को टंडवा में संचालित मगध कोल परियोजना के विस्थापित मासिलौंग गांव में जतरा मेला आयोजित करने को लेकर आदिवासी समाज की बैठक की गई।

जिसकी अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव व सन्चालन सुरेश उरांव ने किया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आदिवासी समाज द्वारा बड़े धूम-धाम से जतरा मेला लगाने व मेला में आर्केस्ट्रा जैसे आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कमिटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से लगातार तीसरा बार अध्यक्ष सरबजीत गंझू को बनाया गया। जबकि सचिव विद्वान उरांव एवं कोषाध्यक्ष बबलू गंझू समेत अन्य पदाधिकारीगण एवं 31 सदस्यों का चयन किया गया। सभी नवयुक्त पदाधिकारियों व सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने की संकल्प लिया। जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई। मौके पर मुंशी गंझू डब्लू गंझू सुनील गंझू विद्वान उरांव सुरेश उरांव बिरजू उरांव धनेश्वर उरांव समेत सैंकड़ो लोग मौजूद थें।

### पुलिस ने पूजा समितियों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** दुर्गा पूजा के त्यौहार को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करवाने को लेकर गुरुवार को थाना प्रभारी द्वारिका राम की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में विभिन्न पूजा समितियों के पदाधिकारियों और प्रबुद्धजन शामिल हुए। बैठक को सम्बोधित करते हुए थाना प्रभारी श्री राम ने कहा कि सभी पूजा समिति नियमों का सख्ती से पालन करें, पूजा पंडालों और मेले में विधि व्यवस्था भंग न हो, इसके लिए सभी पूजा समिति अपने अपने पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे और अग्निशमन यंत्र लगाएं, मेले में किसी प्रकार की भगदड़ न हो, इसके पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रहेगी, साथ ही पूजा समिति के पदाधिकारी भी अपने स्तर से अलर्ट रहेंगे, किसी भी प्रकार से शांति भंग होने की संभावना होने पर तत्काल इसकी जानकारी दें, त्यौहार के दिन श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसके लिए शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई जाएगी, विभिन्न चौक चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था की उचित व्यवस्था की जाएगी। मौके पर एसआई दिलीप झा, सलीम लुगुन, एएसआई बलिराम प्रसाद, राजकुमार यादव, उदय बनर्जी, भगवान दास, विजय सिंह, मनोज यादव, सचिन कुमार, सिकंदर यादव, दिनेश यादव, आरीफ, विजय सिंह, दिनेश कुमार सिंह, प्रकाश साव, सुभाष राणा, रघुनाथ कुमार दास, अर्जुन यादव, रमेश यादव, विकास कुमार दास, प्रकाश साव, महेंद्र प्रसाद साव, वीरू राम, बलदेव रजक, लक्ष्मण प्रसाद मंडल, काशी पंडित, विजय कुमार सिंह, संजय साव, अरविंद कुमार, सागर कुमार दास, गुड्डू कुमार दास, शंभू कुमार, मुन्ना कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार, मंटू यादव, रविंद्र पासवान, उमेश यादव, खोखन बनर्जी, रमेश यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### डांडिया महोत्सव का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल में दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य पर डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल की निदेशिका सम्पा सिंह ने किया। वहीं डांडिया महोत्सव में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे शामिल हुए और जमकर आकर्षक नृत्य कर एक दूसरे को त्यौहार की शुभकामनाएं दिया। मौके पर प्राचार्य निखर कुमार के अलावे एके लाल, श्रुति कुमारी, शिवानी कुमारी, अनिता, सुष्मिता, प्रीति, उजाला आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### डांडिया पर झूमे द आई स्कूल के बच्चे

**कोडरमा।** सहाना रोड स्थित एडुमेटा द आई स्कूल में गुरुवार को विद्यालय के बच्चों ने नवरात्र के पावन अवसर पर डांडिया प्रस्तुत किया। नवरात्र का पावन पर्व माँ दुर्गा के नवों रुपों की आराधना का पर्व है। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक मधु कुमारी, एडमिन श्रुति राय और बच्चों की माताओं ने संयुक्त रूप से किया। बच्चों के में सुन्दर नृत्य को लोगों ने बहुत सराहा। कार्यक्रम में मयंक, परी, मिहिर, अक्षित, वीर, अदिति, सनाया, श्रद्धा, ऋषित, शिवांश, अयांश, सक्षम, आदित्य बल्लभ आदि बच्चों के अलावा उनकी माता दयवंती कुमारी, सोनी कुमारी, पूनम, मनीषा, काजल अग्रवाल, प्रतिमा सिंहा, प्रिया, निकिता बरनवाल, आरती सोनी, वर्षा बरनवाल, किरण कुमारी, अर्चना पांडे के अलावा स्कूल की निदेशक मधु कुमारी, एडमिन श्रुति राय, टीचर्स सपना व स्वाति मौजूद थीं।

### सार्वजनिक दुर्गा मंदिर परिसर में वाटर कूलर का उद्घाटन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में स्व.मुकेश मोदी के स्मृति में उनके बेटे नितिन चन्द्र गुप्ता, प्रवीण चन्द्र गुप्ता व परिवार के द्वारा दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर वाटर कूलर लगाया गया। वाटर कूलर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख सावित्री देवी, उत्तरी पंचायत मुखिया रंजीत कुमार सिंह, दक्षिण पंचायत की पूर्व मुखिया अनुराधा सीता, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रविशंकर सिंह रिंकू, पूजा समिति अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया। बताते चलें कि वाटर कूलर लगने से अब गर्मी के मौसम में ठंडे पानी 24 घण्टे मंदिर परिसर में उपलब्ध रहेगी।

स्पीड न्यूज

## अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



इश्तेहार चिपकाती पुलिस।

**बारियातू।** बारियातू पुलिस ने बालुभांग पंचायत अंतर्गत श्रीसमाद गाँव निवासी रोशन जी, उर्फ सहदेव गंझु, उर्फ रंजन जी पिता जागेश्वर गंझु के घर जाकर बुधवार को विधिवत इश्तिहार चिपकाया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि बालूमाथ थाना (वर्तमान थाना बारियातू) कांड संख्या 155/22 एंव 207/22 तथा 71/21 के प्राथमिकी अभियुक्त का इश्तेहार निर्गत किया गया था। जिसके आलोक में पुलिस अवर निरिक्षक बिंदेश्वर महतो व दीपक नारायण सिंह, एएस आई निरज दुबे एवं शस्त्र बल के द्वारा अभियुक्त के घर पहुँच कर विधिवत इश्तिहार चिपकाया गया।

## चंदवा के सरोज नगर रिहायशी इलाके में चली गोली, लोग भयभीत

**चंदवा।** चंदवा शहर से सेट सरोज नगर बालिका उच्च विद्यालय के समीप रिहायशी इलाके में बुधवार की देर रात्रि अज्ञात अपराधियों ने हवाई फायरिंग की घटना को अंजाम दिया। देर रात्रि गोली चलने की घटना के बाद स्थानीय लोग में भय व्याप्त है। इधर स्थानीय लोगो के द्वारा सूचना दिए जाने के बाद देर रात्रि चंदवा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलू कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर घटना की छानबीन की। इधर गुरुवार की सुबह स्थानीय लोगो के द्वारा घटना स्थल से एक गोली का खोखा भी देखा गया, जिसे चंदवा पुलिस कब्जे में ले लिया है। लोगो की माने तो देर रात्रि दो बाइक पर पांच लोग आए थे, उन्ही लोगो के द्वारा गोली चलाई गई है। हालांकि खबर लिखे जाने तक घटना में किन अपराधियों का हाथ है यह स्पष्ट नहीं हो पाया था। इस बाबत इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। पुलिस सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच पड़ताल कर रही है।

## परवेज आलम ने ग्रहण किया पदभार, कहा विधि व्यवस्था पहली प्राथमिकता



एसडीओ का स्वागत करते हेसामुल अंसारी।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के युवा समाजसेवी हेसामूल अंसारी ने गुरुवार को लातेहार जिला मुख्यालय के अनुमंडल कार्यालय में नवपदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी परवेज आलम के पदभार ग्रहण के बाद उनसे मुलाकात कर उन्हें बुके भेंटकर स्वागत किया और जिले का पदभार ग्रहण करने के लिए बधाई दी। अनुमंडल कार्यालय में मो.परवेज आलम ने निर्वतमान एसडीओ शेखर कुमार से पदभार लिया। वहीं हेसामुल अंसारी निवर्तमान एसडीओ शेखर कुमार का भी स्वागत फुलमाला पहनाकर किया। बता दें कि एसडीओ शेखर कुमार का तबादला होने के बाद नए एसडीओ के रूप में मो.परवेज आलम ने गुरुवार को जिले के पदभार ग्रहण किया। जिसमें जिले के कई अधिकारी समेत जनप्रतिनिधि शामिल हुए थे। जहां हेसामूल अंसारी ने निर्वतमान एसडीओ शेखर कुमार द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने जिले की विधि व्यवस्था को लेकर कई कदम उठाए। वहीं नए एसडीएम ने कहा कि जिले के विधि व्यवस्था उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

## नवरात्र के अवसर पर कन्या पूजन व झांकी प्रस्तुत की गई



झांकी प्रस्तुत करती बच्चियां।

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में नवरात्रि के शुभ अवसर पर नवदुर्गा की झांकी प्रस्तुत की गई। जिसमें दुर्गा की नौ रूप को दिखाया गया। सिद्धिदात्री में बनी नवम और दशम कक्षा की छात्रा। निमिया के गाछी मैया झूलनी झुलनवा भक्ति गीत पर अपने अभिनय को प्रस्तुत किया। जिससे पूरे विद्यालय में भक्तिमय वातावरण में हो गया। विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर व जिला कारवाह धर्मेंद्र जयसवाल मौजूद रहे। अपने कथन के द्वारा ठाकुर ने बताया कि नवदुर्गा के रूप में माता को क्यों आना पड़ा महिषासुर का मर्दन कैसे हुआ माता शक्ति स्वरूपा कैसे हैं इन सभी को विस्तार से बताया गया। इन सभी माताओं की पूजा कैसे करनी चाहिए और इसके फल स्वरुप सुख शांति व वैभव की प्राप्ति हमें कैसे मिलती है। इसके पश्चात नवदुर्गा की आरती की गई विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने इस झांकी को देखने के पश्चात बताया कि ऐसा लग रहा है मानो हम सभी देवलोक में हैं और साक्षात सभी देवियों का दर्शन कर रहे हैं। इस मौके पर लालबहादुर राम, शशिकांत पांडे, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधे श्याम मिश्र, समेत विद्यालय के सभी कर्मचारी गण एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं उपस्थित रहे।

### लातेहार पुलिस ने विभिन्न महानगरों से 16 बालिका व एक बालक का किया रेस्क्यू

# लातेहार पुलिस ने मानव तस्करी के बड़े नेटवर्क का किया भंडाफोड़

▶▶ मानव तस्करी के नेटवर्क में शामिल 2 महिला समेत 7 अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी अंजनी अंजन।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के कार्यकुशलता व कुशल नेतृत्व में लातेहार पुलिस के टीम ने मानव तस्करी के खेल में संलिप्त एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करने में सफलता पाई है। लातेहार पुलिस ने विभिन्न महानगरों से 16 बच्चियों समेत कुल 17 बच्चों का सफल रेस्क्यू किया है साथ ही मानव तस्करी के सिंडिकेट में संलिप्त दो महिला समेत संलिप्त 7 लोगों को गिरफ्तार करने में भी सफल रही है। लातेहार एसपी कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि उन्होंने मानव तस्करी जैसा जघन्य अपराध झारखण्ड एवं छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल ग्रामीण इलाकों में बड़े पैमाने पर होती है। तस्कर क्षेत्रों में गरीबी एवं अशिक्षत वर्ग के लोगो को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर व बहला-फुसलाकर रुपए का लालच देकर नाबालिक बच्चियों/बच्चों को महानगरों में घरेलु कार्य हेतु पहुंचाते हैं। इस तरह की घटना लातेहार जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों से होते रही हैं। इसी सन्दर्भ में लातेहार जिला अंतर्गत एंटी ट्रैफिकिंग यूनिट एवं महुआडांड़ थाना में कांड दर्ज हुआ हैं। इन बच्चियों/बच्चों की बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक स्तर से कई पुलिस पदाधिकारियों/ पुलिस कर्मियों की कई टीम बनाकर दिल्ली/उतर प्रदेश/हरियाणा राज्य से बाहर भेजा गया था। जहाँ से कुल 16 नाबालिक बच्चियों एवं 01 बच्चा को रेस्क्यू कर लाया गया है। ये सभी बच्चियाँ/बच्चे झारखण्ड राज्य के लातेहार जिला तथा छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिला के है। रेस्क्यू किये गए बच्चों एवं बच्चियों में ज्यादातर सुदूरवर्ती क्षेत्र के एक आदिम (पीटीजी) जनजाति समाज से हैं। इधर एसपी ने कहा कि मानव तस्करों की एक नेटवर्क है। इस नेटवर्क में सबसे पहली कड़ी सर्पोटर होते है, जो अपने गांव-कस्बों के आस-पास पीड़ित की पहचान करते है, तथा इनके भोले-भाले परिजनों को पैसा एवं काम का लालच देकर बच्चियों/ बच्चों को कुरियर तक पहुंचाते है। दूसरी कड़ी कुरियर का होता है, जो बच्चियों/ बच्चों को सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाके से बड़े शहरों के प्लेसमेंट एजेंसी के पास फ्लाइट, ट्रेन और बस से पहुंचाते हैं। तीसरी कड़ी इन प्लेसमेंट एजेंसी की होती हैं, जो बच्चियों/बच्चों को ग्राहक के पास भेजते है, एवं इनके एवज में मोटा रकम हासिल करते है। ज्यादातर यह देखा गया है कि बच्चियों/बच्चों से दिन भर घर में सारे काम कराये जाते है, ठीक से खाना या कपड़ा भी नही दिया जाता है तथा इनके साथ कलाईंट/ सेठ/ मैडम मारपीट एवं दुर्व्यवहार भी करते है। कई बार एक मानव तस्कर पीड़ित को दूसरे मानव तस्कर के पास सप्लाई भी कर देते हैं। इस मानव तस्करों के श्रृंखला में एक-दूसरे को कमिशन प्लेसमेंट एजेंसी के द्वारा दिया जाता हैं। इस कुकृत्य अपराध में शामिल मानव तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। अनुसंधान एवं पूछ-ताछ के क्रम में यह बात भी स्पष्ट रूप से सामने आयी है कि कई बच्चियों का मानव तस्करों द्वारा यौन शोषण भी हुआ है एवं कई बच्चियों के साथ मारपीट भी किया गया तथा दबाव बनाकर काम पर लगाया गया। प्लेसमेंट एजेंसी ने ज्यादातार मामलों में पीड़ित के पैसे का भी गबन किया। पीड़ित के पास मोबाईल फोन या किसी तरह से संपर्क करने के साधन नही होते थे। एजेंट एवं प्लेसमेंट एजेंसी यह सुनिश्चित करती थी कि पीड़ित किसी से बात न कर पाये एवं खुद के विषय में किसी को न बता पाये। मानव तस्करों से बच्चो को बचाने हेतु तथा इस तरह के मामलो में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लातेहार पुलिस द्वारा टीम का गठन कर अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक एवं विभिन्न तरीको से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। सभी कानूनी प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए रेस्क्यू किये गए सभी बच्चियों एवं बच्चो को शिक्षा एवं पुनर्वास की व्यवस्था लातेहार प्रशासन द्वारा की जा रही है।

**इनकी हुई है गिरफ्तारी**

गिरफ्तार मानव तस्करों में गोपीचंद महतो उर्फ गोपाल उर्फ गोपी पिता जयनारायण महतो (ग्राम पहामु, थाना- पुसो, जिला- गुमला), अनिमा नगेसिया पति- विकाश नगेसिया (ग्राम- चटकपुर, थाना-महुआडाड, जिला- लातेहार), सलेन्द्र नगेसिया पिता स्व. रघु नगेसिया, (ग्राम सिमार टोली ओरसापाट थाना- महुआडांड, जिला- लातेहार), मनोज प्रसाद उर्फ मनोज जायसवाल पिता सुरेन्द्र प्रसाद (ग्राम ओरसा, थाना- महुआडांड़, जिला- लातेहार) सुनिता मुरमूरीन उर्फ सुनिता मुण्डा उर्फ सुनिता मुरमूरिंग पति- ब्रजकिशोर सिंह (ग्राम- गलय टोली डोमटोली थाना- कोलेबिरा, जिला- सिमडेगा) (झारखण्ड) वर्तमान पता साबी 116 बीडीडीए शिवाजी एन्क्लेव रजौरी गार्डन नई दिल्ली, सदीप कुमार बड़ाईक पिता मुन्ना बड़ाईक (ग्राम ओरसा (अम्वाटोली) थाना महुआडाड़, जिला - लातेहार) व विकास नागेशिया पिता भोदो बरवा उर्फ चायो नागेशिया (ग्राम-तेंदरावाली, थाना-मनोहरपुर, जिला-चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम) शामिल हैं।

**ये समान हुए बरामद**

तस्करों के पास से फर्जी एजेंसी का नोट पैड, 6 मोबाईल फोन, 7 आधार कार्ड, 6 सिम, हवाई जहाज का टिकट, रेलवे का टिकट, मालिक तथा बच्चों के बीच का एग्रीमेंट पेपर बरामद किया गया है।

**छापामारी में ये थे शामिल**

छापेमारी टीम पुनि चंदशेखर चौधरी, पुअनि कुमार सुमित यादव, आशुतोष कुमार यादव, मो. जफर आलम, अजय कुमार दास, राहुल कुमार मेहता, दिलीप कुमार दास, जवान श्रीकांत कुमार, पंकज कुमार, महिला पुलिस मुगी सोरेन, गोदलीवा कुजूर शामिल थे।

# लातेहार उपायुक्त व एसपी पहुंचे बालूमाथ दुर्गा पूजा की तैयारी का लिया जायजा



निरीक्षण करते डीसी व एसपी।



डीसी व एसपी को सम्मानित करते समिति के लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन एवं एसपी अंजनी अंजन गुरुवार को बालूमाथ पहुंचे। मौके पर लातेहार एसडीओ परवेज आलम, बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम, बालूमाथ सर्किल इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, थाना प्रभारी धर्मेंद्र महतो समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान दोनों पदाधिकारियो ने बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय स्तिथ पूजा पंडाल का निरीक्षण किया। जहां बालूमाथ दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष रवि सिंह समेत कमिटी पदाधिकारी शैलेश सिंह, रवि रजक, रंजय कुमार ने सभी पदाधिकारी को चुनरी पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान लातेहार उपयुक्त हिमांशु मोहन ने उपस्थित पदाधिकारियो को दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इसके बाद बालूमाथ शहर में पुलिस ने मॉक ड्रिल का आयोजन किया। उपायुक्त हिमांशु मोहन, एसपी अंजनी अंजन की उपस्थिति में हुए इस मॉक ड्रिल में हुडदंगियों से निपटने के लिए उन पर लगाम लगाने के लिए उद्देश्य से मॉक ड्रिल किया गया था। जिसमें पुलिस ने हुड़दंग कर रहे लोगों को कंट्रोल करने के लिए पानी की बौछार व लाठी चार्ज का प्रयोग किया। मौके पर जानकारी देते हुए एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि लातेहार पुलिस असमाजिक तत्व और सौहार्द बिगड़ने वाले पर पुलिस-प्रशासन पैनी नजर रखे हुए हैं। उन्होंने बालूमाथ वासियों से त्यौहार शांतिपूर्ण मनाने का अपील किया। वहीं उपयुक्त हिमांशु मोहन ने कहा कि दुर्जा पूजा त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन मुस्तैद है।

## लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में परवेज आलम ने किया पदभार ग्रहण



पदभार लेते नए एसडीओ।

▶▶ लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादन करना पहली प्राथमिकता होगी : परवेज आलम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** अनुमंडल कार्यालय के नए पदाधिकारी के रूप में परवेज आलम ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। नए अनुमंडल पदाधिकारी ने निवर्तमान शेखर कुमार से पदभार लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद नए अनुमंडल पदाधिकारी परवेज आलम ने कहा कि अनुमंडल स्तर के लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादन करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही जाति, आवासीय, आय एवं अन्य सभी तरह के प्रमाण पत्र निर्धारित अवधि में निर्गत किये जायेंगे। ताकि आमलोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। इसके अलावा लॉ एंड ऑर्डर के मामले को दुरुस्त रखने के लिए जो भी कदम उठाना होगा, उठाया जायेगा। उन्होंने कहा कि आमलोगों, मीडिया एवं सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ मिलकर एवं तालमेल बैठाकर कार्य करने का प्रयास किया जायेगा। इस मौके पर अनुमंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 188 विद्यालयों के प्रधानाध्यापको को दिया गया यू डाइस प्लस का प्रशिक्षण



प्रशिक्षण लेते प्रधानाध्यापक।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** मध्य विद्यालय चंदवा स्थित प्रसाल कक्ष में यू डाइस प्लस में ऑनलाइन आंकड़ा प्रविष्टि करने को लेकर प्रधानाध्यापकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यू डाइस प्लस प्रशिक्षण में प्रखंड के 188 विद्यालयों के प्रधानाध्यापको ने भाग लिया। प्रशिक्षक सुबोध कुमार ने बताया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को विद्यालय संबंधीत सभी प्रकार के आंकड़े भरने संबंधी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें विद्यालय के बच्चों के आंकड़े, आधारभूत सरंचना, शिक्षक संबंधी विस्तृत आंकड़े, बच्चों की उपलब्धि स्तर, बिजली, ब्रेंच-डेस्क एवं शौचालय इत्यादि के सभी आंकड़ों को सही-सही भरकर जमा करने का प्रशिक्षण दिया गया। बता दें कि भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय एक क्लिक में प्रखंड के किसी भी विद्यालय में चल रहे शैक्षणिक-प्रशैक्षणिक कार्यक्रमों समेत आधारभूत संरचना का अध्ययन कर सके व उसी के अनुरूप राज्य और केंद्र सरकार द्वारा भविष्य की कार्यवाही तय करने के साथ विद्यालय की उपलब्धियों, कमियों की समीक्षा वास्तविकता के साथ की जा सके इसी के मद्देनजर उक्त कार्यक्रम चलाया रही है। मौके पर बीआरपी प्रतीक कुमार सिन्हा, कृष्णा कुमार, तौशिर आलम, गजेंद्र राम, दीपक कुमार, डीडीओ केदार नाथ महतो, अनूप बड़ाइक समेत कई प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

## ऑन ड्यूटी वन विभाग का कर्मी 3 दिनों से लापता, परिजन परेशान, दर्ज कराया सनहा



लापता वन कर्मी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा वन प्रक्षेत्र कार्यालय में पदस्थापित वन रक्षी सुमित कुमार गुप्ता पिता हरदेव प्रसाद साव विगत 17 अक्टूबर से गायब है। जिसके बाद से उसका फोन बंद आ रहा है व कोई अता-पता नही चल पा रहा है। जिस कारण परिजन व विभाग के लोग परेशान है। मामले को लेकर गुमशुदाकर्मी के पिता हरदेव प्रसाद साव ने मामले को लेकर चंदवा थाना में लिखित आवेदन देकर सनहा दर्ज कराते हुए पुत्र के सकुशल बरामदगी को लेकर मदद की गुहार लगायी है। आवेदन में बताया कि 17 अक्टूबर को सुबह 10 बजे सुमित कुमार गुप्ता ड्यूटी पर गया था, दोपहर 2 बजे उससे बात हुई थी उसने बताया था कि वह अपने कार्य क्षेत्र में आया है शाम तक लौटेगा, लेकिन वह देर रात्रि तक वापस नही लौटा, फोन लगाने पर उसका फोन भी ऑफ आ रहा था, जिसके बाद विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी तो उन्होंने बताया कि सुबह हजारी बनाने के बाद वह अपने कार्य क्षेत्र गया था। वहां भी कुछ पता नही चलने के बाद कई जगहों में खोज बीन किया लेकिन उसका कोई सुराग मिला। इसके बाद गुरुवार को चंदवा थाना में आवेदन देकर पुलिस से मामले की तहकीकात की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है। इधर मामले को लेकर वन विभाग के अधिकारियों ने भी स्थानीय प्रशासन से मुलाकात कर कर्मी के सकुशल बरामदगी को लेकर आग्रह किया है।

## अन्नपूर्णा बीज भंडार के द्वारा महानवमी को वनशक्ति मंदिर में किया जाएगा महा भंडारा

**चंदवा।** शारदीय नवरात्र के महानवमी के मौके पर अन्नपूर्णा बीज भंडार चंदवा के सौजन्य से एनएच 75 मुख्य मार्ग पर स्थित वन शक्ति मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए अन्नपूर्णा बीज भंडार के प्रोपराइटर अंकित कुमार ने बताया कि 23 अक्टूबर सोमवार को दिन के 11:00 बजे से उक्त भंडारा कार्यक्रम प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोतिनाथ शाहदेव समेत कई गणमान्य लोग शामिल होंगें। इन्होंने श्रद्धालुओं व धर्म प्रेमियों से भंडारा कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## शारदीय नवरात्र को लेकर भक्ति जागरण का किया गया आयोजन



भक्ति जागरण का उद्घाटन करते।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा बाड़ी परिसर मे शारदीय नवरात्र को लेकर भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। भक्ति जागरण का उद्घाटन थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, पूजा समिति के अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद व पूजा समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जहां बलवीर सिंह झांकी ग्रुप समिति मां दुर्गा महिषासुर वर्धनी कला केंद्र तुर्रा पिपरी रेणुकूट सोनभद्र के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक जीवंत झांकी प्रस्तुत किया गया। झांकी के माध्यम से भगवान कृष्ण का रासलीला, मां दुर्गा, महाकाल सहित अन्य झांकी प्रस्तुत किया गया। मौके पर काफी संख्या श्रद्धालु दर्शक उपस्थित थे।

# राजा मेदिनीराय द्वार के जीर्णोद्वार कार्य की रखी गयी आधारशिला

▶▶ तीन वर्ष पूर्व वज्रपात से द्वार का ऊपरी हिस्सा हो गया था धराशाई

▶▶ 29 वर्ष पूर्व रामचंद्र सिंह के प्रयास से हुआ था द्वार का निर्माण



राजा मेदिनिराय द्वार का शिलान्यास करते विधायक।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** झारखण्ड के पलामू प्रमंडल के महाप्रतापी राजा मेदिनिराय की स्मृति में बरवाडीह- डालटनगंज मुख्य मार्ग एनएच-75 पर दुबियाखाड़ मोड़ में राजा मेदिनिराय द्वार के जीणोद्धार कार्य का शिलान्यास गुरुवार को मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने पूरे विधि-विधान के साथ अपने विधायक मद से किया। शिलान्यास के दौरान विधायक ने बताया कि विगत तीन वर्ष पूर्व वर्जपात में द्वार का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल में लगभग 29 वर्ष पूर्व इस द्वार का निर्माण कराया था। जिसका उदघाटन बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने 1997 में किया था। बता दें कि चेरो वंश के राजा मेदिनी राय सन् 1658 से 1674 तक झारखंड राज्य के पलामू जिले के राजा थे। राजा मेदिनी राय द्वारा निर्माण किया गया किला वर्तमान समय में पूरी तरह से जर्जर हो चुका है, लेकिन ये आज भी इस क्षेत्र की शान हैं, और पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र है। इस पुराने किलों को देखने के लिए साल में देश-विदेश से लाखों सैलानी घूमने आते हैं, और यहां के खूबसूरत वादियां को देखकर मोहित हो जाते हैं। विधायक ने कहा कि इस द्वार को पहले से और भी भव्य और खूबसूरत बनाया जाएगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू, मृत्युंजय सिंह, अर्जुन सिंह, पूर्व मुखिया आनंद कुमार, रविंद्र सिंह, अजीत सिंह, मृदुल सिंह, उमेश सिंह, हृदया सिंह, ठाकुराई सिंह और छोटू विश्वकर्मा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दिव्यांगों के हित में आवाज होगी बुलंद, सरकार और सिस्टम सहानुभूति पूर्वक करे विचार : अरविन्द

**छतरपुर पलामू।** दिव्यांग अधिकार मंच की प्रदेश कमेटी नें दिव्यांगों के हित की रक्षा के लिए आवश्यक बैठक का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता मंच के प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने किया और मुख्य अतिथि के रूप में मंच के प्रदेश संरक्षक अरविन्द गुप्ता चुनमून उपस्थित थे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद ने कहा की दिव्यांगो को दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 के अनुसार सुविधाएं मिलने चाहिए। बैठक में प्रमुखता से कई समस्याओं पर चर्चा की गई जिसमें प्रमुख रूप से दिव्यांगों के लिए सभी प्रखंडों में आवासीय दिव्यांग विद्यालय खोलने। सभी 18 वर्ष से ऊपर वाले दिव्यांगों और विधवाओं को सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार पीला अंत्योदय कार्ड बनवाना शामिल थी।

स्पीड न्यूज

## संदीप ने 10 हजार पैदल चाल में जीता कांस्य पदक

**धनबाद/भागा।** वीर भगत सिंह एकाडमी का छात्र संदीप घोष ने कोलकाता में ईस्ट जोनल एथलेटिक मीट में भाग ले कर 10,000 मीटर पैदल चाल में कांस्य पदक जीतकर धनबाद अपने क्षेत्र भागा के साथ पूरे झारखंड के नाम रोशन करने पर एकाडमी के और से स्वागत किया गया,जिसमे मुख्य तौर पर फीडर एथलीट कोच जयराम और भाजपा युवा मोर्चा के अभिषेक सिंह ने एकेडमी में उपस्थित होकर संदीप घोष को माला पहनाकर स्वागत स्वागत किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## धनबाद : गरीब बच्चों के बीच मिठाई और चाउमिन का वितरण

**धनबाद।** गुरुवार को नवरात्र के अवसर पर रौनियार वैश्य महिला कल्याण मंच धनबाद ने धनसार, अनुग्रह नगर में जरूरतमंद बच्चों के बीच उनकी इच्छा के अनुसार चाऊमीन ,मिठाई,समोशा का वितरण किया। पिंकी गुप्ता की अध्यक्षता में हुई इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुधा गुप्ता, नम्रता गुप्ता, सीमा गुप्ता, सुषमा गुप्ता, अनु गुप्ता ,श्रुति गुप्ता, संगीता,ज्योति गुप्ता, सीमा कुमारी गुप्ता आदि का सराहनीय योगदान था।

## फर्जी दस्तावेज के आधार पर बिक गया पंचायत सचिवालय

**पूर्वी टुंडी ।** पूर्वी टुंडी प्रखंड स्थित मैयरानवाटाड पंचायत का पंचायत सचिवालय फर्जी दस्तावेज के आधार पर बिक गया। तथा उक्त स्थल का दाखिल खारिज अंचल कार्यालय से हो गया। यह आरोप स्थानीय पंचायत के मुखिया खेमा मोदक ने अंचल कार्यालय पर लगाया है। मुखिया ने बताया कि पंचायत सचिवालय के जमीन को हल्का कर्मचारी तथा अंचल निरीक्षक के जांच प्रतिवेदन में परति दिखाया गया है। वही इस संबंध पर सीओ देवराज गुप्ता से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि हमें यह सूचना सोशल मीडिया व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से मिली है। जांच पड़ताल करके अग्रसर कार्रवाई की जाएगी।

## युवाओं को आरके कंपनी को देना होगा रोजगार : अमलेश

**कतरास ।** जनता श्रमिक संघ (अ) के कतरास क्षेत्रीय सचिव एवं पूर्व मुखिया अमलेश सिंह ने आज कतरास क्षेत्र अंतर्गत सलानपुर मे आई नई कंपनी आर. के को ज्ञापन सौंपा जिसमें यहां के स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की बात कही गई है। अमलेश सिंह ने साफ तौर पर कंपनी के पदाधिकारियों को कहा कि अगर कंपनी यहां के युवाओं से बात किए बिना या गुंडों के बल पर काम करवाना चाहेगी तो उनको अपना बोरिया बिस्तर बाँध कर वापस लौट जाना होगा।

## बांसगोड़ा में जलकर मरी अमीषा मामले में पुलिस सक्रिय

**बोकारो।** बोकारो जिलान्तरगत माराफारी थाना क्षेत्र के बांसगोड़ा में मुमताज अली की पत्नी लगभग 40 वर्षीय अमीषा परवीन की जलने से हुई मौत के मामले में पुलिसिया छान बीन जारी है। किसी तरह की अप्रिय घटना की सावधानी हेतु घटना स्थल के समीप पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार माराफारी थाना में केस संख्या 103-23 दर्ज कर लिया गया है। कई लोगों को बुलाकर पुलिस घटना की तह तक जाने का प्रयास कर रही है। यह जानकारी देते हुए पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि शीघ्र ही मामले का खुलासा होगा।

## दीदीबाड़ी योजना में मजदूरों की मजदूरी में हेराफेरी

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के गर्री पंचायत में मनरेगा के तहत दीदी बाड़ी योजना की लाभुक रूमी निशात परवीन की मजदूरी का भुगतान अन्य 10 मजदूरों ने ले लिया है। योजना की मजदूरी राशि सिर्फ महिला को भुगतान करने का प्रावधान है।

### रेलवे मेला में थोड़ी सी चूक पर कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

# हाई वोल्टेज तार के नीचे लगा दिया मौत का कुआं

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** हर साल दुर्गा पूजा का मेला आता है और मेला लगाया जाता है मेले में खेल तमाशा भी आते हैं जिसमें मौत का कुआं एवं टावर झूला को दर्शक काफी पसंद करते हैं। लेकिन उसके हकीकत कुछ और ही है खेल मदारी के परमिशन पर मौत के खेल का खेल खेला जाता है मौत का खेल दिखाने वाले किसी भी खिलाड़ी को कुछ होती है उसका भगवान ही मलिक है। ना तो गाड़ी का इंश्योरेंस रहता है ना ही खिलाड़ी का इंश्योरेंस रहता है मौत का कुआं में घूमने वाले गाड़ी का रोड परमिट तक नहीं हैं। ऐसे में कोई दुर्घटना घटती थी इसका जिम्मेवार कौन होगा यह सोचने की बात है। जिला प्रशासन को भी ध्यान रखते हुए इसका परमिशन देना चाहिए। मेले में ऐसा खेल का परमिशन इसके लिए प्रखंड के अंचल अधिकारी और धनबाद के अधिकारियों द्वारा आदेश प्राप्त होता है। झूला संचालकों द्वारा खेल मदारी का आदेश मेले ग्राउंड में लगाने का आदेश प्राप्त करते हैं , लेकिन हकीकत कुछ और आपको ले चलते हैं कतरास के रेलवे इंस्टिट्यूट मैदान में जहां एक से बढ़कर एक झूले लगाए गए हैं, जिसमें सबसे खतरनाक मौत के कुआं का खेल है जो इस कुएं के अंदर में दो से तीन फोर व्हीलर गाड़ी और 3 से 4 मोटरसाइकिल एक साथ चलाया जाता है , मेला में घूमने आए दर्शनार्थियों को मौत के बने हुए लोहे के इंगल और लकड़ी के पटरे से बने कुएं के ऊपर खड़ा होने का एक स्थान (जगह) दिया जाता है, जहां से इस खेल का दृश्य देखा जाता है इसके अलावे भी कई झूले भी है जो खतरनाक झूला माना जाता जैसे मौत का कुआं, रेंजर झूला , हथौड़ा झूला, टावर झूला , ब्रेक डांस झूला, नोका, टोराटोरा, ड्रैगन हैं।

### वाहन चालक का नहीं होता है बीमा

बात दें कि मौत के कुआं में गाड़ी चलाने वाले राइडर (चालक) जो होते हैं वह फोर व्हीलर और बाइक चलाता है, इस राइडर का इंश्योरेंस नही, मारुति का पेपर फेल, हाई टेंटेंशन बिजली तार के निचे मौत का कुआं बना हैं। सूत्रों के हवाले से खबर है कि श्री बजरंग मारुति सर्कस और पूजा कमेटी इस खतरनाक झूले पे पर्दा डालने के लिए लक्ष्मी से दर्शन भी कराया जाता है। सामाजिक कार्यकर्ता , राजनीतिक करने वाले नेताओं और कुछ ऐसे लोगों को झूले पर पर्दा डालने के लिए उन्हें झूला पास फ्री में घूमने के लिए दिया जाता है। झूले पास का दुरुपयोग भी काफी होता है, जिसे झूले के समीप हर वर्ष मारपीट की नौबत भी आता है, जिसे पुलिस को काफी मशक्कत करना पड़ता है। दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था संधारण के लिए जिला प्रशासन के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने, पूजा पंडाल में प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित करने, सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम के साथ समन्वय स्थापित करने तथा संबंधित अंचल में हिट एंड रन मामलों का तेजी से निष्पादन करने का निर्देश बैठक में सभी अंचल के अंचल अधिकारी को दिया गया है। वही मामले को लेकर मेला संचालक घनश्याम ने बताया कि सभी झूठों का परमिशन धनबाद एसडीएम से प्राप्त हो चुकी है उसके बाद ही मेला लगाया जा रहा है

## जोगता में चल रहा अवैध लोहे का गोदाम, प्रशासन उदासीन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** एक और जहां जिले के वरीय पदाधिकारी जिले में अवैध ट्रांसपोर्टिंग भंडारण और अवैध कारोबार को लेकर लगाम लगाने हेतु सभी अंचल के अंचल अधिकारी के साथ बैठक कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर धनबाद अनुमंडल क्षेत्र के जोगता थाना क्षेत्र में लोहे का अवैध डिपो शौकत नामक युवक द्वारा सीना ठोक कर चलाया जा रहा है एवं धनबाद जिला प्रशासन के आदेशों को ठेंगा दिखाया जा रहा है। आसपास के कोलवरियों से दर्जनों ठेला से लोहा डोकर जोगता थाना के पीछे शौकत के गोदाम में जमा किया जाता है और जिस रात के अंधेरे में धनबाद भेजने का काम किया जा रहा है तस्वीरों में आप देख सकते हैं किस तरह से बीसीसीएल का स्क्रेप से रात के अंधेरे में ढोया जा रहा है, जबकि बीसीसीएल की संपत्ति की रक्षा करने के लिए सीआईएसएफ के जवान तैनात रहते हैं उसके बावजूद भी कोलवरियों से अवैध स्क्रेप निकलना सीआईएसएफ के ऊपर कई सवाल खड़ा करते हैं।

### महुदा में धड़ल्ले से चल रहा कोयले का अवैध डिपो

**महुदा।** धनबाद जिला प्रशासन के लाख कोशिशों के बावजूद भी जिले में कोयले का काला कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला बाघमारा अनुमंडल क्षेत्र के महुदा थाना क्षेत्र का है जहाँ महुदा थाना क्षेत्र के चरकीटांड मे अवैध कोयला का डिप्पो धडल्ले से चल रहा है। महुदा थाना से कुछ ही दूरी पर लाल बंगला के पीछे चरखीटांड में जगदीश, एहसान और मुकेश के सिंडिकेट के द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध कोयला का भंडारण किया गया है। लेकिन स्थानीय पुलिस कार्रवाई करने से परहेज कर रही है।

## जर्जर लोहा पुल की मरम्मत को लेकर ग्रामीणों ने रोका डंपर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो थर्मल सीसीएल का कोयला ओवर लोडेड हाइवा डम्फर के द्वारा ट्रांसपोर्टिंग होने से लोहा पुल व रोड की स्थित बद से बत्तर हो गई है जिसके कारण ग्रामीणों ने किया सड़क को जाम गैरमजरुआ बस्ती के लोगो ने सीसीएल की हाइवा डम्फर को रोका और नारेबाजी किया। पड़ोसी ग्रामीणों का कहना है की भारी लोडेड हाइवा डम्फर चलने से रोड की स्थिति बद से बत्तर हो गई है । न तो डीवीसी प्रबन्धन और न ही सीसीएल के प्रबन्धन रोड व पुल की अच्छी तरह मरम्मत करती है जिसके कारण इस रास्ते से होकर गुजरने वालों कि आये दिन हमेशा कुछ न कुछ घटना होती रहती है। इसी रास्ते से ग्रामीण बच्चे व बच्चियां रोज पढ़ने के लिए स्कूल जाती है कभी भी बडी घटना घट सकती है आखिर हम ग्राम वासी कहा जाये। सीसीएल से बात करते है तो कहती है डीवीसी से बात कीजिए। हम लोगो का कोई सुनने वाला नहीं है। जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होंगी। तबतक हमलोग नहीं हटेंगे। मौके पर परमेश्वर प्रजापतिए पूर्व पंचायत समिति सोमनाथ गंजूए कुलदीपए नरेशए कपीलए संतोषए झब्बूएशंभू रामए जयराम रविदासए प्रफुल्ल ठाकुरए सीसीएल के प्रोजेक्ट ऑफिसर एके तिवारीए सीसीएल के सिविल इंजीनियर संजय सिंह उपस्थित थे।

## आउट सोर्सिंग के विरोध में निकली चेतना रैली

● स्थानीय संघर्ष मोर्चा ने निकाली रैली

खबर मन्त्र संवाददाता



**पुटकी।** स्थानीय संघर्ष मोर्चा के बैनर तले धनबाद के पूर्व प्रखंड प्रमुख भानु प्रताप के नेतृत्व में गुरुवार को चेतावनी रैली निकाली गई। जो पुटकी बाजार, 10 नंबर खटाल से होते हुए 17 नंबर पुटकी में चल रहे एसटीजी एसोसिएट्स आउटसोर्सिंग कम्पनी के ऑफिस तक जाकर सभा में बदल गई। रैली में काफी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।वही रैली को सम्बोधित करते हुय भानु प्रताप ने कहा कि गलत तरीके से नियम कानून को ताक पर रख कर माइंस चलाई जा रही है।जिसे जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। किसी भी कीमत पर हम लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ नहीं होने देंगे।झारखंड सरकार के नियमानुसार पचहत्तर प्रतिशत यहाँ के स्थानीय को रोजगार भी नहीं दिया गया है।ओर बाहरी लोगो को लाकर कम्पनी में कार्य कर रहे हैं। आज चेतावनी रैली कर रहे हैं। यदि कंपनी हमलोगों से सकरात्मक वार्ता नही करेगी तो आगामी 26 अक्टूबर से आउटसोर्सिंग का अनिश्चित कालीन चक्का जाम का आंदोलन करेंगे। जिसकी सारी जबाब देही आउटसोर्सिंग कम्पनी की होगी।मौके पर चन्द्र शेखर पाटक,हीरा शर्मा, मुर्तजा अंसारी,विकास सिंह चौधरी,राजन सिंह,रुखसाना खातून, योगेश सिंह चौधरी,कैलाश सिंह चौधरी , मंतोष ओझा,राजू अंसारी,सुरेश यादव,आदि सैकड़ो मौजूद रहे।

## पर्यटन सचिव ने किया तेनुघाट और लुगुबुरू घंटाबाड़ी का भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/तेनुघाट।** राज्य के पर्यटनए कला संस्कृतिए खेलकूद और युवा कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार ने 18 अक्टूबर को बेरमो अनुमंडल अंतर्गत तेनुघाट डैमए लुगुबुरू ललपनिया एवं तेनुघाट गेस्ट हाउस का भ्रमण कियाण इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई प्रयास किए जा रहे हैं और आगे भी किए जाएंगेण सभी संभावनाओं को देखते हुए जिले के तेनुघाट डैम एवं लुगुबुरू घंटाबाड़ी को प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से सौंदर्यीकरणए नई संरचना का निर्माण कराया जाना हैण इसको लेकर जिले के वरीय पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया है। मौके पर बोकारो डीसी कुलदीप चौधरीए निदेशक पर्यटन अंजली यादवए एसपी प्रियदर्शी आलोक एवं संयुक्त सचिव मोइउद्दीन खांए उप विकास आयुक्त कीर्तिश्री जीए अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत आदि उपस्थित थे।भ्रमण के बाद इस संबंध में पर्यटन सचिव श्री कुमार ने बताया कि तेनुघाट डैमए सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउसए डैम स्थित घाट का निरीक्षण कियाण इससे पूर्वए जेटीडीसी के तेनुघाट स्थित टूरिज्म कॉम्प्लेक्स सभागार में जिले के पदाधिकारियोंए बांध प्रबंधन आदि के साथ पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने को लेकर विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की।

## चिन्मय विद्यालय के विजेता विद्यार्थी पुरस्कृत



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** स्थानीय चिन्मय विद्यालय के हिन्दी विभाग माध्यमिक वर्ग के तत्वावधान में आयोजित हिन्दी पखवाड़ा में प्रत्येक दिन नए नए विषयों पर आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्र छात्राओ द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रत्यक्षा सिंह ने कत्थक नृत्य एवं आदित्य राज ने किस्सागोई प्रस्तुति किया। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता सुधांशु महतो प्राची प्रियदर्शिनी सार्थक राज सिंह अविषी अंशुमान महतो अदिति रघुवंशी सुदीक्षा रापाज एवं प्रियांशु सिंह को पुरस्कृत किया। उन्होंने हिन्दी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल एक भाषा नहीं अपितु हमारे जीवन मूल्यों संस्कारों तथा राष्ट्रीय एकता का बोध कराने वाली पूरी संस्कृति है। आयोजन में अकादमिक पर्यवेक्षिका रश्मि सिंह एवं हिंदी विभाग की आभा सिंह रोली प्रियदर्शिनी रीना सिंह आरती कुमारी डॉली झा एवं अभिजीत कुमार उपस्थित थे।

## कसमार : रघुनाथपुर के लिए मिट्टी मोरम सड़क निर्माण कार्य शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत बगदा पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय रघुनाथपुर के विद्यार्थियों को स्कूल जाने आने की परेशानियों को देखते हुए कसमार बीडीओ अनिल कुमार व सीओ सुरेश कुमार सिन्हा तथा मुखिया गीता देवी की उपस्थिति में रैयतों की सहमति पर मनरेगा योजना के तहत करीब 500 मीटर लम्बा तथा 3 फीट चौड़ा कच्चा मिट्टी पथ निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। स्कूल जाने आने के रास्ते हेतु रैयत सुरेन्द्र महतो जगदीश करमाली निरंजन महतो राजेन्द्र महतो चतुर्थ करमाली दिलीप करमाली धनेश्वर करमाली बसंत महतो भुनेश्वर महतो आदि ने मनरेगा के तहत सड़क बनाने के लिए सहमति दी। सड़क निर्माण कार्य में जॉब कार्ड धारकों में महेश करमाली संजय महतो सरिता देवी सुनील करमाली कुंती देवी पूनम देवी मालती देवी फेकन करमाली सरना देवी सहिया देवी कमली देवी सुधीर करमाली प्रकाश करमाली दुखनी देवी मधु करमालीएगुड़िया देवी धुरनी देवी आदि समेत दर्जनों मनरेगा जॉब कार्ड धारी कार्य कर रहे थे। मौके पर कसमार प्रभारी बीईईओ घनश्याम साहू बगदा पंचायत की मुखिया गीता देवी पंचायत सचिव कालीपद शर्मा अंचल अमीन रमेश कुमार राजस्व कर्मचारी सुनील गुप्ता उप मुखिया विरेन्द्र करमाली सुरेन्द्र महतो विक्रम सिंह जगदीश करमाली सिद्धेश्वर महतो प्रदीप मौजूद थे।

## बेरमो : नदी तट से चोरी गया दो टन स्क्रैप लोहा बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के बंद पड़े कैप्टिव पावर प्लांट के बाहर नदी किनारे से 18 अक्टूबर को देर शाम लगभग 2 टन स्क्रैप लोहा सुरक्षा गश्ती दल ने जब्त किया।उक्त जानकारी देते हुए क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र के महाप्रबंधक डी के गुप्ता के निर्देश के बाद गुप्त सूचना के आधार पर द्वितीय पाली क्षेत्रीय गश्ती दल ने 18 अक्टूबर की देर शाम दामोदर नदी तट से लगभग 2 टन लोहा ;स्क्रैपद्ध बरामद किया गया।उन्होंने बताया कि बरामद लोहा अज्ञात चोरों द्वारा बंद सीपीपी प्लांट से चोरी कर प्लांट के पिछले दरवाजे की ओर से नदी किनारे जंगल में छुपा कर रखा गया था। जिसे गश्ती दल ने बरामद कर महाप्रबंधक कार्यालय में जमा कर दिया।ज्ञात हो कि सीसीएल के सुरक्षा बलों के लाख प्रयासों के बाद भी यहां लोहा ० कीमती सामानों की चोरी की घटना आम हो गई है। ऐसा जान पड़ता है कि यहां सुरक्षा कर्मी पस्त और चोरो का हौसला मस्त है। यही कारण है कि बंद सीसीएल का सीपीपी प्लांट चोरो की मेहरबानी से पुरी तरह खोखला हो गया है।

## करांटे को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग

महिला सुरक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो द्वारा सरकारी स्कूल हरला में लड़कियों की सुरक्षा विषय पर आयोजित अवेयरनेस कार्यक्रम में अध्यक्ष अमीषा अग्रवाल ने कहा की महिला सुरक्षा के लिए सरकार को पाठ्यक्रम में आत्मरक्षा के लिए जूडो और कराटे को अनिवार्य कर देना चाहिए। सरकार स्कूलों मैं जूडो कराटे के इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति कर रही है पर लड़कियों को एडमिशन लेने के लिये जागरूकता कार्यक्रम भी जरूरी है। सचिव मिनी कपूर ने कहा कि यह कार्यक्रम महिलाओं को अपनी सुरक्षा और आत्मरक्षा के लिए प्रेरित करने के लिए किया गया था। साजन कपूर ने लड़कियों को ज्यादा से ज्यादा एडमिशन लेने और जूडो सीखने के लिए आगे आने को कहा। प्रवक्ता अनूप अग्रवाल ने बताया कि हमारे अवेयरनेस के प्रोग्राम की वजह से 50 लड़कियों ने जूडो कराटे में दाखिला लेकर अपनी सुरक्षा खुद करने का प्रण लिया है। मौके पर प्रिंसिपल सुनील तिवारी सहित शिक्षक ट्विंकल अमित जौहर पुनीत रंजन राजा जैन आदि मौजूद रहे।

# सिंदरी में मां दुर्गा का पंडाल आकर्षण का केंद्र

● प्रिंस क्लब मना रहा अपनी स्वर्ण जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता



सिंदरी। सिंदरी में दुर्गा पूजा को लेकर भव्य पंडाल का अस्थायी निर्माण कराया जा रहा है। इनमें प्रिंस कल्ब अपने स्वर्ण जयंती समारोह में इंडिया गेट का प्राकलित रुप और मेला तथा साज सज्जा के साथ तैयार है। वहीं भव्य पंडाल और साज सज्जा के लिए प्रसिद्ध रॉंगामाटी जय माता दी मंदिर के निमित्त आकर्षक पंडाल सहित मूर्तियों का निर्माण किया गया है। हर्ल के स्पंदन कल्ब, एसीसी दुर्गा पूजा स्थल, पूर्वांचल और पश्चिमांचल दुर्गा पूजा मंडप, रोहड़ाबाँध दुर्गोत्सव समिति, डोमगढ़ दुर्गा पूजा पंडाल सहित कई स्थलों पर दुर्गा पूजा पंडाल के भव्यतम रुप का निर्माण भी जारी है। जय माता दी मंदिर कमेटी कोषाध्यक्ष प्रशांत चंद्र हुइ उर्फ भाई दा ने बताया कि वर्ष 1956 से इस स्थान पर भव्य दुगार्पूजा आयोजित की जाती थी। भक्तों के सहयोग से वर्ष 2005 में माँ दुर्गा की स्थायी मंदिर का निर्माण कराया गया। उन्होंने बताया कि महाषष्ठी तिथि को राजपूत विचार मंच अध्यक्ष सह डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज के अधिशासी अध्यक्ष अरुण सिंह के द्वारा पंडाल का उद्घाटन किया जाएगा। वहीं महासप्तमी तिथि की संध्या आरती में झरिया थाना निरीक्षक सह प्रभारी संतोष कुमार सिंह मुख्य यजमान के रुप में शामिल होंगे।

### पूजा के आयोजन में निभार रहे भूमिका

पूजा के भव्य आयोजन में अध्यक्ष अविनाश सिंह, संरक्षक रंजीत कुमार, किशोर, सत्यदेव सिंह, प्रसाद, इंद्र मोहन सिंह, कुमार राजेश, हरेंद्र सिंह, गौरव सिंह, अतुल सिंह, राजा मालाकार, निरंतर अग्रवाल, तेजु सिंह, अशोक प्रसाद, नवीन रजक एवं सोनू कुमार सक्रिय है।

पेज 3 का शेष

### भाग्यशाली हूं, प्रभु जगन्नाथ...

राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट करता हूं। यह मेरे राजनीतिक जीवन में एक नया अनुभव है। संवैधानिक पद का अनुभव नहीं था। इससे अब मुझे संवैधानिक पद पर काम करने का अनुभव मिलेगा। ओड़िशा में ्विन पटनायक जी लोकप्रिय मुख्यमंत्री हैं।वर्षों से जनता की सेवा कर रहे हैं। सरकार के साथ मिल कर काम करेंगे ताकि ओड़िशा विकास की नयी ऊंचाई तक पहुंचे।

**सवाल :** जिस विधानसभा क्षेत्र को आपने लंबे समय तक नेतृत्व किया, उस क्षेत्र को किसके हवाले करके जायेंगे?

**रघुवर दास :** यह निर्णय हमारी पार्टी करेगी। भाजपा में कोई एक व्यक्ति निर्णय नहीं लेता। हमारी पार्टी कोई वंशवाद की पार्टी, परिवारवाद की पार्टी नहीं है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। जो भी निर्णय होता है वह सामूहिक नेतृत्व के तहत लिया जाता है।

**सवाल :** इधर, कुछ वर्षों से राज्यपाल का पद कई बार विवादों के घेरे में आने लगा है। आप कैसे संतुलन बनायेंगे?

**रघुवर दास :** निश्चित रुप से जो संवैधानिक दायित्व है। राज्यपाल का पद और उनका दायित्व संविधान में अंकित है, मैं उसका अक्षरशः पालन करुंगा। लक्ष्य एक ही है जनता का सेवा करना। ओड़िशा और झारखंड में काफी समानता है। संस्कृति, बोल-चाल और रहन-सहन झारखंड की तरह ही है। दोनों कभी एक ही राज्य थे।

### अपार शांति और अद्भुत शक्ति...

**महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती :** यहां एक ही शिला पर कमल के आसन पर मां भद्रकाली की आदमकद प्रतिमा वरदायिनी मुद्रा में विराजमान हैं। माता की बायीं ओर महाकाली और दाहिनी ओर माता सरस्वती भक्तों को दर्शन दे रही है। मंदिर में स्थापित मां भद्रकाली की मूर्ति लोकमानस में दूर्गा के रूप में पूजित है। प्रातःकाल में सूर्योदय से पहले ही सिंह द्वार से प्रवेश के साथ ही भक्तों का मां के दरबार में हाजिरी लगाना प्रारंभ हो जाता है। अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए अर्जी लगाने का सिलसिला प्राचीन समय से चला आ रहा है। भक्ति और उपासना की अनोखी डोर भक्तों को मां के आशीर्वाद से बांधे हुए खास दृश्य निर्मित करती है। मंदिर की तीनों दिशाओं में कलकल बहती मुहाने नदी और मनमोहक हरी- भरी वादियां भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। मुहाने व बक्सा नदी के संगम पर अवस्थित मां भद्रकाली मंदिर झारखंड के विख्यात मंदिरों की श्रेणी में आता है।

**ब्रह्म मुहूर्त में होती है मां भद्रकाली की पूजा :** मां भद्रकाली मंदिर में दैनिक पूजा विधान में प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में माता भद्रकाली की पूजा किया जाता है। प्रातः कालीन और संध्याकाल में आरती वाद यंत्रों की लय और ताल पर किया जाता है। पूजा विधान में पुजारियों द्वारा संकल्प करा कर मां के मस्तक पर लाल गुड़हल के फूल अर्पित किया जाता है। जिससे माता प्रसन्न होती हैं और भक्तों की हर मनोकामना को पूरा करती हैं।

**चोरी गयी मूर्ति मिलने के बाद से बलि प्रथा बंद :** मां भद्रकाली मंदिर परिसर से मूर्ति चोरी की घटना ने यहां पशु बकरे की बलि देने की परंपरा ही बदल दी। पहले मंदिर में बकरे की बलि दी जाती थी। इस घटना के बाद यहां शाकाहारी बलि देने का चलन शुरू हो गया। नौवीं-दसवीं शताब्दी में बसी इस नगरी में साठ वर्ष पहले तक मन्नत पूरी होने की खुशी में श्रद्धालु बकरे की बलि देते थे। इस बीच 1968 में इस मंदिर से मूर्ति चोरी हो गयी, बाद में मां भद्रकाली की मूर्ति कोलकाता से बरामद हो गयी। इसके बाद तो स्थानीय लोगों में माता के प्रति आस्था और गहरी हो गयी। लोगों को लगा कि यहां बलि के कारण ही माता की मूर्ति चोरी हुई। शायद अब माता नहीं चाहतीं कि यहां किसी की जान ली जाये। इसके बाद से बलि प्रथा बंद कर दी गयी। अब नवरात्र पर भक्त माता को कुष्मांड (भतुआ), ईख और फलों की बलि अर्पित करते हैं। मां भद्रकाली मंदिर परिसर के किसी भी होटल के व्यंजन में प्याज और लहसुन तक का इस्तेमाल नहीं होता।

**नवरात्र में होती है शास्त्रों की पूजा; पूरी होती है मन्नतें :** सिद्धपीठ मां भद्रकाली में नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा होती है और मां के मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगता है। नवरात्रि के दौरान माता की विशेष पूजा-अर्चना से भक्तों की सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। नवरात्र की अष्टमी तिथि को यहां शास्त्रों की पूजा की जाती है। इस दौरान भक्त उपवास रखकर देवी की भी पूजा करते हैं।

# सुनक ने किया इजरायल को समर्थन का एलान

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने सबसे कठिन समय में खड़े रहने का जताया संकल्प

एजेंसी

**लंदन/तेल अवीव।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने गुरुवार को सबसे कठिन समय में इजराइल के साथ खड़े होने का वादा किया और गाजा में एक मानवीय गलियारा खोलने का स्वागत किया। क्षेत्र में संघर्ष को और बढ़ने से रोकने के उद्देश्य से उन्होंने पश्चिम एशिया की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान इजराइल के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत की। सुनक ने इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बैठकें कीं। उन्होंने सबसे कठिन समय में इजराइल के साथ खड़े होने की



प्रतिबद्धता जताई और गाजा में एक मानवीय गलियारा खोलने का स्वागत किया। नेतन्याहू ने सुनक का गले लगाकर स्वागत किया और

### गाजा में मानवीय गलियारा खोलने का किया स्वागत

एक-दूसरे को दोस्त बताया। सुनक ने अपने इजराइली समकक्ष के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैं यह कहना चाहूंगा कि मुझे इजराइल के सबसे कठिन समय में आपके साथ यहां खड़े होने पर गर्व है। आपके मित्र के रूप में हम आपके साथ एकजुटता से खड़े होंगे। हम आपके लोगों के साथ खड़े होंगे और हम यह भी चाहते हैं कि आप जीतें। उन्होंने कहा कि इस खौफनाक समय में फंसे ब्रिटिश नागरिकों को दिए गए सहयोग के लिए भी मैं आपकी सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं। सुनक ने यह भी कहा कि ब्रिटेन जानता है कि इजराइल नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर सावधानी बरत रहा है। इसके उलट हमास के आतंकवादी नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने इजराइल में खौफनाक परिस्थितियों के लिए शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दो हफ्तों में, यह देश कुछ ऐसे दौर से गुजरा है, जिससे कोई भी देश या किसी भी इंसान को न गुजरना पड़े। कम से कम इजराइल को नहीं। इससे पहले, सुनक ने इजराइल के राष्ट्रपति हर्जोग के साथ बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने गाजा में आम फलस्तीनियों को तत्काल मानवीय सहायता प्रदान करने के महत्व पर सहमति व्यक्त की। नेताओं ने क्षेत्र में हिंसा को और बढ़ने से रोकने की अनिवार्य आवश्यकता पर बल दिया और इसके लिए मिलकर काम करना जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। सुनक ने संवाददाताओं से कहा कि सबसे बढ़कर, मैं यहां इजराइली लोगों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करने के लिए आया हूं। आपको आतंकवाद के एक अकथनीय, भयावह कृत्य का सामना करना पड़ा है और मैं चाहता हूं कि आप जानें कि ब्रिटेन और मैं आपके साथ खड़े हैं।

## स्पीड न्यूज

### अहमदाबाद में एशिया का पहला रक्तहीन हृदय प्रत्यारोपण

**नयी दिल्ली।** गुजरात के अहमदाबाद में निजी क्षेत्र के मारेंगो सीआईएमएस अस्पताल ने एशिया में पहला रक्तहीन हृदय प्रत्यारोपण किया है। अस्पताल में हृदय प्रत्यारोपण कार्यक्रम के निदेशक डॉ. धीरेन शाह, सर्जन डॉ. धवल नाइक, कार्डियोथोरेसिक एनेस्थेटिस्ट डॉ. निरेन भावसार और एनेस्थेटिस्ट एवं इंटेंसिविस्ट डॉ. चिंतन सेठ ने गुरुवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एशिया में यह पहला हृदय प्रत्यारोपण है जिसमें रक्तस्राव नहीं हुआ है।

### न्यूजक्लिकः दिल्ली पुलिस को नोटिस

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार न्यूज पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और इसके मानव संसाधन (एचआर) प्रमुख अमित चक्रवर्ती की याचिका पर गुरुवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने यूएपीए के तहत दर्ज मामले में उनकी (आरोपियों की) गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर पुलिस से जवाब तलब किया है। शीर्ष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई 30 अक्टूबर को करेगी।

### बिश्नोई के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

**नयी दिल्ली।** एनआईए ने गुजरात पुलिस द्वारा जब्त की गयी करीब 39 किलोग्राम हेरोइन से जुड़े एक मामले में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के खिलाफ गुरुवार को एक आरोपपत्र दाखिल किया। अधिकारियों ने बताया कि जांच एजेंसी ने भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक षडयंत्र), 201, 465 (जालसाजी) और 471 (धोखाधड़ी) के अलावा सूचना प्रौद्योगिकी कानून, स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधि कानून के प्रावधानों के तहत एक विशेष अदालत में पूरक आरोपपत्र दाखिल किया।

### पुणे में प्रशिक्षु विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में एक गांव के निकट बृहस्पतिवार की शाम एक प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि पश्चिम महाराष्ट्र के पुणे जिले के बारामती तालुका में दुर्घटनाग्रस्त विमान के पायलट और विमान में सवार एक अन्य व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने हालांकि दोनों के संभावित चोटों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। पुलिस ने बताया कि विमान एक निजी उड़ान प्रशिक्षण अकादमी से संबंधित था।

### सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत छह तक बढ़ी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने धनशोधन मामले में दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येन्द्र कुमार जैन को पहले दी गई अंतरिम जमानत की अवधि छह नवंबर को उनकी नियमित जमानत याचिका की सुनवाई तक बढ़ा दी है। न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने जैन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी द्वारा याचिका का उल्लेख किये जाने पर संज्ञान लिया था।

### अयोध्या में नागा साधु की गला घोंटकर हत्या

**अयोध्या ।** अयोध्या के प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में 44 वर्षीय एक नागा साधु की बुधवार देर रात गला घोंटकर कथित तौर पर हत्या कर दी गई। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि मृतक की पहचान साधु राम सहारे दास के रूप में की गई है जिसकी बुधवार देर रात गला घोंटकर कथित तौर पर हत्या कर दी गई।

### पांच हजार शिशु गृहों की शरुआत करेगी सरकारः स्मृति ईरानी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने गुरुवार को कहा कि सरकार अगले सप्ताह तक शहरों के केंद्रीय इलाकों में 5,000 शिशु गृहों की शुरूआत करेगी। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, स्मृति ईरानी ने कंपनियों से ऐसा प्रतिस्पर्धी अवसर प्रदान करने का भी आग्रह किया जो लड़कियों और महिलाओं के लिए अपना घर छोड़ने तथा अपने गृहनगर से दूर रोजगार हासिल करने के लिए आर्थिक रूप से सार्थक हो। ईरानी ने बताया कि सरकार अगले सप्ताह तक शहर के केंद्रों में 5,000 शिशु गृहों की शुरूआत करेगी।

# भ्रष्टाचारियों से पाई-पाई वसूलेंगे

## कांग्रेस ने लूटा छत्तीसगढ़ का खजाना, दिल्ली दरबार का बना एटीएमः शाह

एजेंसी



**कोण्डागांव।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कोण्डागांव के एनसीसी मैदान में एक विराट जनसभा में हुंकार भरते हुए कहा कि आप सबका जोश और बड़ी संख्या में उपस्थिति देखकर मुझे विश्वास हो गया है कि 3 दिसंबर को छत्तीसगढ़ में 3 दिवाली बनेगी। पहली त्योहार वाली, दूसरी जब 3 दिसंबर को सरकार बनेगी और तीसरी अयोध्या में जनवरी में प्रभु श्री राम का मंदिर बनेगा। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने पिछले चुनाव में ढेर सारे जो वादे किए, वह अब तक पूरे नहीं किए। महिलाओं को महतारी सम्मान योजना देना था, जो नहीं दिया गया। क्या हुआ मुफ्त गैस सिलेंडर देने के वादे का? राज्य में पूर्ण शराबबंदी लागू करने वाले थे पर क्या किया? भूपेश सरकार के शासन में ना दलित खुशहाल है, ना आदिवासी खुशहाल है, ओबीसी भी खुशहाल नहीं है। माता बहनों की तो बात ही मत करिए, युवा और किसान भी परेशान हैं। शाह ने विश्वास दिलाया कि एक बार कमल फूल सरकार बना दो, जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है, उनसे पाई पाई उनसे वसूलेंगे। कोण्डागांव जिले की दो विधानसभा सीटों के लिए पूर्व मंत्री व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी सहित केशकाल प्रत्याशी नीलकंठ टेकाम के नामांकन दाखिले के लिए पहुंचे केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार के ऐतिहासिक कार्यों को गिनाते कहा कि कांग्रेसियों के शासनकाल में पुराने मध्यप्रदेश में छत्तीसगढ़ बीमारू राज्य बनकर रह गया था। 15 साल में कोण्डागांव हो या छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल क्षेत्र हो, हर क्षेत्र को संपूर्ण विकसित करने का काम भाजपा सरकार ने किया। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि भूपेश बघेल ने 5 साल में क्या किया, इसका जरा हिसाब-किताब जनता के सामने आना चाहिए। शाह ने कहा कि आने वाला चुनाव एक सरकार बनाने भर का चुनाव नहीं है, आने वाला चुनाव विधायक चुनने का चुनाव नहीं है, आने वाला चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्वर्णिम भविष्य वाले छत्तीसगढ़ बनाने का चुनाव है। हर छत्तीसगढ़िया को अपना वोट प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्वर्णिम छत्तीसगढ़ बनाने के लिए देना है।

### मोदी ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति को मदद का दिया आश्वासन



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ टेलीफोन पर बात की तथा गाजा के अल अहली अस्पताल पर हमले में नागरिकों की मौत पर संवेदना व्यक्त करने के साथ ही फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता भेजना जारी रखने का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि फिलिस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बात की। गाजा के अल अहली अस्पताल में नागरिकों की मौत पर अपनी संवेदना व्यक्त की। हम फिलिस्तीनी लोगों के लिए मानवीय सहायता भेजना जारी रखेंगे। श्री मोदी ने कहा कि क्षेत्र में आतंकवाद, हिंसा और बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर अपनी गहरी चिंता साझा की। इजरायल-फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत की लंबे समय से चली आ रही सैद्धांतिक स्थिति को दोहराया।

# अखिलेश यादव ने कांग्रेस को बताया धोखेबाज पार्टी

## 'इंडिया' में पड़ी दरार

### कांग्रेस चिरकुट नेताओं से सपा के लिए बयानबाजी नहीं कराये

एजेंसी



**सीतापुर।** लोकसभा चुनाव के लिए बनाया गया विपक्षी दलों का इंडिया गठबंधन अब दरकने लगा है। सपा मुखिया अखिलेश यादव मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस से खासा नाराज हैं। उन्होंने कांग्रेस को धोखेबाज बताया है। यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरुवार को कांग्रेस पर सीधा हमला बोला। उन्होंने दो टूक कहा कि कांग्रेस अपने चिरकुट नेताओं से सपा के लिए बयानबाजी न करवाए। अखिलेश ने कांग्रेस को धोखेबाज बताते हुए कहा कि अगर उन्हें पता होता इंडिया गठबंधन विधानसभा स्तर पर नहीं है तो वह कांग्रेस से बात ही नहीं करते। अगर वे (कांग्रेस) कहते हैं कि विधानसभा स्तर पर गठबंधन नहीं है तो हम स्वीकार करते हैं। शायद हमें ही कन्फ्यूजन रहा होगा। यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के मध्य प्रदेश में सपा की कोई हैसियत नहीं है संबंधी बयान पर पलटवार करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी हैसियत क्या है। इंडिया गठबंधन के बारे में वे कितना जानते हैं, क्या बैठकों में थे। अखिलेश यादव ने कहा कि कांग्रेस के बड़े नेताओं से अपील है कि वह छोटे नेताओं से इस तरह की बयानबाजी न कराएं। इंडिया गठबंधन की मीटिंग में कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने रात-रात भर वार्ता की। मध्यप्रदेश में कहां, किस सीट पर सपा जीती, कहां नंबर दो पर रही, यह आंकड़ा लेकर भरोसा दिया कि छह सीटों पर विचार करेंगे। फिर, सपा को एक भी सीट नहीं दी, इसलिए हमने वहां अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी। उन्होंने इंडिया गठबंधन पर कहा कि अगर यह सिर्फ लोकसभा में है, तो इस पर विचार किया जाएगा। कांग्रेस जैसा व्यवहार सपा के साथ करेगी, उनके साथ वैसा ही किया जाएगा।

# मुझे छोड़ नहीं रहा है सीएम पद : गहलोत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राजस्थान विधानसभा चुनाव से कुछ हफ्ते पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को कहा कि वह मुख्यमंत्री पद छोड़ना चाहते हैं, लेकिन यह पद उन्हें छोड़ नहीं रहा है और शायद छोड़ेगा भी नहीं। इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस अलाकमान का जो भी फैसला होगा, वह सबको स्वीकार होगा। गहलोत ने कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि कांग्रेस आलाकमान और गांधी परिवार ने उन्हें तीन बार मुख्यमंत्री बनाकर उन पर इतना विश्वास किया है तो इसकी कोई तो वजह होगी। मुख्यमंत्री गहलोत ने पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के साथ मतभेदों की पृष्ठभूमि में कहा कि उन्होंने भूलो और माफ



करो की नीति पर अमल किया है। गहलोत ने यह भी कहा कि वर्ष 2020 में पायलट के साथ जिन विधायकों ने बगावत की थी उनमें लगभग सभी के टिकट तय हो गए हैं और उन्होंने किसी का विरोध नहीं किया है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की भाजपा में कथित उपेक्षा को लेकर गहलोत ने कहा कि उनकी वजह से वसुंधरा को सजा नहीं मिलनी चाहिए।

### हाइकोर्ट ने शिवकुमार के खिलाफ सीबीआइ जांच को दी मंजूरी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने गुरुवार को आय से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआई की कार्यवाही को रद्द करने की मांग करने वाली डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार शिवकुमार की याचिका याचिका खारिज कर दी। विपक्षी भाजपा ने फैसले का स्वागत किया है। जद (एस) ने कहा कि शिवकुमार के जेल वापस जाने के उसके पहले के बयान और वर्तमान अदालत के आदेश के बीच कोई संबंध नहीं है।पूर्व डिप्टी सीएम भाजपा के के.एस. ईश्वरप्पा ने गुरुवार को शिवमोग्गा में कहा कि शिवकुमार एक बार फिर जेल जाएंगे। ईश्वरप्पा ने कहा कि शिवकुमार इस मामले में कारावास के बाद जमानत पर बाहर आ गए हैं। सीबीआई उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले की जांच कर रही है। वह फिर जेल जाएंगे। मैं इसे लिखित रूप में दे सकता हूं।

# साइबर अपराधियों के खिलाफ 76 स्थानों पर सीबीआइ की रेड

एजेंसी

## ऑपरेशन चक्र 2

### यूपी, मप्र, कर्नाटक, हिमाचल , हरियाणा, केरल, तमिलनाडु, पंजाब, दिल्ली और पश्चिम बंगाल के कई ठिकानों पर की छापेमारी

**नयी दिल्ली।** सीबीआइ ने साइबर अपराध के जरिये वित्तीय धोखाधड़ी के पांच अलग-अलग मामले दर्ज करने के बाद ऑपरेशन चक्र-2 के तहत देशभर में 76 ठिकानों पर छापे मारे हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से एक मामला क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी के जरिये भारतीय नागरिकों के 100 करोड़ रुपये गबन करने के रैकेट से संबंधित है। उन्होंने बताया कि यह मामला वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) की ओर से उपलब्ध कराई गयी जानकारियों के आधार पर दर्ज किया गया था। अधिकारियों के अनुसार, अमेजॅन और माइक्रोसॉफ्ट की इस शिकायत पर दो मामले दर्ज किए गए थे कि आरोपी कॉल सेंटर चलाते थे और विदेशी नागरिकों को निशाना बनाने के लिए कंपनियों के तकनीकी सहयोगी के रूप में पेश होते थे। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के तहत सीबीआई ने नौ कॉल सेंटर की तलाशी ली। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने एफआईयू, एफबीआई, इंटरपोल और अन्य अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की ओर से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, केरल, तमिलनाडु, पंजाब, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की गयी है।

# एयर इंडिया सोर के माध्यम से छात्रों की करेगी बहाली

**नयी दिल्ली।** एयर इंडिया ने अपना बेड़ा और परिचालन बढ़ा रही है जिसके मद्देनजर उसने पेशेवर शिक्षा देने वाले संस्थानों के छात्रों को भर्ती करने के लिए एक संवाद कार्यक्रम सोर शुरू किया है।

टाटा समूह की एयरलाइन ने गुरुवार को कहा कि अगस्त में स्प्रिट ऑफ एविएशन री-इमेजिन्ड (सोर) शुरू किया है। कंपनी ने कहा कि विमानन क्षेत्र में नई प्रतिभाओं को शामिल करने का यह अनूठा कदम एयर इंडिया के कर्मचारी दल को प्रतिभाओं से बढ़ाने में काफी मददगार साबित होगा। सोर एयरलाइन की व्यावसायिक वार्षिक राष्ट्रव्यापी बी-स्कूल प्रतियोगिता है और इसके परिसर पहुंच कार्यक्रम का हिस्सा है।

Rinku
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
DEALS IN
YAMAHA AHUJA BOSS BasiX ZOOM CASIO PAiSTe Fender MAPEX Gibson ESP DigiTech KORG M-AUDIO Ibanez SoundX Zildjian Roland Studiomaster Hertz Epiphone GRANADA Cort Givson stranger TAMA
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandir, Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Ph.: 72509-33033 | M.: 98351-64815

# फिल्म सिंघम अगेन में दिखेंगे टाइगर श्रॉफ

**मुंबई।** वर्ष 2011 में रिलीज फिल्म 'सिंघम' में अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की। इसके बाद इस फिल्म के दूसरे पार्ट सिंघम-2को भी दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। अब इस फिल्म का तीसरा पार्ट 'सिंघम अगेन जल्द ही रिलीज होगा। हाल ही में 'सिंघम अगेन' में दीपिका पादुकोण का लुक सामने आया था। खाकी वर्दी में दीपिका का लुक फैंस को काफी पसंद आया। दीपिका के बाद 'सिंघम अगेन' में टाइगर श्रॉफ की भी एंट्री हो गई है।

हाल ही में टाइगर श्रॉफ 'सिंघम अगेन' में नजर आए हैं। अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर टाइगर श्रॉफ के लुक की फोटो शेयर की है। इस लुक से पता चला है कि टाइगर 'सिंघम अगेन' में पुलिसवाले का किरदार निभाएंगे।




एसीपी टाइगर सिंघम अगेन में सत्या का किरदार निभाएंगे। 'सिंघम अगेन' 15 अगस्त 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कुछ दिन पहले ही 'सिंघम अगेन' की शूटिंग पूरी हुई है। इस मुहुर्त पर रोहित शेट्टी के साथ अजय देवगन और रणवीर सिंह भी मौजूद थे।

### 'झलक दिखला जा-11' नजर आएंगे शिव ठाकरे

**अमरावती** के शिव ठाकरे ने दर्शकों के मन में एक अलग जगह बनाई है। रोडीज के 14वें सीजन के बाद वह घर-घर में मशहूर हो गए। शिव ने अपनी ईमानदारी और अच्छे काम के दम पर 'रोडीज' के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब शिवा जल्द ही डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा-11' में दिखेंगे। शिव ठाकरे 'बिग बॉस' मराठी के दूसरे सीजन के विजेता थे। समय के साथ उन्होंने हिंदी सीजन 'बिग बॉस', 'खतरों के खिलाड़ी' के जरिए अपना एक अलग फैन बेस तैयार किया। शिव अब नए शो में एंट्री के लिए तैयार है। शिव जल्द ही 'झलक दिखला जा' 11वें सीजन में हिस्सा लेंगे। पिछले कुछ दिनों से हर तरफ झलक दिखला जा के नए सीजन की चर्चा हो रही है।

### सेंसेक्स 248 अंक टूटा

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख और विदेशी कोषों की निकासी के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट आई। सेंसेक्स 247.78 अंक या 0.38 प्रतिशत गिरकर 65,629.24 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 533.52 अंक या 0.80 प्रतिशत तक टूटकर 65,343.50 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 46.40 अंक या 0.24 प्रतिशत के नुकसान के साथ 19,624.70 अंक पर रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में सूचना प्रौद्योगिकी फर्म विप्रो के शेयर में करीब तीन प्रतिशत की गिरावट आई। एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी नुकसान में रहे। वहीं नेस्ले के शेयर में करीब चार प्रतिशत का उछाल आया।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# मां अम्बिका स्थान जहां मां सती ने त्यागे थे अपने प्राण

**सत्येन्द्र**

**आमी मंदिर** जिसे माँ अम्बिका स्थान के नाम से भी जाना जाता है। ये अविभाजित बिहार मे मौजूद 03 (गया- सर्वमंगला, छिन्न मस्तिका-रामगढ़, और अम्बिका भवानी, आमी दिघवारा छपरा) शक्ति पीठों मे से एक है। जहा माँ सती ने अपने प्राण त्याग दिये थे। आज हम जिस शक्ति पीठ कि चर्चा करने वाले है वो बिहार राज्य के छपरा शहर स्थित आमी कस्बे मे है। इसी कारण इस पवित्र स्थल को आमी मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। हिन्दू ग्रंथों में माँ अम्बिका भवानी को अम्बे, पार्वती, गौरी, दुर्गा आदि नामो से जाना जाता है।

## अम्बिका मंदिर कि कहानी

पौराणिक गाथाओ के अनुसार आमी मंदिर से जुड़ी जो गाथा है, उसमे ब्रज देव के पुत्र दक्ष प्रजापति का उलेख आता है। भगवान शिव के अभिशाप और ब्रश देव के झूठ के कारण उन्होंने अपने पांचवें सिर को शिव के सामने खो दिया था। दक्ष को इसी वजह से भगवान शिव से द्वेष था और भगवान शिव और माता सती की शादी नहीं कराना चाहते थे। हालांकि, माता सती भगवन शिव की ओर आकर्षित हो गई और माता सती ने कठोर तपस्या की और अंत में भगवान शिव और माता सती का विवाह संपन हुआ।

इधर भगवान शिव से प्रतिशोध लेने की इच्छा वश राजा दक्ष ने एक विशाल यज्ञ का आयोजन किया। दक्ष ने भगवान शिव और अपनी पुत्री माता सती को छोड़कर सभी देवी देवताओं को आमंत्रित किया। माता सती ने यज्ञ में उपस्थित होने की अपनी इच्छा भगवान शिव के समक्ष व्यक्त की, जिसे भगवान शिव ने रोकने के लिए अपनी पूरी कोशिश की परंतु माता सती यज्ञ में चली गई।

माता सती से अपने पिता द्वारा अपने पति का अपमान नहीं सहा गया। और अपमान से क्रोधित होकर माँ सती ने उसी यज्ञ कुंड मे कूदकर अपने प्राण त्याग दिये।

## भगवान शिव का तांडव

जब भगवान शिव को इस घटना के बारे मे पता चला तब अपमान और चोट से भगवान शिव बहुत ही क्रोधित हो गये और भगवान शिव के वीरभद्र अवतार ने दक्ष प्रजापति के यज्ञ को नष्ट करने के साथ ही उसका सिर भी काट दिया। सभी मौजूद देवताओं के अनुरोध के बाद दक्ष को वापस जीवित किया गया और एक बकरे का सिर लगाया गया।

वहीं दुख में डूबे भगवान शिव ने माता सती के शरीर को उठाकर, विनाश का दिव्य तांडव शुरू कर दिया। यह देख देवताओं ने भगवान विष्णु को इस विनाश से बचाने का अनुरोध किया। जिस पर भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से माता सती के देह के 52 टुकड़े कर दिए। शरीर के विभिन्न हिस्से भारतीय उपमहाद्वीप (नेपाल, श्रीलंका ,बांग्लादेश और पाकिस्तान समेत) के कई स्थानों पर गिरे और वह शक्ति पीठ के रूप में स्थापित हुए। उन्ही पीठों मे से एक है अम्बिका मंदिर या माँ अम्बिका स्थान जिसे हम आमी मंदिर के नाम से भी जानते है।

## आमी मंदिर प्रांगण मे भगवान शिव कि प्रतिमा

मौजूदा आमी मंदिर छपरा के दिघवारा में पड़ता है जो पौराणिक दक्ष राज्य के अधीन आता था। राजा दक्ष ने जो यज्ञ किया था उसका एक



बहुत भव्य द्वार बनवाया गया था। जिसका नाम ,दिघ द्वार, रखा था और कालंतर मे दिघ-द्वार को ही दिघवारा के नाम से लोग जानने लगे। दिघवारा के आमी गांव में, एक प्राचीन पूजा स्थल है, जिसे अम्बा स्थान भी कहा जाता है। शिव शक्ति से संरक्षित एवं समन्वित अम्बिका भवानी आमी स्थल वैष्णव शक्ति एवं अवधूत कपालिक साधकों की साधना भूमि है।

आमी देवी मंदिर के मुख्य आकर्षण-

## मंदिर का चमत्कारी कुआँ

मंदिर के समीप एक बड़ा सा उपवन है जिसमे एक गहरा और चौड़ा कुआँ है। स्थानीय लोगों के अनुसार ये कुआँ कभी भी नहीं सूखता, और इसमे साल भर पानी भरा रहता है।

## यज्ञ कुंड

यहा पर एक यज्ञ कुंड है, जिसके दर्शन को श्रद्धालु दूर दराज के क्षेत्रों से यहा आते है और इस स्थान पर यज्ञ कुंड के दर्शन करते हैं। भक्तो का मानना है कि कुंड में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाया गया जल अपने आप गायब हो जाता है, यह इस जगह कि खासियत है। भक्त जन इसे आमी अम्बिका भवानी का चमत्कार मानते है।

## आमी अम्बिका भवानी मंदिर कि खास प्रतिमा-

बिहार सरकार के पूर्व पुरातत्व निदेशक डा. प्रकाश चरण प्रसाद इसे पौराणिक दक्ष क्षेत्र एवं शिव शक्ति समन्वय स्थल मानते हैं। डा. प्रकाश चरण प्रसाद इसे प्राचीन मातृ शक्ति रूप मानते हुए माँ की मिप्ती की प्रतिमा को पासाण युग से भी पहले की प्रागैतिहासिक काल की प्रतिमा मानते हैं। पूरे विश्व में मिप्ती की प्रतिमा यदि कहीं है तो वह आमी में ही स्थित है।

## महाशिवरात्रि पर शिव विवाह समारोह

हर वर्ष आमी मंदिर छपरा मे महाशिवरात्रि के मौके पर यहां लाखों भक्त आते हैं। एक तरफ से दुल्हन तैयार होती है और दूसरे तरफ से दूल्हा आता है, इसके साथ पूरी विवाह समारोह पवित्र हिंदू तरीके से आयोजित किया जाता है। पूरे दिन और रात उत्सव चलता रहता है। इस दौरान शिव बारात मुख्य आकर्षण का केंद्र बना रहता है।

## नवरात्रि मे पूजा का विशेष महत्व

आमी मंदिर से जुड़ी एक मान्यता यह भी है कि जो यहाँ पर पूजा अर्चना करता है, उसकी सारी मनोकामनाएं देवी माँ पूरी करती हैं। इसलिए नवरात्रि के अवसर पर, देश भर के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु यहाँ दिव्य आशीर्वाद ग्रहण करने के लिए एकत्रित होते हैं।

## माँ अम्बिका भवानी मंदिर से जुड़ी कुछ अनोखे तथ्य

मंदिर एक किले की संरचना में है जो तीन तरफ से गंगा नदी से घिरा हुआ है और उसी के किनारे स्थित है। यह सारण के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में स्थित है। यहाँ बाढ़ के दौरान भी गंगा कभी किले को नहीं छूती है।

पूरे विश्व में मिप्ती की प्रतिमा यदि कहीं है तो वह आमी में ही स्थित है।

शक्ति की पूजा में एक समान त्रिभुज का उतना ही महत्व है जितना कि भगवान विष्णु के लिए शालिग्राम और भगवान शिव के लिए शिव लिंग का। त्रिभुज के केंद्र को प्रम्बिका या अम्बिका कहा जाता है। आ>र्यजनक रूप से तीन शिव मंदिरों (बैद्यनाथ, विश्वनाथ और पशुपतिनाथ) की दूरी यहा से समान है। और यदि हम तीन शिव मंदिर को जोड़ने वाली एक काल्पनिक रेखा खींचते हैं तो यह केंद्र में अम्बिका अष्टम अमावस्या के साथ एक समभुज त्रिकोण होगा। यह अंबिका स्थान आमी के महत्व को दशार्ता है।

1973 मे बिहार सरकार के पुरातत्व विभाग के तत्कालीन निदेशक श्री प्रकाश चंद्र के नेतृत्व मे खुदाई हुई और पाला राजवंश के दौरान इस्तेमाल की गई ईंटों से बनी एक दीवार मिली।

# अनूठी वास्तुकला और प्राचीन इतिहास के लिए विख्यात है बेड़ो का महादानी मंदिर

**दर्शन-पूजन से ड्डाक्तों की मनोकामनाएं होती हैं पूरी**

**पाल वंश के शासक ने नौवीं सदी में किया था महादानी मंदिर का निर्माण**

**शिव लिंग पर किया गया जलाभिषेक अंदर ही अंदर डुकू तालाब में गिरता है**

**भगवान विश्वकर्मा ने किया था महादानी मंदिर का निर्माण**

**राजू कुमार सिंह**





**बेड़ो** का ऐतिहासिक महादानी मंदिर अपनी अनूठी वास्तुकला व प्राचीन इतिहास के कारण विख्यात है। गहरी धार्मिक आस्था व भक्ति के कारण इसने अपनी विशिष्ट पहचान कायम कर ली है। इतिहासकारों के अनुसार महादानी मंदिर का निर्माण पालवंश के शासक धर्मपाल द्वारा नौंवी सदी में बनाई गई थी। हालांकि इतिहासकारों में कालखंड को लेकर मतड्डोद देखने को मिलता है। सामान्यतः महादानी मंदिर के चारो ओर चार और मंदिर विराजमान थे, लेकिन वर्तमान में इसका ढांचा बाहर से दिखाई नहीं पड़ता है। यहां की पुरातात्विक खुदाई के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकती है। मंदिर का निर्माण बड़े बड़े पत्थरों को जोड़कर किया गया है। मंदिर के निर्माण में लाल रंग के पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है। उल्लेखनीय है कि महादानी मंदिर के उत्तर दिशा में स्थित डुकू तालाब के पास मंदिर के कुछ अंश भूमि के अंदर दबी हुई मिलती है। शोधकताओं के अनुसार प्राचीनकाल में महादानी मंदिर स्थित शिवलिंग पर किया गया जलाभिषेक का जल सीधे अंदर ही अंदर डुकू तालाब के निकट गिरता है। मानवीय छेड़छाड़ के बाद यह प्रक्रिया बाधित हो गयी है। प्राचीनकाल में निर्मित मंदिरों के शिखर पूरी ऊंचाई पर संकीर्ण तथा उसके ऊपर कलश बने होते हैं जिस पर त्रिशुल मिलता है। इतिहासकार के अनुसार पालवंस के शासक धर्मपाल ने अपने उत्तर-पूर्व के अभियान के दौरान कई जगहों पर शिवलिंग की स्थापना की थी। इसी में से एक महादानी मंदिर है। जिस पत्थर से महादानी मंदिर की रचना हुई वह आसपास मिलने वाली लाल रंग की ऑक्सीकृत बजरी पत्थर है, जो आज भी चारो ओर बिखरे हुए मोरम पत्थर के रूप मिलते हैं। वैसे धार्मिक आस्था व पैराणिक मान्यताओं के अनुसार महादानी मंदिर की रचना खुद भगवान विश्वकर्मा ने अपने हाथों से की है। दंतकथाओं के अनुसार इटकी के कुल्ली खंभा चचगुरा और बेड़ो में एक साथ मंदिर की रचना हो रही थी, लेकिन अचानक ऐसी घटना हो गयी कि मंदिर निर्माण की प्रक्रिया बाधित हो गयी। बेड़ो का महादानी मंदिर तो बन गया, लेकिन कुल्ली खंभा व चचगुरा का मंदिर अधुरा रह गया। आज भी अधुरे मंदिर का भग्नावशेष देखा जा सकता है। महादानी मंदिर में लगा सोने का दरवाजा चोरो ने चुरा लिया था। कभी भी महादानी मंदिर से कोई भक्त खाली हाथ नहीं लौटता है। यही कारण है कि शिव द्वारा महादान से अभिभूत भक्त शिव को महादानी के नाम से पुकारना नहीं भूलते। वही भक्तों द्वारा महादानी बाबा से सच्चे मन से मांगी गई हर कामना पूरी होती है।

श्रावण मास में कई जिलों से आते हैं भक्त

श्रावण मास में महादानी मंदिर भगवान ड्डोलेनाथ की श्रद्धालुओं द्वारा विशेष जल अभिषेक पूजा अर्चना को लेकर बेड़ो प्रखंड के साथ साथ खूंटीए लोहरदगाए गुमला समेत कई जिलों के श्रद्धालु पूरी भक्ति और श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना की जाती है। जहां श्रावण मास में सोमवार के दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु महादानी मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक करते हैं। वहीं पूरे सावन भर प्रत्येक दिन भगवान ड्डोलेनाथ महादानी के भव्य श्रृंगार पूजा अर्चना भी गांव के अलग-अलग ग्रामीणों द्वारा पिछले कई वर्षों से होते चली आ रही है।

# श्रद्धा-भक्ति एवं आस्था का प्रतीक ठाकुरगांव का ऐतिहासिक भवानी शंकर मंदिर

**ठाकुरगांवः** श्रद्धा-भक्ति एवं आस्था का प्रतीक ठाकुरगांव का ऐतिहासिक भवानी शंकर मंदिर भक्तों के लिए एक धरोहर है। प्रतिदिन यहां भक्त ों की भारी भीड़ उमड़ पड़ती है। खासकर मंगलवार के दिन अपेक्षाकृत अधिक भीड़ होती है। क्षेत्र के लोगों का मानना है कि श्रद्धा एवं विश्वास क`साथ माता के दरबार में सच्चे मन से आनेवाले हर भक्तों की मुराद पूरी होती है। मंदिर के प्रांगण में हर अशांत एवं चंचल मन को आलौकिक शांति व सुकून की अनुभूति होती है। रोगी स्वास्थ्य लाभ के लिए, बेरोजगार रोजगार के लिए, निःसंतान संतान प्राप्ति के लिए, कुंवारी कन्याएं अच्छे वर के लिए माता के दरबार में मत्था टेकते हैं एवं अपनी जीवन की सफलता के लिए मनौती करते हैं। किसी शायर ने ठीक ही कहा है होके मायूस तेरे दर पे कोई सवाली न



गया, झोलियां भर गयी सबकी कोई खाली न गया।

**केवल राजपरिवार ही करते हैं मां का दर्शन**

मां भवानी शंकर ठाकुर गांव राजपरिवार की इस्टदेवी हैं इसलिए राजपरिवार के अलावा किसी को भी दर्शन की अनुमति नहीं है

मंदिर के पुजारी गुरु शिव कुमार शर्मा बताते हैं कि अष्टधातू से निमित्त भवानी शंकर की युगल मूर्ति की पूजा यहां तांत्रिक विधि से होती है। इस बहुमूल्य मूर्ति को सिद्ध पुरुष महात्मा चेतनाथ के द्वारा संवत 1600 के आसपास अर्थात 1543 ई. में प्रदान की गयी है।

राजपरिवार के लाल जय कुमार नाथ शाह देव बताया करते हैं कि छोटानागपुर के 50वें महाराजा के दूसरे पुत्र

महाराज कुमार गोकुल नाथ शाहदेव के पुत्र ठाकुर कमल नाथ शाहदेव कुंवरकारी खरपोष में ,48 गांव की जमींदारी लेकर नवरत्नगढ़ राजमहल सिसई गुमला से गिंजो आये थे। यहां गढ़ बनाने के बाद इसे गिंजो स्टेट के नाम से जाना गया

साथ में इस्टदेवी मां भवानी शंकर को भी अपने साथ लेते आये थे। इसके बाद से ही राजा के आने से इस गांव का नाम ठाकुरगांव के नाम से जाना जाने लगा। वर्तमान मंदिर को महाराज कुमार ठाकुर चन्द्रमोहन नाथ शाहदेव ने नया स्वरूप दिया है। शुक्रवार को मंजन पूजा के साथ ही ठाकुर गांव के 300 साल पुरानी ऐतिहासिक दुर्गा पूजा का शुरूआत होगा। रविवार को महा अष्टमी पूजा होगी संधि बलि किया जाएगा एवं शाम में हवन किया जायेगा।


सोमवार को महानवमी पूजा में सैकड़ों वर्ष पुराने परंपरा के अनुसार राजपरिवार के तरफ से बकरे एवं काड़ा की बलि दी जाएगी। शाम में द्वार पूजा एवं कलश विसर्जन के साथ पूजा का समापन होगा। मंगलवार को शाम को पानबटी एवं विजयादशमी मेले का आयोजन किया गया है। वर्तमान में राजपरिवार के ठाकुर राम कृष्ण नाथ शाह देव परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं। इस गांव में कोई भी धार्मिक अनुष्ठान यथा शादी-विवाह, पर्व त्योहार आदि के आयोजन में मंदिर की परिक्रमा का विधान अभी भी प्रचलित है।

# कामाख्या मंदिर नीलांचल पर्वत पर स्थित है

**बासुकीनाथ पाण्डेय**

कामाख्या शक्तिपीठ का तांत्रिक महत्व माना जाता है। यह मंदिर नीलांचल पर्वत पर है। यहां पर माता के सती का योनि भाग गिरा था। जिसके कारण यहां पर उनकी मूर्ति रुप में पूजा नहीं की जाती है। कामख्या में लगने वाला अंबुवाची का मेला बहुत प्रसिद्ध है। यहां पर माता रजस्वला होती हैं। इसलिए मंदिर में एक सफेद वस्त्र बिछा दिया जाता है और तीन दिनों के बाद मंदिर के कपाटों को बंद कर दिया जाता है। कहते हैं कि जब तीन दिनों के पश्चात कपाट खोले जाते हैं तो मंदिर में बिछा हुआ कपड़ा लाल हो जाता है। इस कपड़े के टुकड़ों को भक्तों में प्रसाद के रुप में बांटा जाता है। इसको अंबुवाची वस्त्र कहा जाता है।

राजस्थान के बीकानेर से करीब 30 किलोमीटर की दूरी पर करणी माता का मंदिर बना हुआ है। यह मंदिर छोटा है लेकिन भक्तों में इसकी बहुत मान्यता है। यहां पर चूहे मुख्य आकर्षण का केंद्र है। इस मंदिर में हजारों की संख्या में चूहे हैं। जिन्हें देखकर हर कोई दंग रह जाता है। इसी कारण इस मंदिर का नाम चूहे वाला मंदिर भी पड़ गया है। इतने चूहे होने के बाद भी यहां पर किसी तरह की बीमारी नहीं फैलती है। इस मंदिर को बहुत प्राचीन माना जाता है। कहते हैं कि साढ़े सात सौ वर्ष पहले यहां एक गुफा थी। जहां पर माता दुर्गा की अवतार माता करणी अपने इष्ट का पूजन किया करती थीं। इसलिए यहां पर मंदिर का निर्माण करवाया गया।



उत्तराखंड के अल्मोड़ा शहर के करीब 8 किलोमीटर दूर काषाय पर्वत पर कसार देवी या कौशिकी देवी का मंदिर बना हुआ है। कहा जाता है कि इस स्थान पर माता कात्यायनी ने शुंभ-निशुंभ राक्षसों का संहार किया था। इसका उल्लेख दुर्गा सप्तशती के पाठ में भी मिलता है। अल्मोड़ा में बसे होने के कारण यहां की प्राकृतिक सुंदरता भी मंत्र मुग्ध कर देने वाली है।

नैना देवी का मंदिर भी मां के शक्तिपीठों में से एक है। जब भगवान शिव का मोह भंग करने और उन्हें तांडव से रोकने के लिए विष्णु जी ने सती के शरीर के टुकड़े किए थे तब यहां पर उनके नयन गिरे थे। यह मंदिर देवभूमि उत्तराखंड में है। यह मंदिर बहु प्रसिद्ध है। यहां पर पीपल का विशाल पेड़ बहुत प्राचीन माना जाता है। हिमाचल के कांगड़ा जिले में मां ज्वाला देवी का मंदिर बना हुआ है। यहां पर माता सती की जीभ गिरी थी। माना जाता है कि यहां पर माता भगवान शिव के साथ निवास करती हैं। ज्वाला देवी मंदिर की खासियत है कि यहां पर हमेशा बिना तेल और बाती के प्राकृतिक रुप से लौं जलती रहती है। कहते हैं एक बार राजा अकबर ने इस लौ को बुझाने का प्रयास किया था। परंतु बहुत कोशिश करने के बाद भी वह ऐसा करने में विफल रहा। जिसके बाद उसका अहंकार नष्ट हो गया और वह माता के सामने नतमस्तक हो गया।

# शक्ति की मौलिक कल्पना आवश्यक

**ब्रजकिशोर पाण्डेय**

**शक्ति** के आराधना का मंगल -पर्व है नवरात्रि। शक्ति का अर्थ है उर्जा और अनंत उर्जा की प्राप्ति हेतु शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की पूजा की जाती है । नवरात्रि प्राणों का उत्सव है जिसके द्वारा जड़ता के प्रतीक महिषासुर, अहंकार और दंभ के प्रतीक शुम्भ-निशुम्भ, राग-द्वेष के प्रतीक मधु-कैटभ को नष्ट किया जा सकता है।मनोग्रस्तता के प्रतीक रक्तबीज, तर्क- वितर्क के प्रतीक चंड-मुंड और कुदृष्टि के प्रतीक धूम्रलोचन को केवल प्राण - उर्जा के स्तर को ऊपर उठा कर ही दुर किया जा सकता है। इसलिए शक्ति की आराधना आवश्यक है। प्रार्थना, उपवास, ध्यान और मौन के माध्यम से नवरात्रि का पर्व हमें नवजीवन देती है। नवरात्रि हमें अपने आंतरिक शक्ति को पहचानने की ओर उन्मुख करती है।



कल सु शारदीय नवरात्र प्रारंभ होने वाला है और इस अवसर पर निराला की ₹राम की शक्ति पूजा ₹को स्मरण कर लेना बहुत जरूरी है क्योंकि यह मात्र एक पौराणिक आख्यान का वृतांत नहीं है बल्कि आज के युगबोध का सत्य है।राम की शक्ति पूजा में राम अवतारी पुरुष नहीं है ,संशयग्रस्त मानव हैं। बार-बार युद्ध में रावण से हार जाने के बाद व्याकुल हैं,उनकी सारी सेना पराजित है क्लांत है, निराशा का वातावरण है और रावण के पक्ष में शक्ति को देख कर राम के मन में दुविधा उठती है :-

अन्याय जिधर है उधर शक्ति! कहते छल- छल

हो गए नयन ,कुछ बूंद पुनः ढलके द्दग जल

वास्तव में अत्याचार, दुराचार के साथ सदाचार की उपेक्षा युगबोध है ।तामसी प्रवृत्ति के समक्ष सात्विक प्रवृत्ति की पराजय अकल्पनीय लगता है तब जामवंत राम को कहते हैं:-

हे पुरुष सिंह, तुम भी यह शक्ति करो धारण, आराधन का द्दढ़ आराधन से दो उत्तर, शक्ति की करो मौलिक कल्पना, करो पूजन ,छोड़ दो समर जब तक न सिद्धि हो रघुनंदन

यहां जामवंत राम को शक्ति की आराधना करने को कहते हैं। यहां शक्ति की मौलिक कल्पना से उनका मतलब क्या है ?वास्तव में शक्ति की मौलिक कल्पना से तात्पर्य है शक्ति का प्रयोग हमेशा जनहित में होना चाहिए ।रावण प्रतीक है शोषण ,उत्पीड़न भ्रष्टाचार का और इससे सदाचारी, सत्यनिष्ठ राम की लड़ाई है जिसमें विजय आम आदमी की सामूहिक जनशक्ति के आह्वान के बिना संभव नहीं है ।पर सवाल है कि आज के युग में क्या आज का राम इतनी शक्ति अर्जित कर पाएगा कि वह वर्तमान मायावी रावण का जो कभी सांप्रदायिक ,कभी जातीय कार्ड खेलकर ,साम दाम दण्ड भेद से जनता को बांट कर उसकी सामूहिक शक्ति को उभरने नहीं देता है समूल नाश कर सके। इसी संदर्भ में शक्ति की समुचित चिंतन, व्याख्या और मौलिक कल्पना करना चाहिए । इसलिए निराला की राम की शक्ति पूजा का शारदीय नवरात्रि के अवसर पर और सही मायने में व्याख्या कर लेना जरूरी है ।

अंत में श्री राम देवी की पूजा करते हैं और देवी प्रसन्न होती है ।जब राम अपने आंख को अर्पित करने के लिए तत्पर होते हैं तभी उनका हाथ रोक पर देवी शक्ति मां भगवती कहती हैं:-

होगी जय, होगी जय, हे पुरुषोत्तम नवीन । कह महाशक्ति राम के बदन में हुई लीन ।

निराशा की अमानिशा हो या अत्याचार, अनाचार ,शोषण के प्रतिक मायावी रावण से युद्ध -शक्ति का संचय कर अपने पुरूषार्थ से ही विजय प्राप्त किया जा सकता है।आशा का संचार करती हुई राम की शक्ति पूजा के संदेश शक्ति की मौलिक कल्पना करने को आत्मसात करना चाहिए ताकि अन्याय और अत्याचार पर विजय प्राप्त हो।

**नवरात्रि में क्या करें, क्या न करें**

नवरात्रि के दिनों में ब्रह्म मुहूर्त में उठकर मां की आराधना करनी चाहिए। इससे आप पूरी तरह से अपनी मन पूजा में लगा पाते हैं। जिससे आपको पूजा का पूर्ण फल मिलता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार ब्रह्म मुहूर्त में पूजा करने से मां प्रसन्न होती हैं। नवरात्रि में देर तक नहीं सोना चाहिए।

नवरात्रि में मां को प्रतिदिन उनकी पसंद का भोग और पुष्प अर्पित करने चाहिए। विधि-विधान से पूजन करने के साथ हो सके तो मां दुर्गा के मंत्रों का जाप करना चाहिए। इन नौ दिनों में सप्तशती, दुर्गा चालीसा आदि का पाठ करना चाहिए और माता की भक्ति में दिन व्यतीत करना चाहिए। ध्यान रहे कि सप्तशती का पाठ एकाग्रता के साथ करना चाहिए। पाठ करते समय बीच में उठना नहीं चाहिए। न ही किसी से बात करनी चाहिए। अगर आपको किसी कार्य से उठना है, तो प्रणाम करके ही पाठ को छोड़ कर उठें और अगले दिन या कुछ समय बाद पाठ को पूरा करें।

इस समय मां की चौकी के पास ही बिस्तर लगाकर भूमि पर शयन करना चाहिए। व्रती को कुर्सी या फिर पलंग पर नहीं बैठना चाहिए। नवरात्रि में दिन के समय सोना वर्जित माना गया है।अगर आपने अपने घर में मां की चौकी लगाई है, घटस्थापना और अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की है तो घर को कभी भी अकेला न छोड़ें। ज्योति का पूर्ण संरक्षण करें। ध्यान रखें कि ज्योति पूरे नौ दिन तक बुझनी नहीं चाहिए।

स्पीड न्यूज

## हत्या आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**गोड्डा।** गोड्डा नगर थाना में दिनांक 1/12/ 19 कांड संख्या 304/19 की भा द वि धारा 302के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी । हत्या के मुख्य आरोपी संजीव कुमार महतो पे० स्व० राजू महतो ग्राम, प्रेम टोला, पथरा नगर थाना गोड्डा, जिला गोड्डा को गोड्डा न्यायलय द्वारा अपराध में दोषी पाए जाने पर जिला एवम अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा आरोपी को हत्या में दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास और दस हजार रुपए का आर्थिक दंड देने की सजा सुनाई आर्थिक दंड दस हजार रुपए नही चुकाने पर एक माह की अतिरिक्त सजा और दी जाएगी ।वाशिर अहमद लोक अभियोजक ने इस केस में पैरवी की थी।

## पत्रकार को मातृ शोक

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत वार्ड नंबर 9 निवासी व दैनिक अखबार के पत्रकार मो.शाहिद की मां 46 वर्षीय जासमिन तारा का निधन बीते रविवार को रिम्स रांची में इलाज के दौरान हो गया। उनकी मां पिछले कई दिनों से बीमार चल रही थी। वहीं उनका अंतिम संस्कार (मिट्टी) डोमचांच में किया गया। उनके निधन पर जिप अध्यक्ष रामधन यादव, भाजपा नेता महेंद्र प्रसाद वर्मा, प्रखंड प्रमुख, राजद नेता मनोज रजक, परवेज खान, रोहित मेहता, सहित भालचंद्र पांडेय, रंजीत बनर्जी, संदीप कुमार, राजकुमार यादव आदि समाजसेवियों ने शोक जताया।

## पूजा समिति को सहयोग राशि भेंट की गयी

**मरकच्चो (कोडरमा)।** राजद प्रदेश उपाध्यक्ष शिवनाथ यादव, प्रमुख सह राजद प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष सरफुद्दीन अंसारी, पंसस सहदेव यादव आदि लोगों ने प्रखंड के सार्वजनिक पूजा समिति मरकच्चो, देवीपुर देवी मंडप, नावाडीह 1 देवी मंडप, बारियारडीह, विचारिया समेत दर्जनों पूजा पंडालो का भ्रमण कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही पूजा समिति को सहयोग राशि भेंट की एवं ग्रामीणों ने पुजा समिति के सदस्यों से मिलकर दुर्गा पूजा की बधाई दी। मौके पर सुरेन्द्र प्रताप सिंह, सतीश सिंह, रविंद्र पांडेय, प्रदीप सिन्हा, मुकेश सिंह, प्रवेज आलम, पप्पू यादव सोनु सिंह आदि उपस्थित थे।

## प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मय उच्च विद्यालय मोरबे के छात्र–छात्राओं को पिछले महीने हुए प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में मिली जीत पर सीआरपी मुदस्सर खान ने जीत की पदक एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। वहीं दूसरी ओर 10 से 13 अक्टूबर तक रांची में राज्य स्तरीय खो–खो प्रतियोगिता में अंडर 14 के बालिका वर्ग को हार कर प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा। परन्तु एक बालिका नंदनी कुमारी का चयन नेशनल कैम्प में हुआ जो पूरे विद्यालय परिवार एवं पूरे मोरबे पंचायत के लिए गर्व की बात है। शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार मौर्य के मेहनत एवं बालिका के कड़ी परिश्रम से यह बड़ी उपलब्धि मिल पाई है। जिसकी बाई एवं शुभकामनाएं सीआरपी मुस्सदर खान, विद्यालय प्राचार्य जीतेन्द्र कुमार, शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार मौर्य ने दी। मौके पर शिक्षिका कमला कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।

## पूर्व अध्यक्ष के पिता के निधन पर शोक व्यक्त

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के पूर्व अध्यक्ष विनोद गुप्ता के पिता स्व.रामप्रताप गुप्ता के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि स्व. गुप्ता शांत स्वभाव, कुशल व्यक्तित्व के सामाजिक व्यक्ति थे, जो पूरे परिवार को अनुशासनात्मक ढंग से एक कर के रखे हुए थे। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने गहरी संवेदना व्यक्त की एवं दो मिनट का मौन रखकर मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा के पश्चात सदस्यों ने पीड़ित परिवार से मिल कर उनका ढांढस बढ़ाया। शोक सभा में ग्रुप के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन सेंट्रल कमेटी के सदस्य अजय कांत पाठक, मोजीबुद्दीन खान आदि लोग उपस्थित थे।

# पुलिस विभाग सख्ती बरतने के लिए तैयार

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार में दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस विभाग सख्ती बरतने के लिए तैयार है। पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी जिलों को अलर्ट जारी करने के साथ 24 घंटे चौकसी बरतने को कहा गया है। इसके अलावा जिलों में अतिरिक्त फोर्स की तैनाती भी की जा रही है। बता दें कि राजधानी पटना में भी असामाजिक तत्वों से कड़ाई से निपटने के निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस द्वारा विशाल और भीड़ भार वाले पूजा-पंडालों के आसपास विधि-व्यवस्था के लिए पूजा समिति के सदस्यों की भी मदद ली जाएगी। पूजा समितियों से पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने और ध्वनी प्रदूषण ना फैलाने का निर्देश दिया गया है।

ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस मुख्यालय स्तर से दुगार्पूजा को लेकर राज्य के सभी जिलों को अलर्ट करते हुए विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिए हैं। इसमें खासकर जिले के संवेदनशील इलाकों को चिह्नित कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती करने को कहा गया है। वहीं, उत्तर प्रदेश, झारखंड, नेपाल और बंगाल से बॉर्डर साझा करने वाले जिलों में विशेष रूप से चेकिंग बढ़ाने के निर्देश हैं। बता दें कि संवेदनशील इलाकों में 24 घंटे चौकसी बरतने का आदेश दिया गया है। इस कारण सूबे के विभिन्न रेंज आइजी और डीआइजी के साथ सभी जिलों के एसएसपी को निर्देश जारी किया गया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से जिलों को अतिरिक्त पुलिस बल भी मुहैया करा दिया गया है।

**सबसे ज्यादा पटना में की गई है तैनाती :** विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस मुख्यालय स्तर से 12,500 सिपाही और बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस की कुल 33 कंपनियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। एक पुलिस अधिकारी की माने तो यह सभी प्रतिनियुक्त पुलिस कर्मी दशहरा के बाद मूर्ति विसर्जन होने तक जिलों में प्रतिनियुक्त रहेंगे। इसके अलावा करीब एक दर्जन केंद्रीय कंपनी की भी प्रतिनियुक्ति विभिन्न स्थानों पर की जा रही है।

इसमें सबसे अधिक पुलिस बल पटना जिले को मुहैया कराया गया है। वहीं, जिला पुलिस को संदिग्ध छवि वाले लोगों की पहचान कर बॉन्ड भरवाने के लिए कहा गया है। बताते चलें कि अभी तक 2.5 लाख से अधिक लोगों को बॉन्ड भरवाये जा चुके है।

# बाइक सवार अपराधियों ने महिला से झपट्टा मार छीने 1. 13 लाख

### भगनी की शादी के लिए बैंक से पैसे निकाल लौट रहे थे दम्पति




खबर मन्त्र संवाददाता

**हंसडीहा।** बाईक सवार अपराधियों ने बैंक से पैसा निकाल घर लौट रही महिला से करीब एक लाख तेरह हजार रुपया झपट्टा मार फरार हो गए। जानकारी के अनुसार हँसडीहा निवासी वीणा देवी अपने पति राधेश्याम मंडल के साथ अपनी भगनी की शादी की खरीददारी के लिए हँसडीहा नेशनल हाइवे स्थित एसबीआई व ग्रामीण बैंक से उक्त रकम को निकाल घर लौट रही थी। इसी दौरान बैंक से महज चंद कदमों की दुरिवपर बाईक सवार दो युवकों ने झपट्टा मार महिला के हाथ से बैग को छीन फरार हो गया। महिला के बैग में नगदी सहित बैंक पासबुक, चैकबुक, मोबाईल सहित अन्य सामान था।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे एसडीपीओ, जरमुंडी अमोद सिंह, सर्कल इंस्पेक्टर संजय सुमन, थाना प्रभारी जीतेन्द्र साहू घटना स्थल और बैंक के सीसीटीवी फुटेज को खँगाला। बताया जाता है की सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को कई अहम सुराग मिले है। घटना स्थल के पास से लगे एक सीसीटीवी में बैंक से पैसे की निकासी कर वापस लौट रही महिला और उसके पति की लापरवाही सामने आई है। स्वास्थ्य विभाग से रिटायर्ड महिला पैसे वाले बैग को हाथ में लटकाते हुए जा रही थी।

जबकि उसका पति उससे काफी दूरी पर चल रहा था। महिला के पति के लिखित शिकायत पर पुलिस एफआईआर दर्ज कर कर छानबीन में जुट गई है। मामले में थाना प्रभारी जितेंद्र साहू ने बताया कि पुलिस मामला दर्ज कर सीसीटीवी खंगाल अलग-अलग टीम बना जांच में जुटी है।

### घर का ताला तोड़कर चोरी करने के मामला

# तीन दोषी करार, तीन साल की सजा

**दुमका।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी परिधि शर्मा की अदालत ने ताला तोड़कर घर का सामान चोरी करने के मामले में दोषी तीन आरोपी को तीन साल की कैद और 11-11 हजार रुपए जुमार्ना अदा करने की सजा सुनायी है। न्यायालय में सरैयाहाट थाना में दर्ज कांड संख्या 71/2017 में गुरुवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई हुई।

सहायक लोक अभियोजक खुशबुद्दीन अली और बचाव पक्ष की ओर से बहस सुनने के न्यायालय ने नामजद आरोपी शैलेन्द्र तांती, महेंद्र तांती और शीला देवी को दोषी करार दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से चार गवाह की गवाही गुजरी।

न्यायालय ने तीनों दोषसिद्ध आरोपी को भादवि की धारा 380 के तहत तीन-तीन साल की कैद और दस-दस हजार रुपए जुमार्ना अदा करने तथा 448 के तहत एक एक साल की कैद और एक हजार रुपए जुमार्ना अदा करने की सजा सुनायी। दोनों धाराओं के तहत जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर आरोपियों को तीन तीन महीने अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। सुनवाई के दौरान एक आरोपी की मृत्यु हो चुकी थी।

सहायक लोक अभियोजक से मिली जानकारी के मुताबिक सरैयाहाट थाना क्षेत्र के झिलुआ भेलवरी गांव निवासी तारणी तांती के लिखित आवेदन पर 17 सितम्बर 2017 को भादवि की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। जिसमें शैलेन्द्र तांती, शांति देवी,महेंद्र तांती और बलदेव तांती को नामजद आरोपी बनाया गया था।

दर्ज प्राथमिकी के अनुसार सूचक को सूचना मिली कि उक्त नामजद आरोपियों ने बंद घर का ताला तोड़कर घर में रखे मां का सारा सामान गेहूं,चावल, वर्तन,कपड़ा, जेवरात व नकदी राशि के अलावा कुछ कागजात गायब कर दिया है।

यह बात कहने पर उक्त आरोपियों ने सूचक के साथ गाली गलौज किया और लाठी से मारने दौड़ा तथा जान से मारने की धमकी दी।

## निर्दयी बेटा ने डायन बता कर अपनी ही मां को मार डाला

**रानेश्वर।** प्रखंड के सादीपुर पंचायत के बोड़ाबथान गांव में एक निर्दयी बेटा द्वारा अपने माँ का हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के मुताबिक गांव के कांतो हेम्राम ने अपने वृद्ध माँ (65) को डायन बोलकर, समझ कर बुधवार रात को मारपीट कर हत्या कर दिया है। बताया जा रहा है कि कांतो हेम्ब्रम के पत्नी का बीते वर्षों दो बच्चा हुआ था। दोनो बच्चा मर गया था। उसी समय से एवं लोगो के बातों में आकर अपने माँ को डायन समझ कर अक्सर कहा सुनी होते रहता था। बुधवार रात को कांतो शराब के नशे में धुत होकर अपना आपा खो दिया एवं अपनी वृद्ध माँ का हत्या कर दिया। रानेश्वर थाना के पुलिस को सूचना मिलने पर गुरुवार सुबह पुलिस दुर्घटनास्थल पहुचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया है। बताया जा रहा है कि हत्यारा बेटा को पुलिस ने कब्जे में लिया है।

# प्रभारी कुलपति के कारण पदोन्नति समेत शिक्षण कार्यों में हो रही बाधा से कराया अवगत

### एसकेएमयू के शिक्षक संघ स्कमुस्टा ने कुलाधिपति के प्रधान सचिव को लिखा पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय सेवा शिक्षक संघ (स्कमुस्टा) के अध्यक्ष डा विवेकानंद सिंह एवं महासचिव डा कलानंद ठाकुर ने राज्यपाल के प्रधान सचिव को एक पत्र लिखा। पत्र में पिछले 7 माह से कार्यकारी कुलपति को राजभवन के निदेर्शानुसार नीतिगत निर्णय लेने के पूर्व राजभवन से दिशानिर्देश प्राप्त करना आवश्यक बताया है। इस प्रक्रिया के कारण विश्वविद्यालय में आवश्यक कार्यों के संपादन में तकनीकी कठिनाई आ रही है। बताया कि इस कारण से 2010 परिनियम के अंतर्गत शिक्षकों के प्रोन्नति से संबंधित स्क्रीनिंग का कार्य नहीं हो पा रहा है। ज्ञातव्य हो कि इन शिक्षकों की प्रोन्नति 10 वर्ष पूर्व हो जाना था। दूसरा आवश्यक कार्य जो नहीं हो पा रहा है। वह कि झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के दिनांक 24 मई 2023 के आलोक में यूजीसी द्वारा संशोधित रेगुलेशन के संदर्भ में सभी विश्वविद्यालयों से समीक्षा करते हुए उचित प्रस्ताव 15 दिनों के अंदर निदेशक, उच्च शिक्षा, रांची द्वारा मांगा गया था। लेकिन इस पत्र का जवाब अब तक विश्वविद्यालय द्वारा नहीं भेजा जा सका। पत्र में तीसरी मांग संघ ने महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति से किया है कि झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के विभिन्न प्रशासनिक पदों के लिए दिनांक 14 नवंबर 2023 तक आवेदन मांगा गया है। लेकिन प्रोन्नति के आभाव में वर्ष 2008 में नियुक्त शिक्षक 15 वर्षों तक अध्यापक की सेवा करने के बाद भी इसमें आवेदन देने के योग्य नहीं बन सके हैं। जिनके पास शैक्षणिक अर्हता है। जैसे वर्ष 1996 में नियुक्त शिक्षक इनमें ज्यादातर की उम्र अधिकतम निर्धारित 55 वर्ष से अधिक हो गई है।

## एसकेएमयू के पीजी सेमेस्टर 4 का परीक्षाफल हुआ जारी, शत-प्रतिशत छात्र हुए सफल

**दुमका।** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के पीजी सेमेस्टर - 4 का परीक्षा परिणाम गुरुवार को जारी हुआ। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि पीजी सेमेस्टर - 4 का परीक्षा 2023, सत्र 2021-23 कला,विज्ञान एवं वाणिज्य का परीक्षाफल घोषित हुआ है। जिसमें कला संकाय के 1728, विज्ञान संकाय के 445 एवं वाणिज्य संकाय के 85 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण घोषित हुए।

# जयकांत ठाकुर को पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज दिनांक 19.10.2023 को गोड्डा जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश यादव के आगुवाई में गोड्डा जिला कांग्रेस कमेटी के पुर्व अध्यक्ष सह गोड्डा कॉलेज के पूर्व प्राचार्य स्व. जयकांत ठाकुर की पांचवीं पुण्य तिथि के शुभ अवसर पर श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए कांग्रेस कार्यकताओं के द्वारा स्व.ठाकुर जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। दिनेश यादव ने मौके पर कहा कि अदरणीय स्व. ठाकुर जी ने अध्यक्ष पद पर रहते हुए गोड्डा जिला कांग्रेस कमेटी के सभी वर्ग के कार्यकर्ता को एक सूत्र में जोड़ कर कांग्रेस को मजबूती देने में उनका बड़ा योगदान रहा है और भविष्य में ये भुला नहीं जा सकता है , मौके पर सुमित कुमार बिट्टू जी,अभय जयसवाल जी, गुलशन झा जी, सोनी सिंह जी, मो इकराम अंसारी, विनोद भगत, सरोतिया मंडल, मिथिलेश मंडल, बन्टु सिंह, अजय जयसवाल अवं दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# पूजा के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु पदाधिकारियों और पुलिस की गश्त जारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** जिले के मोरडीहा, भगैया, माल मंडरो, चपरी, बनियाडीह, मिश्र गंगटी, ठाकुर गंगटी गांव के दुर्गा मंदिरों में बुधवार को शारदीय नवरात्र से संबंधित पांचवीं तिथि की मां स्कंदमाता के स्वरूप की चंडी पाठ पूजा कराई गई। सभी गांव के मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है ।सभी जगह पर कई तोरण द्वार और भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है।

स्थानीय के साथ-साथ पश्चिम बंगाल और दूर दराज के कलाकार द्वारा प्रतिमा और पंडाल को आकर्षक ढंग से अंतिम सजाया गया हैं। सभी जगह के दुर्गा पूजा समिति के सदस्य साफ सफाई के प्रति सजग दिखाई पड़ रहे हैं ।साथ ही साथ सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम को लेकर ग्रामीण नवयुवकों को स्वयंसेवक के रूप में बहाल किया गया है। हालांकि ठाकुर गंगटी थाना की पुलिस और प्रखंड के प्रशासनिक अधिकारी भी लगातार गश्ती करते दिखाई पड़ रहे हैं। सभी मंदिरों में संध्या पूजा के समय ढोल बजा बजाया जा रहा है ।महिला श्रद्धालु देवी गीत गाती है। पुरुष कीर्तन भजन करते हैं। प्रोजेक्टर के माध्यम से पर्दे पर रामायण , महाभारत आदि धार्मिक कथा भी दिखाई जा रही है। मोरडीहा दुर्गा मंदिर में महिला,पुरुष, युवक, युवती नवरात्र के उपासकों की शुरू से ही भीड़ लग रही है। सभी मंदिरों के निकट मेला भी लगनी शुरू हो गई है। पूजन सामग्री,श्रृंगार, जलपान, मिष्ठान,खिलौना आदि कई प्रकार की दुकान भी सजने लगी है। दूर दराज में रहने वाले और बाहर नौकरी पेसे और काम करने वाले लोगों का भी अपने-अपने गांव में आना शुरू हो गया है। सभी चौक,चौराहा और बाजारों के साथ-साथ गांव में भी हलचल का माहौल हो गया है। मोरडीहा दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष जयकांत यादव ने बताया कि विगत वर्षों की तरह प्रखंड थाना से लेकर जिले तक के प्रशासनिक , पुलिस आदि अधिकारियों को मंदिर परिसर में आने के लिए आमंत्रण कार्ड भेजा जा रहा है ।दुर्गा पूजा समिति के साथ-साथ निर्माण समिति , बजरंग दल युवा शक्ति संघ के नवयुवक सहित विभिन्न गांवों के सम्पूर्ण निवासी सहयोग कर रहे हैं। प्रचलित परासी मोड़ चौक,प्रखंड मुख्यालय चौक,भगैया,माल मंदिरो,चपरी, रूंजी आदि चौक बाजार के दुकानों में पूजन सामग्री,कपड़े,फल, मिष्ठान आदि खरीदारी करने वालीं की भीड़ लग रही है। सड़क पर चल रही भाड़े की गाड़ियों में भी आवागमन करने वालों की भीड़ देखी जा रही है ।माल मंडरो दुर्गा मंदिर पंडाल में दूसरी पूजा से ही राम कथा ज्ञान यज्ञ प्रत्येक संध्या जारी है अयोध्या से कृपा कर पधारी देवी प्रेम सखी जी राम कथा के माध्यम से ज्ञान वर्षा कर रही है प्रत्येक संध्या 7:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक राम कथा सुनाई जा रही है। माल मंडरो के विभिन्न टोला के साथ-साथ इलाके के दर्जनों गांव के सैकड़ो श्रद्धालु राम कथा रसपान कर ज्ञान अर्जित करने में लगे हुए हैं। मोरडीहा दुर्गा मंदिर के कुल पुरोहित पंकज कुमार झा ने बताया की शुक्रवार को षष्ठी पूजा के अवसर पर बेल निमंत्रण दिया जाएगा। शनिवार को सप्तमी पूजा की पाठ होगी। शनिवार सप्तमी पूजा की रात्रि 10 बजे से पूजा पाठ कर पिंडी पर प्रतिमा स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। उसके बाद प्रतिमा का पट खुलेगा और श्रद्धालु दर्शन करना शुरू करेंगे।

एक नजर में

## बंदोबस्त पदाधिकारी सुनील कुमार के खिलाफ एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज

**दुमका।** बंदोबस्त पदाधिकारी सुनील कुमार के खिलाफ अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति थाना में एससी/एसटी एक्ट के तहत गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज हुई। प्राथमिकी दर्ज सदर प्रखंड के पुराना दुमका निवासी सुनीता मरांडी ने दर्ज कराया। पीड़िता सुनीता मरांडी ने लिखित आवेदन में बताया कि बीते 12 अक्टूबर को दोपहर एक बजे के करीब वह सहयोगी रीता टोप्पो आरटीआई आवेदन लेकर बंदोबस्त कार्यालय पहुंची थी ।जहां बंदोबस्त पदाधिकारी आवेदन देख आग बबूला होते हुए गाली-गलौज एवं जाति सूचक गाली देते हुए धक्का देकर चेम्बर से निकाल दिया ।पीड़िता सुनीता मरांडी ने दावा किया है कि सारी घटना कार्यालय के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। बंदोबस्त पदाधिकारी के रवैये का पुरजोर विरोध किया।आवेदन में बताया कि बंदोबस्त पदाधिकारी का रैयतों व अधिवक्ताओ के खिलाफ भी ठीक नहीं है। मामले में थाना प्रभारी सुजीत उरांव ने बताया कि पीड़िता के लिखित शिकायत पर थाना कांड संख्या 7/23 के तहत भादवी की धारा 341,323,504,506,354 एवं 3(आई)(आर)(एस)एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। यहां बता दें कि पीड़िता सुनीता मरांडी सत्ताधारी दल झामुमो से जुड़ी है ।इससे पहले दो बीडीओ पर एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। जिसमे सदर प्रखंड के बीडीओ और गोपीकांदर के बीडीओ पर भी मामला दर्ज हुआ था। हालांकि सभी अपने कार्यकाल बखूबी पूरा किया ।छानबीन में पुलिस को अधिकारियों के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला। मामले में बंदोबस्त पदाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में पूर्व में ही नगर थाना पुलिस को लिखित सूचना दी गई है। मेरे ऊपर लगे आरोप पूरी तरह झूठा एवं बेबुनियाद है।

## अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त संस्थान में दी जाएगी बच्चों व प्रशिक्षु को प्रशिक्षण : निदेशक

**कोडरमा।** नित्या स्किल डेवलपमेंट सेंटर का उद्घाटन मां दुर्गा कॉम्पलेक्स बाजार रोड डोमचांच में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस दौरान नित्या स्किल डेवलपमेंट सेंटर के संचालक राघव ने बताया कि अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नित्या स्किल डेवलपमेंट सेंटर में सभी प्रकार के विद्यार्थियों को स्किल डेवलपमेंट सहित तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा, साथ ही उन्होंने बताया कि प्रशिक्षु को अलग अलग आईटी. कंपनी में प्लेसमेंट के लिए असिस्ट किया जाएगा। जिससे वह रोजगार प्राप्त कर सकें। मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त ने सीएसआर के तहत क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सीएसआर के तहत क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त द्वारा सबंधित सभी कंपनी से सीएसआर के तहत राशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया, ताकि उक्त राशि से जिले के विकास हेतु उपयोग किया जा सके। बैठक में डीडीसी ऋतुराज, सीएस डॉ. अनिल कुमार, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुजुर, डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा, विभिन्न कंपनी के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि मौजूद थे।

## आंगनवाड़ी सेविकाओं को दी गयी पूर्व प्राथमिकता शिक्षा से संबंधित प्रशिक्षण

**कोडरमा।** जिले के आंगनवाड़ी सेविकाओं को पूर्व प्राथमिकता शिक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें बच्चों में भाषा विकास, सामाजिक व भावनात्मक विकास, संज्ञानात्मक विकास समेत कई बिंदुओं पर प्रशिक्षण तितली फाउंडेशन के माध्यम से दिया गया। वहीं प्रशिक्षण प्राप्त सेविकाओं को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज व डीडीसी ऋतुराज द्वारा सेविकाओं को कौशल योग्यता प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। उपायुक्त ने सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाई को लेकर आत्म विश्वास बढ़ाये, बच्चों का मूल्यांकन के लिए मूल्यवान कार्ड बनाये, बच्चों के लर्निंग क्षमता को बढ़ाये। उपायुक्त ने आंगनवाड़ी केन्द्रों में चलने वाली ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस को लेकर सभी सेविकाओं को मनिटरिंग करने, ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के दिन बच्चों का टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच से संबंधित सारे प्रक्रियाओं को करने, सेविकाओं को अपने स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास करने को कहा। साथ ही आंगनवाड़ी केन्द्रों के मूलभूत सुविधाओं को लेकर दुरुस्त करने की भी बात कही। मौके पर डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा, एपीआरओ अविनाश कुमार, तितली फाउंडेशन के प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

## विशाल इण्डेन गैस उज्जला योजना फेज 2 गैस कनेक्शन एवं बुकिंग काउंटर का उद्घाटन

**इटखोरी।** इटखोरी गांधी चौक स्थित पूर्व शिक्षक रामचन्द्र सिंह के मकान में विशाल इण्डेन ग्रामीण वितरक के तत्वाधान में विशाल इण्डेन गैस उज्जला योजना फेज 2 गैस कनेक्शन एवं बुकिंग काउंटर का उद्धाटन किया गया। उद्घाटन फीता काट कर भाजपा जिला महामंत्री डॉ मृत्युंजय सिंह श्याम प्रसाद सिंह मंत्री शतिष सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया । इस मौके पर मुखीया सह मुखीया संघ के अध्यक्ष रंजय भारती रामचन्द्र सिंह राजकुमार सिंह विकास कुमार सिंह रामा शंकर राम सुभाष सिंह अंजू सिंह संजय रजक समेत अन्य उपस्थित थे । इस मौके पर वितरक गोपाल सिंह ने कहा कि मेरे काउंटर में उज्जला फेज 2 का नया कनेक्शन मोबाइल रजिस्टर समेत अन्य कार्य किये जायेंगे।

## नक्सली संगठन के नाम पर रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र में माओवादी व टीएसपीसी नक्सली संगठन के नाम से संवेदकों से रंगदारी मांगने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस ने करवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार द्वारा एक पखवाड़ा पूर्व थाना क्षेत्र के गंगापुर में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से बन रहे जलमिनर कार्य को रंगदारी के मांग को लेकर असामाजिक तत्वों द्वारा बंद करने के साथ मजदूरों के साथ मारपीट करते हुए मोबाइल छीन लिया था। इस बाबत कांड संख्या 69/23 में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की अनुसंधान में पुलिस जुट गई थी। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देशन में सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया।

## जीएस पब्लिक स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाया गया

**डोमचांच (कोडरमा)।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत जीएस.पब्लिक स्कूल में बच्चों के द्वारा पेंटिंग व स्पीच प्रतियोगिता तथा कोटेशन के माध्यम से समाज को स्वच्छ भारत मिशन के तहत जागरूक किया गया। वहीं लोगों को अपने-अपने घरों के आस-पास गांव मोहल्ला स्वच्छ रखने के बारे में जागरूक किया गया। देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ भारत का निर्माण करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। महात्मा गांधी ने अपने आस-पास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने लिए राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। कार्यक्रम में प्रदीप सिंह, नितेश कुमार, नीरज कुमार, प्रतिमा कुमारी, सोनी चंदन, गुलाबचंद शाह, इलियास अंसारी, सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा बच्चे मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में यह कहा जब हमारा भारत स्वच्छ होगा तभी तो हर सपना सच होगा।